सूर्योदय 5:52 सूर्यास्त 6:57

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 20 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82000.71 |
| निफ्टी | 25,083.75 |
| सोना | 99,147 |
| चांदी | 1,12,690 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



रणजी ट्रॉफी से पहले रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 | 7 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 234, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### हैदराबाद में एक घर में मिले पांच लोगों के शव

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां पर एक घर में पांच लोगों के शव मिले हैं। इससे आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान पड़ोसी राज्य कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के निवासी के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार, पूरे मामले में आत्महत्या का संदेह है। मृतकों में एक 60 वर्षीय व्यक्ति, उसकी 55 वर्षीय पत्नी, दामाद, बेटी और दो साल की पोती शामिल हैं। घटना की जानकारी होते ही मौके पर मियापुर थाने की एक टीम मौके पर पहुंची। इस मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऐसा संदेह है कि उन्होंने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### हमले के बाद दिल्ली की सीएम को जेड सिक्योरिटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री



रेखा गुप्ता को केंद्र सरकार ने जेड कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। अब उनकी सिक्योरिटी में 22 से 25 हथियारबंद जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे। गुप्ता और उनके आधिकारिक आवास की सुरक्षा अर्धसैनिक बल का वीआईपी सिक्योरिटी ग्रुप करेगा। यह ग्रुप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा में भी तैनात है। दरअसल, सीएम रेखा पर 20 अगस्त की सुबह करीब 8:15 बजे जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। आरोपी गुजरात के राजकोट का रहने वाला राजेशभाई खीमजी है, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था। (अनंत ज्ञान)

### इमरान खान को आठ मामलों में मिली जमानत

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 9 मई 2023 के दंगों से जुड़े 8 मामलों में जमानत दे दी। इमरान खान के समर्थकों ने 9 मई को रावलपिंडी में सेना के जनरल हेडक्वार्टर्स और लाहौर में सैन्य अधिकारियों के घर पर हमला किया था। इमरान खान पर आरोप था कि उन्होंने इस दंगे की साजिश रची थी। इमरान की जमानत का फैसला मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने सुनाया। इमरान फिलहाल रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद भी इमरान जेल से रिहा नहीं होंगे, क्योंकि उनके खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं और वे 50 अरब पाकिस्तानी रुपए के भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कोहली-मट्नसिद्ध एनएच पर अब नहीं लगेंगे हिचकोले -पेज 2
- भाजपा को विपक्ष में जाने के बाद आई कर्मचारियों की याद: सुक्खू -पेज 3
- मुल्थान में होगा जिले का पहला जापानी फल क्लस्टर -पेज 5
- सेब की बोरियों का अंबार, थमी उठान की रफ्तार -पेज 6
- सरकाघाट अस्पताल खस्ताहाल में : मनीष कंवर -पेज 9


# कर्मचारियों के डीए पर हंगामा

## असंतुष्ट विपक्ष ने किया वॉकआउट, सीएम बोले- चरणबद्ध तरीके से देंगे डीए

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का चौथा दिन वीरवार पूरी तरह कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते (डीए) के मुद्दे पर गरमाया रहा। प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी भाजपा विधायकों ने सरकार को आड़े हाथ लिया और मुख्यमंत्री से ठोस जवाब मांगा। सरकार के आश्वासन से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन में नारेबाजी की और वेल तक पहुंचकर हंगामा करते हुए वॉकआउट कर दिया।

प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने सवाल उठाया कि जुलाई 2023 से जनवरी 2024 तक 11 प्रतिशत डीए की तीन किस्तें बकाया हैं। उन्होंने श्रेणीवार कर्मचारियों के लंबित भुगतान, छठे वेतन आयोग की देनदारियां और पेंशनभोगियों के 42 माह के डीए के बकाए का भी हवाला दिया। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बजट सत्र में मई तक डीए जारी करने की घोषणा हुई थी, परंतु अगस्त समाप्त होने को है और अभी तक आदेश जारी नहीं हुए। इसे उन्होंने कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी बताया।

### भाजपा सरकार से विरासत में मिली वित्तीय तंगी से जूझ रहे: मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जवाब में कहा कि उनकी सरकार पिछली भाजपा सरकार से विरासत में मिली वित्तीय तंगी से जूझ रही है। ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली से राज्य पर लगभग 4800 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। बावजूद इसके उनकी सरकार ने पूर्व भाजपा शासन से लंबित 4.3 फीसदी डीए का बकाया चुका दिया है और 70 से 75 वर्ष तथा 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कर्मचारियों का भुगतान कर दिया गया है। सुक्खू ने विपक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति सुधरते ही कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की किस्त सहित सभी बकाया चरणबद्ध ढंग से जारी किए जाएंगे।



विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**जयराम ने कहा- मई में की थी घोषणा, जो अभी तक नहीं हुई पूरी**



### टालमटोल पर विपक्ष नाखुश

**मुख्यमंत्री** के इस बयान पर विपक्षी दल संतुष्ट नहीं हुआ। भाजपा विधायकों ने इसे टालमटोल भरा उत्तर बताते हुए अध्यक्ष के आसन के समीप जाकर नारेबाजी की। माहौल बिगड़ता देख भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर सरकार के खिलाफ विरोध व नाराजगी दर्ज करवाई।

# बाली के सरकारी आवास के लाखों के बिजली बिल पर गरमाया सदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मानसून सत्र के चौथे दिन सदन में बिजली बिल का मुद्दा गूंज उठा। नगरोटा बगवां के कांग्रेस विधायक रघुबीर सिंह बाली ने उनके सरकारी आवास का 6.78 लाख रुपए का बिजली बिल आने का मामला सदन में उठाया। बाली ने कहा कि विधानसभा सदस्य सुधीर शर्मा द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में गलत जानकारी साझा की गई है। उनके 14 महीने का गलत बिल दिखाया गया और इसे सोशल मीडिया पर भी प्रचारित किया गया, जिससे उन्हें ठेस पहुंची। उन्होंने चेतावनी दी कि वे इस मामले को विशेषाधिकार हनन में भी ले जा सकते हैं। वहीं, सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि बिल गलत तरीके से दर्शाया गया है और यदि किसी अधिकारी की गलती पाई जाती है, तो कार्रवाई होगी। उधर, विस अध्यक्ष पठानिया ने कहा कि यदि मांगी गई अवधि की सही जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई है तो यह गंभीर मामला है।

**बाली बोले- गलत जानकारी दी गई सोशल मीडिया पर हुआ प्रचार**

**सीएम ने कहा गलती करने वाले अधिकारी पर की जाएगी कार्रवाई**

### खुद दूंगा सरकारी आवास का बिजली का बिल: आरएस बाली



**बिजली** बिल के मुद्दे पर उखड़े आरएस बाली ने सदन के बाहर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई दी। उन्होंने कहा कि वह निजी तौर पर अपने घर और कारोबार का हर साल करीब 1 करोड़ 75 लाख रुपए का बिजली बिल भरते हैं। उन्हें जानबूझकर बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि गाड़ी और दफ्तर के अलावा उन्होंने कोई सरकारी सुविधा नहीं ली है और कैबिनेट रैंक की अधिकांश सुविधाओं का भी उपयोग नहीं कर रहे हैं। बाली ने बताया कि 53 मील से 61 मील तक की स्ट्रीट लाइट का बिल और 166 बिजली के पोल का खर्च भी वह निजी तौर पर उठाते हैं। सराज में आई आपदा के लिए 11 लाख रुपए की मदद भी दी थी, लेकिन इन कार्यों का कभी प्रचार नहीं किया। बाली ने कहा कि आज से मैं अपने सरकारी आवास का बिजली का बिल खुद भरूंगा। मैं पर्यटन निगम के होटलों में अगर चाय भी पीता हूं तो उसका बिल भी खुद देता हूं और 2 साल में मैंने बतौर चेयरमैन 7 लाख 90 हजार के खाने और चाय का बिल निजी तौर पर दिया है। बाली ने कहा कि मेरा बिजली का बिल जानबूझकर गलत बताया गया और अब स्पीकर ने और सरकार ने इसकी जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# जीएसटी में 4 की जगह अब 2 स्लैब होंगे

## जीओएम ने पांच और 18 प्रतिशत स्लैब को दे दी मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली

जीएसटी काउंसिल के मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने जीएसटी के 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब को मंजूरी दे दी है। जीओएम के संयोजक सम्राट चौधरी ने इसकी जानकारी दी। अभी जीएसटी के 4 स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत होते हैं। चौधरी ने कहा कि हमने केंद्र सरकार के प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के जीएसटी स्लैब को खत्म करने की बात है। सभी राज्यों ने केंद्र के प्रस्तावों पर अपने सुझाव दिए। इसे अब जीएसटी काउंसिल के पास भेजा गया है, जो इस पर फैसला लेगी। (अनंत ज्ञान)





### इन आइटम्स पर 12 से घटकर 5 % होगा जीएसटी

**अभी** जो आइटम्स 12 प्रतिशत के टैक्स स्लैब में आती हैं, दो स्लैब की मंजूरी के बाद उन पर 5 प्रतिशत ही टैक्स लगेगा। इससे सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल, सामान्य एंटीबायोटिक्स, पेनकिलर दवाएं, प्रोसेस्ड फूड, स्नैक्स, फ्रोजन सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल, कुछ कंप्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, गीजर जैसी चीजें सस्ती होंगी। इनके अलावा बिना बिजली वाले पानी के फिल्टर, इलेक्ट्रिक आयरन, वैक्यूम क्लीनर, 1000 रुपए से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500-1000 रुपए की रेंज वाले जूते, ज्यादातर वैक्सीन, एचआईवी/टीबी डायग्नोस्टिक किट, साइकिल, बर्तन पर भी कम टैक्स लगेगा। ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, ग्लोब, ग्लेज्ड टाइल्स, वेंडिंग मशीन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर जैसे प्रोडक्ट भी सस्ते होंगे।

### इन पर 18 प्रतिशत लगेगा जीएसटी

**अभी** जो आइटम्स 28 प्रतिशत के टैक्स स्लैब में आती हैं, दो स्लैब की मंजूरी के बाद उन पर 18 प्रतिशत ही टैक्स लगेगा। इससे सीमेंट, ब्यूटी प्रोडक्ट, चॉकलेट, रेडी-मिक्स कंक्रीट, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, डिशवॉशर, निजी विमान, प्रोटीन कॉन्सेंट्रेट, चीनी सिरप, कॉफी कॉन्सेंट्रेट, प्लास्टिक प्रोडक्ट, रबर टायर, एल्युमिनियम फॉयल, टेम्पर्ड ग्लास, प्रिंटर, रेजर, मैनिक्योर किट, डेंटल फ्लॉस आदि सामान सस्ते हो जाएंगे।

### उपराष्ट्रपति चुनाव: विपक्ष के प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी ने भरा नामांकन



नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने वीरवार को नामांकन भरा। खड़गे समेत 20 नेता प्रस्तावक बने। नामांकन के समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, शरद पवार सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। रेड्डी ने नामांकन दाखिल करने से पहले संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। नामांकन दाखिल करने के बाद रेड्डी ने कहा कि यह चुनाव केवल एक व्यक्ति का चुनाव नहीं है, बल्कि भारत के उस विचार से जुड़ा है, जहां संसद ईमानदारी से काम करती है, असहमति का सम्मान किया जाता है और संस्थाएं स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करती हैं।

# राज्यसभा से भी ऑनलाइन गेमिंग बिल पास

## मानसून सत्र के आखिरी दिन भी हुआ हंगामा, खड़गे ने फिर उठाया एसआईआर का मुद्दा

एजेंसी, नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन वीरवार को राज्यसभा में ऑनलाइन गेमिंग बिल पेश किया गया और यह पारित भी हो गया। राज्यसभा की कार्यवाही दो बजे शुरू होने के बाद सदन में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिल पेश किया और कहा कि ऑनलाइन गेमिंग की समस्या ड्रग्स जैसी लत बन चुकी है और इसमें कई लोग अपनी जीवनभर की कमाई गंवा चुके हैं। इस दौरान विपक्ष का हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच खड़गे ने फिर से एसआईआर के मुद्दे पर बोलने की कोशिश की तो सभापति ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने खड़गे के प्रति नाराजगी जाहिर की। इससे दोनों के बीच बहस भी हुई।

**सत्र में लोकसभा में 12 व राज्यसभा में 15 विधेयक पास**

आखिरी दिन भी हंगामा जारी रहा और हंगामे के चलते दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए। एक महीने लंबे सत्र के दौरान लोकसभा ने 12 और राज्यसभा ने 15 विधेयक पास किए गए। (अनंत ज्ञान)

### पीएम ने की ऑनलाइन गेमिंग बिल की तारीफ

**संसद** के आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद पीएम मोदी ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं के साथ चाय पर बैठक की। बैठक में बातचीत के दौरान ऑनलाइन गेमिंग बिल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऐसा कानून है जिसका दूरगामी असर होगा और जिस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

### बोले-कांग्रेस के युवा नेताओं से घबराते हैं राहुल



**पीएम** मोदी ने कहा कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस में कई युवा और प्रतिभाशाली नेता हैं, लेकिन परिवारवाद और असुरक्षा के कारण उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलता है। कांग्रेस के युवा नेताओं की मौजूदगी से राहुल गांधी असुरक्षित और घबराए हुए महसूस करते हैं। पीएम ने विपक्ष की आलोचना भी की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण बिलों पर बहस करने के बजाए हंगामा किया।

### यूएस को स्मार्टफोन निर्यात में भारत ने चीन को पछाड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। शोध फर्म कैनालिस ने यह दावा किया है। फर्म के अनुसार, मेक इन इंडिया और उत्पदान से जुड़े प्रोत्साहन जैसी योजनाओं ने इलेक्टॉनिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसमें कहा गया कि इस कैलेंडर वर्ष की दूसरी तिमाही यानी अप्रैल से जून में भारत ने चीन से ज्यादा अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात किया। अमेरिकी निर्यात में मेड इन इंडिया स्मार्टफोन की हिस्सेदारी अप्रैल-जून 2025 के दौरान बढ़कर 44 प्रतिशत हो गई। यह 2024 की इसी तिमाही के 13 प्रतिशत से तेज वृद्धि है। इसी अवधि में चीन की हिस्सेदारी एक साल पहले 61 प्रतिशत से घटकर महज 25 प्रतिशत रह गई। कैनालिस के अनुसार, यह वृद्धि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में एक दशक से चल रहे बदलाव का परिणाम है। पिछले महीने, इलेक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया गया था कि 2014-15 और 2024-25 के बीच, भारत के इल्केट्रॉनिक्स और मोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव आया है। इस अवधि के दौरान निर्यात 38,000 करोड़ से बढ़कर 3.27 लाख करोड़ हो गया। (अनंत ज्ञान)

# आवारा कुत्तों को हटाने के खिलाफ अर्जी पर जल्द सुनवाई से इनकार

## दिल्ली में स्ट्रे डॉग्स को सड़कों से हटाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली में आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाने के मुद्दे पर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक नई अर्जी पर तुरंत सुनवाई करने से मना कर दिया है।

यह अर्जी दिल्ली नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को उठाने के लिए जारी किए गए एक नोटिफिकेशन के खिलाफ दायर की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कोर्ट में यह तर्क दिया कि दिल्ली नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले का इंतजार किए बिना यह नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। वकील का कहना है कि यह न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच को अभी यह तय करना बाकी है कि आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में रखने का दो जजों की बेंच का पुराना आदेश बरकरार रखा जाए या नहीं। (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की दलील

### राज्यों को आपस में बातचीत कर निपटाने चाहिए विवाद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वीरवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर राज्यपाल विधेयकों पर कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो राज्यों को कोर्ट की बजाए बातचीत से हल निकालना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान अदालतें नहीं हो सकतीं। लोकतंत्र में संवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमारे यहां दशकों से यही प्रथा रही है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने वीरवार को लगातार तीसरे दिन 'भारत के राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से बिल को मंजूरी, रोक या रिजर्वेशन' मामले की सुनवाई की।

# हिमाचल सरकार फिर लेगी 1500 करोड़ रुपए का कर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए एक और कर्ज लेने जा रही है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार 1500 करोड़ रुपए का नया ऋण उठाएगी। इससे बीते दो महीनों में लिया गया कुल कर्ज 2500 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। वित्त विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

**दो माह में 2500 करोड़ रुपए तक पहुंचा आंकड़ा**

राज्य सरकार 500 करोड़ रुपए का ऋण दस साल की अवधि के लिए और 1000 करोड़ रुपए का ऋण 15 साल की अवधि के लिए लेगी। यह राशि भारतीय रिजर्व बैंक की नीलामी के बाद राज्य सरकार के खजाने में आएगी। जुलाई माह के अंत में सरकार पहले ही 1000 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। इस प्रकार महज दो माह में कुल कर्ज का आंकड़ा 2500 करोड़ रुपए हो जाएगा।

### 28 अगस्त को आएगी राशि

**यह** रकम 28 अगस्त को सरकार के खजाने में जमा हो जाएगी। विधानसभा के मानसून सत्र में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते का मुद्दा उठा था, उस समय सरकार ने कहा था कि आर्थिक स्थिति सुधरने पर डीए जारी किया जाएगा। वर्तमान में 13 प्रतिशत डीए लंबित है, जिसके लिए कम से कम 2200 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी।

### राज्य पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज

**हिमाचल** सरकार पर इस समय एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। हर माह वेतन और पेंशन के लिए लगभग दो हजार करोड़ रुपए की आवश्यकता होती है। ऐसे में सरकार को वित्तीय प्रबंधन के लिए नए कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) भी राज्य की कर्ज स्थिति को लेकर समय-समय पर चेतावनी देता रहा है।

**स्वास्थ्य** बिलासपुर में होगा थायरॉयड, लिवर, प्रोस्टेट, ब्रेन ट्यूमर व न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर जैसे कैंसर का इलाज

# अब सिर्फ इलाज नहीं, आपदा में राहत भी देगा एम्स बिलासपुर

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर जहां एक ओर एडवांस टेक्नोलॉजी से लैस न्यूक्लियर मेडिसिन सेंटर से गंभीर कैंसर रोगियों को जीवनदान देने लगा है, वहीं दूसरी ओर भीष्म क्यूब्स जैसी सुविधा ने इसे आपात चिकित्सा राहत का राष्ट्रीय हब बना दिया है। हाल ही में एम्स बिलासपुर में 30.43 करोड़ रुपए की लागत से बने न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग का उद्घाटन हुआ है। यह विभाग पेट/सीटी, स्पेक्ट/सीटी स्कैन, रेडियोफार्मेसी यूनिट और थैरेपी वार्ड जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इससे अब थायरॉयड, लिवर, प्रोस्टेट, ब्रेन ट्यूमर और न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर जैसे जटिल कैंसरों का इलाज बिलासपुर में ही संभव हो गया है।

**अब लाखों रुपए खर्च कर दिल्ली या चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा**





एम्स बिलासपुर की फाइल फोटो

इससे भी बड़ी राहत की बात यह है कि यह सुविधाएं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम जय) और हिमकेयर योजना के तहत निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। यानी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अब लाखों रुपए खर्च कर दिल्ली या चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। एम्स बिलासपुर की गंभीर बीमारियों के इलाज और आपदा चिकित्सा में दोहरी भूमिका इसे देश के उन चुनिंदा संस्थानों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर रही है, जहां सिर्फ इलाज ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभाई जा रही है।

### पूर्ण हेल्थ हब की ओर बढ़ रहा एम्स बिलासपुर: डॉ. डीएन शर्मा



**एम्स** बिलासपुर के कार्यकारी निदेशक डॉ. प्रो. डीएन शर्मा ने बताया कि एम्स बिलासपुर एक पूर्ण हेल्थ हब की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमारे संस्थान की कोशिश है कि हम सिर्फ बीमारियों के इलाज तक सीमित न रहें, बल्कि देश और समाज के हर संकट में सक्रिय भूमिका निभा सकें। जल्द ही यहां बोन मैरो ट्रांसप्लांट, स्टेम सेल थैरेपी और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन कोर्स भी शुरू होने वाले हैं।

### आपदा की घड़ी में 'मोबाइल एम्स' की निभाएगा भूमिका

**एम्स** बिलासपुर को अब प्रधानमंत्री आरोग्य मैत्री योजना के तहत भीष्म क्यूब्स से भी लैस कर दिया गया है। ये क्यूब्स दरअसल पूरी तरह आईसीयू सक्षम मोबाइल मेडिकल यूनिट्स हैं, जिन्हें किसी भी आपदा क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर तैनात किया जा सकता है। हर क्यूब में ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, मॉनिटर, दवाइयां और स्टाफ की जरूरी सुविधाएं होती हैं। इन क्यूब्स की मदद से एम्स अब भूकंप, बाढ़, युद्ध जैसी स्थितियों में भी 'मोबाइल एम्स' के रूप में राहत पहुंचा सकेगा। यह पहल हिमाचल जैसे भूस्खलन और प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त राज्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### मलहेड़ा के सैनिक की हृदयगति रुकने से मौत

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल की झंझयानी पंचायत के मलहेड़ा गांव के सैनिक 36 वर्षीय मनदीप ठाकुर पुत्र रणवीर ठाकुर पठानकोट में ग्रिप कोर में अपनी सेवाएं दे रहे थे कि पिछले कल उनका हृदयगति रुक जाने से देहांत हो गया। मृतक का पार्थिव शरीर जैसे ही सैनिक गाड़ी में उसके पैतृक गांव पहुंचा, चारों तरफ मातम छा गया। इस अवसर पर पुलिस की एक टुकड़ी भी पहुंची थी जिसने पूरे सैन्य सम्मान के साथ मृतक मनदीप ठाकुर को अंतिम विदाई दी। जानकारी के अनुसार दिवंगत मनदीप अपने पीछे पत्नी अर् दो छोटे बच्चे छोड़ गया है।

### प्रबंधक समिति के चुनाव 16 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी ब्लॉक की दी लत्यार प्राथमिक कृषि सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए नामांकन 2 सितंबर को होंगे व चुनाव 16 सितंबर को होंगे। यह जानकारी चुनाव अधिकारी सुनील कुमार ने दी।

### टौणी देवी में नशा मुक्त समाज का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में 'नशा मुक्त भारत' विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मनोज भारद्वाज ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इससे दूर रहने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने शिक्षा के सही उद्देश्य पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन लीना ने किया। लगभग 350 विद्यार्थियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नशामुक्त समाज का संकल्प लिया और पोषण सामग्री वितरित की गई।

### अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें बुजुर्ग : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर ने वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव कुलदीप शर्मा ने की। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर संपत्ति संबंधी मामलों में सजग रहने की सलाह दी। ठगी से बचाव और मुफ्त कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी भी दी गई। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम-2007 पर विशेष चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति सदैव सचेत रहना चाहिए।

### हिंद संग्राम परिषद ने मंडी प्रभावितों को भेजी राहत सामग्री



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिंद संग्राम परिषद इकाई नादौन की बैठक जलाड़ी में वरिष्ठ समाजसेवी गुरदयाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा, बैंक मैनेजर सुदर्शन जरियाल, समाजसेवी जगजीत सिंह, जसविंदर सिंह, कुलदीप सिंह व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि इस आपदा में फंसे लोगों के लिए राहत सामग्री का इंतजाम करके मंडी मे भेजी जाए ताकि इस पुनीत कार्य में थोड़ा सा योगदान संस्थाएं व समाजसेवियों की ओर से भी किया जाए। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन जरियाल ने बताया कि इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा की अपील पर समाजसेवियों ने पचास हरियाली चावल 11 क्विंटल, दाल 2 क्विंटल सहित अन्य सामग्री आपदाग्रस्त इलाके जिला मंडी में भेजी गई। संस्था के वरिष्ठ सलाहकार गुरदयाल सिंह ने कहा कि यह संस्था राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा के नेतृत्व में कार्य कर रही है।

### करियर काउंसिलिंग व प्लेसमेंट की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में करियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एकदिवसीय करियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराना, रोजगार के अवसरों से अवगत कराना तथा उन्हें आत्मविश्वास के साथ भविष्य की योजना बनाने में सहयोग देना रहा। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं पेशेवर दृष्टिकोण को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि करियर की स्पष्ट समझ, मानसिक दृढ़ता और व्यवहारिक कौशल की भी आवश्यकता है।

### हैप्स में स्वस्तिवाचन से संस्कृत दिवस का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में संस्कृत दिवस के शुभारंभ पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। श्रेया, नव्या, रिधिमा डोगरा, रिधिमा, वारुणी, शानवी शर्मा, अयाना, ताशवी, अर्पिता, अर्शिका, अनवेशा, अनवी ठाकुर, वर्निका, कनिका, काव्या व अमायरा ने संस्कृत में प्रार्थना का गायन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शशि वाला व संस्कृत अध्यापक विनोद शर्मा, आशीष शर्मा, समन्वयक नीता सिंह, पूजा शर्मा, माया शर्मा, रोहित अग्निहोत्री व अध्यापक वर्ग नत्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। शौर्य, तन्मय, अर्पित कार्तिकेय, ओमल, अभिमन्यु व दिव्यांश ने शंख ध्वनि के साथ-साथ स्वस्तिवाचन किया। छात्र शौर्य ने प्रार्थना आदेश, प्रार्थना व रुद्रा ने प्रतिज्ञा संस्कृत में दिलाई। शानवी ने श्लोकोच्चारण, क्षीरिन ने भाषण व अंजलि, नमी ने संस्कृत गीतिका प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा में उपस्थित छात्रों को खूब तालियां बटोरी। प्राचार्य ने सभी अध्यापक वर्ग को मनाए जा रहे विशेष संस्कृत दिवस की हार्दिक बधाई दी।

### तकनीकी विवि में काउंसिलिंग का शेड्यूल समाप्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर द्वारा जारी किए गए काउंसिलिंग शेड्यूल के अनुसार वीरवार को बीटेक (लेटरल एंट्री) की काउंसिलिंग आयोजित की गई। वीरवार को अंतिम राउंड की काउंसिलिंग कर ली गई है, अब 23 अगस्त के बाद विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों से डाटा आने के बाद स्पॉट काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। वीरवार को बीटेक लेटरल एंट्री की काउंसिलिंग में डिप्लोमा की मेरिट के आधार पर 135 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई, उन्हें 23 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलसचिव केडी कंवर ने बताया कि सीटें खाली होने के बाद स्पॉट काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी।

### भोटा स्कूल में भारत स्काउट एंड गाइड का सोपान शुरू

**संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में तृतीय सोपान भारत स्काऊट एंड गाइड का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष चंद डटवालिया ने किया। इस उपलक्ष पर स्काऊट एंड गाइड के बच्चों ने स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में 66 सीनियर सेकेंडरी स्कूल, 29 हाई स्कूल और 2 प्राइवेट स्कूल के कुल 300 गाइड ने भाग लिया। यह स्काऊट एंड गाइड का शिविर 21 से 25 अगस्त तक चलेगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सनम ने मुख्य अतिथि व आए हुए गणमान्य मेहमानों का स्वागत किया और मुख्य अतिथि को स्कूल की गतिविधियों से अवगत करवाया।

### गैस सिलेंडर के परिवहन एवं लेबर की दरें तय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिले में विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से घर द्वार पर या नजदीकी फोकल प्वाइंट पर रसोई गैस सिलेंडर की रिफिलिंग के लिए परिवहन एवं लेबर की दरें निर्धारित की हैं। इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार 14.2 किलोग्राम, 19 किलोग्राम, 10 किलोग्राम, 5 किलोग्राम और 2 किलोग्राम के सिलेंडरों के लिए अलग-अलग दरें तय की हैं। होम डिलीवरी और फोकल प्वाइंटों की दूरी के अनुसार इन दरों की आठ अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। पहली श्रेणी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 14.2 किलोग्राम, 19 किलोग्राम, 10 किलोग्राम, 5 किलोग्राम और 2 किलोग्राम के सिलेंडरों के लिए निर्धारित दरें क्रमशः 31, 41, 22, 11 और 4 रुपए रहेंगी। दूसरे श्रेणी के क्षेत्रों के लिए ये दरें 35, 47, 25, 12 और 5 रुपए निर्धारित की गई हैं। तीसरी श्रेणी में 43, 57, 30, 15 और 6 रुपये तय की गई हैं। चौथी श्रेणी के क्षेत्रों में ये 28, 37, 20, 10 और 4 रुपए रखी गई हैं। पांचवीं श्रेणी के क्षेत्रों में 32, 43, 23, 11 और 5 रुपए, छठी श्रेणी में 29, 39, 20, 10 और 4 रुपये, सातवीं श्रेणी में 42, 56, 30, 15 और 6 रुपए तथा आठवीं श्रेणी के क्षेत्रों के लिए ये दरें क्रमशः 30, 40, 21, 11 और 4 रुपए निर्धारित की गई हैं। उपायुक्त ने जिला की सभी गैस एजेंसियों के संचालकों को सभी नियमों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कोहली-मट्टनसिद्ध एनएच पर अब नहीं लगेंगे हिचकोले

## खस्ताहाल हुए नेशनल हाईवे का निर्माण करने वाली कंपनी ने ही शुरू किया कार्य

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** गड्ढों से लगालव कोहली से मटनसिद्ध तक शिमला-कांगड़ा को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। वीरवार को धूप खिली और इसी के बीच में गड्ढों की मरम्मत भी शुरू हो गई। इस सड़क का करीब डेढ़ किलोमीटर का हिस्सा बेहद खतरनाक रूप धारण कर चुका था। कई जगहों पर गड्ढों ने यातायात को वन-वे ट्रैफिक में तब्दील किया हुआ था, लेकिन विडंबना यह थी कि कोई इसकी सुध नहीं ले रहा था। मरम्मत का काम एनएचएआई के पास है। इसीलिए पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे के दोनों विभाग भी तमाशा देखने पर मजबूर थे। 'अनंत ज्ञान' ने बीते रोज इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था।

वीरवार को हाईवे का निर्माण कर रही कंपनी ने इसकी मरम्मत का काम शुरू किया। ज्यादातर जगह पर गड्ढे भर दिए गए। कारण यह है कि इस खराब हिस्से के दोनों तरफ सड़क बदतर हो चुकी थी। आगे पीछे नई टारिंग भी की जा चुकी है, लेकिन यह हिस्सा वाहन चालकों के गले की फांस तो बना ही हुआ था, राहगीरों के लिए भी दिक्कतें पेश हो रहीं थीं। अभी मुकम्मल तौर पर इस सड़क को अब्बल तो नहीं बनाया जा रहा लेकिन गड्ढे भरकर फौरी राहत देने का उपाय एनएचएआई ने किया है।

काबिले गौर यह है कि कोहली से लेकर मट्टन सिद्ध तक यह सड़क पहले से ही काफी जर्जर हालत में थी, लेकिन इस बरसात ने तो इसकी तस्वीर ही ऐसी बदल दी है। मानो यहां वाहन किसी खड्ड से होकर गुजर रहे थे। दो स्पॉट तो बेहद खतरनाक हो चुके थे। इनमें एक कोहली का बाजार और दूसरा मट्टन सिद्ध चौक जहां पुराना बस स्टॉप भी है। यहां मोड़ पर तो सड़क मुकम्मल तौर पर उखड़ चुकी थी और बरसात के इस मौसम में तो तकरीबन डेढ़ फुट से ज्यादा नीचे के इन गड्ढों में पानी भरे रहने की वजह से वाहन चालकों को अच्छा खासा नुकसान झेलना पड़ रहा था।

यहां ट्रैफिक भी इन गड्ढों से बचने के लिए वन-वे में तब्दील हो रहा है।




गड्ढों से लगालव कोहली से मटनसिद्ध तक शिमला-कांगड़ा को जोड़ने वाले एनएच का कार्य शुरू हो गया।

### वाहन चालकों को मिली हल्की राहत

**ऐसा** नहीं है कि हमीरपुर को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क की नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने मरम्मत नहीं करवाई हो, इसका ज्यादा हिस्सा उसने मरम्मत करके सुधार दिया है, लेकिन डेढ़ किलोमीटर का यहां हिस्सा वाहन चालकों के लिए गले की फांस बना हुआ था। इसकी समय पर मरम्मत क्यों नहीं हुई ? इसका वहाना केवल बरसात बनाया जा रहा था, लेकिन जब समय था तब गौर नहीं हुआ। इसीलिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा भी कह रहे थे कि धूप जैसे ही खिलेगी, सड़क की मरम्मत हो जाएगी। कि जैसे ही चार दिन धूप निकलेगी ?

इधर, कोहली से नादौन की तरफ भी हाईवे का निर्माण कंपनी कर रही है, उसी ने वीरवार को यहां मरम्मत की है। गड्ढे भरने का सिलसिला अभी जारी है, लेकिन वाहन चालकों को फिलहाल हल्की राहत मिल गई है।

# संसद का मानसून सत्र विपक्ष ने ओछी राजनीति व अराजकता से धोया : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद के मानसून सत्र की समाप्ति पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संसद का यह मानसून सत्र विपक्ष ने अपनी अराजकता के चलते जनहित मुद्दों पर चर्चा की बजाए अपनी ओछी राजनीति का अड्डा बनाने का काम किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदा से खुद को हर संवैधानिक संस्था, संसद व देश से ऊपर रखा है। कांग्रेस में राष्ट्रहित की बजाए स्वहित को ही सदा प्राथमिकता दी है और इसी का परिणाम है कि इन्होंने संसद के मानसून सत्र में पूरे समय चर्चा से भागने व कार्रवाई को अवरुद्ध करने का काम किया है।



संसद का समय अमूल्य होता है व इसका उपयोग लोकहित में हो, यह सत्ता पक्ष व विपक्ष की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। दुर्भाग्य से विपक्ष ने संसद के इस मानसून सत्र को जनहित की बजाए अपनी ओछी राजनीति चमकाने के लिए इस्तेमाल किया और संसद के मानसून सत्र को धो दिया। विपक्ष ने इस सत्र में न सिर्फ संसद का समय बर्बाद किया, बल्कि देश के करदाताओं का भी अपमान किया है। ये लोग संविधान की किताब तो पकड़ते हैं, लेकिन संविधान को मानते नहीं हैं। संसद में विपक्ष न सिर्फ चर्चा से बल्कि अपनी जिम्मेदारी से भी भागा।

अनुराग ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ओर स्वयं को कानून के दायरे में लाने का संविधान संशोधन पेश किया तो दूसरी ओर कानून के दायरे से बाहर रहने व कुर्सी का मोह न छोड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में पूरा विपक्ष इस कानून के खिलाफ खड़ा रहा।

कांग्रेस पार्टी शुरू से ही राजशाही मानसिकता का शिकार रही रही है। वह खुद को देश के कानून से ऊपर समझती ह। दूसरी तरफ भाजपा प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्रियों को ही कानून के दायरे में लाने का का प्रयास कर रही है जो कि इनसे देखा नहीं जा रहा है। कांग्रेस पार्टी सवाल तो करना चाहती है मगर खुद जवाबदेही दे बचना चाहती है।

# आग से झुलसे व्यक्ति की पीजीआई चंडीगढ़ में मौत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के कनेरड़ गांव के एक व्यक्ति की पीजीआई चंडीगढ़ में वीरवार प्रातः मौत हो गई। सुजानपुर के मुख्य बाजार में एक हलवाई की दुकान में काफी समय से गांव कनेरड़ का व्यक्ति कृष्ण कुमार कार्य कर रहा था। वह रोजाना सुबह तड़के दुकान के कार्य के लिए उठता था। पिछले करीब एक सप्ताह पहले जन्माष्टमी के दिन देर रात 3 बजे के करीब सुबह रोजाना की तरह कार्य करने को उठा था। उसने भट्टी में पानी गर्म करने को रखा, लेकिन भट्टी चालू करते ही गैस ने आग पकड़ ली।

इस पर उक्त व्यक्ति बुरी तरह से झुलस गया। माना जा रहा है कि गैस लीक होने से गैस कमरे में फैल गई थी तथा जैसे ही गैस जलाने के लिए लाइटर जलाया तो पहले से बिखर चुकी गैस की चपेट में आ गया जिस पर कृष्ण कुमार चिल्लाया तो दूसरे कमरे में सोया अन्य व्यक्ति उठा। उसने शोर मचाया। साथ पड़ोसी एक व्यक्ति दौड़ा तथा आग से बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक कृष्ण कुमार काफी आग की चपेट में आ चुका था, जिसे तुरंत सुजानपुर से हमीरपुर रेफर किया गया, वहां से हमीरपुर अस्पताल से उसे बिलासपुर एम्स तथा बिलासपुर अस्पताल से शिमला तथा शिमला हॉस्पिटल से उसे चंडीगढ़ पीजीआई में रेफर कर दिया गया, जहां घायल कृष्ण चंद ने दम तोड़ दिया।

कृष्ण चंद की परिवार में उसकी पत्नी बेटा बेटी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दिया है। थाना प्रभारी सुजानपुर राकेश धीमान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनरों का घर-द्वार बनेगा डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम-आंचल पेंशनर्स संघ, हमीरपुर जिला प्रधान केसी गौतम ने कहा कि जो सदस्य आयकर के दायरे में आते हैं, वे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपनी आयकर रिटर्न 15 सितंबर तक भरकर भेजें। इसी प्रकार जिन पेंशनरों ने अभी तक अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार कार्यालय को नहीं दिया है, वे भी अपना जीवित प्रमाण पत्र 30 सितंबर तक जिला कोषागार कार्यालय में अविलंब जमा करवा दें।

जिला प्रधान ने आश्वासन दिया कि जिन रुग्णावस्था या चलने फिरने में असमर्थ पेंशनरों ने उनके घर-द्वार डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाने का आग्रह किया है। उनके डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र निश्चित अवधि में बना दिए जाएंगे।

# इंडोनेशिया में सम्मानित होंगे प्रसिद्ध साहित्यकार राजेंद्र राजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रसिद्ध संस्था 'सृजन गाथा' द्वारा 27 अगस्त को इंडोनेशिया के बाली में आयोजित किए जा रहे 25वें अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में हमीरपुर के जाने-माने कथाकार एवं उपन्यासकार राजेंद्र राजन को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में राजन को उड़िया भाषा के प्रसिद्ध लेखक एवं चिंतक सच्चिदानंद त्रिपाठी की स्मृति में प्रतिवर्ष दिए जाने वाले 'सृजन सम्मान पुरस्कार' से अलंकृत किया जाएगा।



सूबे में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संयुक्त निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुए राजन को यह पुरस्कार उन्हें उत्कृष्ट कथाकार और साहित्यिक पत्रिका 'इरावती' के बेहतरीन संपादन के लिए दिया जा रहा है। पुरस्कार के रूप में उन्हें नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। सम्मेलन के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ. सविता मोहन यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। राजेंद्र ने बताया कि वह 25वें अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए 23 से 31 अगस्त तक मलेशिया और इंडोनेशिया में रहेंगे और 27 अगस्त को अपनी कहानी प्रस्तुत करेंगे।

इसी सम्मेलन के दौरान साहित्यिक पत्रिका 'इरावती' के नवीनत्तम कविता विशेषांक तथा संस्मरण विशेषांक का लोकार्पण भी किया जाएगा।

### जनता की हक्की लड़ाई में भाजपा आपके साथ : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की जनता के हितों के लिए संघर्ष लगातार जारी है। चाहे विकास कार्य हों या स्वास्थ्य सेवाएं, भाजपा सदैव क्षेत्र की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। आजकल हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र चला हुआ है इस दौरान बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल फुल फॉर्म में दिखाई दे रहे। उन्होंने विधानसभा में नागरिक अस्पताल बड़सर में डॉक्टरों की भारी कमी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया है। और उन्होंने सरकार से बड़सर नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को शीघ्र पूरा करने के लिए सरकार के ध्यान में लाया है ताकि बड़सर विधानसभा क्षेत्र की जनता को समय पर बेहतर और सस्ती सेवाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा बड़सर हमेशा आपकी आवाज बनेगी, आपके हक के लिए मजबूती से खड़ी रहेगी। जनता के हितों का खिलवाड़ सहन नहीं करेंगे।

# हिम अकादमी स्कूल की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्णिम उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर हमीरपुर के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता और कौशल का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर सफलता के नए आयाम स्थापित किए।

यशोवर्धन अत्री (कक्षा ग्यारहवीं) ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए तीन अलग-अलग स्पर्धाओं में भाग लिया और तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसी प्रकार सिया शर्मा (कक्षा बारहवीं) ने फॉरवर्ड बेंडिंग में, देवाशीष शौरी (कक्षा दसवीं) ने हैंड बैलेंसिंग में, आदित्य शीश शौरी (कक्षा आठवीं) ने पारंपरिक योगासन में तथा आराध्या (कक्षा आठवीं) ने बैक बेंडिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। गौरव ठाकुर (कक्षा बारहवीं) और दिशांत (कक्षा छठी) ने रजत पदक अर्जित किए, जबकि इनाया अत्री (कक्षा नौवीं) ने बैक बेंडिंग योगासन स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों को और ऊंचाइयों तक पहुंचाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। उन्होंने योगा कोच जिम्मी ठाकुर को भी विशेष बधाई दी।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामनाएं कीं और आशा व्यक्त की कि ये विद्यार्थी आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर (हमीरपुर) के बुलंदियां छूने वाले छात्र।

### मटाहनी में ईको क्लब कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटाहनी में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमीरपुर जिले के 125 सरकारी स्कूलों के ईको क्लब प्रभारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम व प्रधानाचार्य अंजु मल्होत्रा ने कार्यशाला के मुख्यातिथि कमल किशोर भारती उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर का स्वागत किया। इसके पश्चात विषय विशेषज्ञों मंजरी वी महाजन, विमला देवी व पूर्णिमा जम्वाल ने पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के उपाय बताए। इस दौरान सभी शिक्षकों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत औषधीय पौधे भी बांटे गए। कार्यशाला में विज्ञान संघ जिला प्रधान विकेश कौशल व प्रारंभिक शिक्षा विभाग से कश्मीर सिंह अधीक्षक ग्रेड -1 भी उपस्थित रहे।

# हमीरपुर में आरटीए की बैठक 15 सितंबर को, 6 तक आवेदन करें वाहन मालिक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 15 सितंबर को दोपहर बारह बजे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय हमीरपुर में आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) अंकुश शर्मा ने बताया कि जिन वाहन मालिकों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के आवेदनों पर प्राधिकरण द्वारा विचार किया जाना है या निर्णय लिया जाना है, वे अपने आवेदन पत्र सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित 6 सितंबर तक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी में प्रस्तुत करें।

इस तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों अथवा अपूर्ण आवेदनों को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा। अंकुश ने बताया कि बस परमिट और अन्य परमिटों के ट्रांसफर से संबंधित मामलों में दोनों पार्टियों यानी क्रेता एवं विक्रेता का क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा अन्यथा कोई भी निर्णय नहीं लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नए प्रकाशित स्टेज कैरिज बस परमिट (टेंपो ट्रैवलर) का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इस प्रक्रिया के दौरान आवेदक या उसके द्वारा किसी अन्य अधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति अनिवार्य होगी अन्यथा उसका आवेदन लॉटरी में शामिल नहीं किया जाएगा और इसे स्वतः ही रद्द माना जाएगा।

# बड़सर को बिंदल की टीम में खेलने का मौका नहीं

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हमीरपुर जिले में भाजपा में डॉक्टर सिकंदर को महासचिव, बंदना योगी को सचिव व राजेंद्र राणा वरिष्ठ प्रवक्ता, वहीं आशीष शर्मा को प्रवक्ता बनाया गया है परंतु बड़सर विधानसभा से भाजपा के पुराने कार्यकर्ता बलदेव शर्मा को भी कोई स्थान नहीं मिला है। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल भी बिंदल की टीम में जगह नहीं बना पाए हैं।

विनोद ठाकुर का पत्ता भी काट दिया गया है। फिलहाल ठाकुर को भी जगह नहीं मिली है। भोरंज में कमलेश कुमारी तथा अनिल धीमान को भी साइड लाइन लगा दिया गया है। बड़सर की अनदेखी को

**धूमल की टीम को भी नहीं मिला अवसर**

लेकर संगठन में बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। इंद्रदत्त लखनपाल के पास संगठन में कार्य करने का लंबा अनुभव रहा है। हो सकता है उन्हें कांग्रेस पार्टी से छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद लखनपाल को भी बिंदल की टीम में जगह नहीं मिल पाई है।

आपको यह भी बता दें 1 वर्ष पूर्व हुए विधानसभा उपचुनाव में लखनपाल ने कांग्रेस का विजय रथ को रोक दिया था। इसी के साथ उन्हें हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव का प्रभारी बनाया गया था। आशीष शर्मा को जिताने का भार भी उनके ऊपर था। एक समय तो ऐसे लग रहा था कि आशीष शर्मा विधानसभा उपचुनाव लूज कर सकते हैं, क्योंकि तीसरे दौर की मतगणना में आशीष 1793 वोटों से पीछे चल रहे थे जिस क्षेत्र में लखनपाल को कांग्रेस के वोटो में सेंध लगाने का जिम्मा सौंपा गया था, उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को बेखुदी निभाया।

आखिर में जीत का सेहरा भाजपा के सिर पर बांधा गया। बड़सर विधानसभा क्षेत्र की सरेआम अनदेखी की गई है। भारतीय जनता पार्टी में व्यापक माहौल का असर पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में भी देखने को मिलेगा।

### स्कूटी स्वार से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर पुलिस ने गलोड़ से फाहल, गोईस सड़क पर रात के समय नाकाबंदी की थी। नाकाबंदी के दौरान वाहनों को चेक किया जा रहा था।


इस दौरान एक स्कूटी फाहल की तरफ से आई जिसे 32 वर्षीय अमित कुमार पुत्र स्व देवराज गांव डडोह डा. व त. गलोड़ चला रहा था। पुलिस टीम को देख कर घबरा गया तथा पुलिस ने चैकिंग में स्कूटी से 3 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद हुआ । जिस पर थाना पर अभियोग पंजीकृत हुआ है जिसकी आगामी तफ्तीश जारी है। इसकी पुष्टि एसएचओ बड़सर गुरबख्श कुमार ने की है।

**स्थापना दिवस** आगामी शैक्षणिक सत्र में नए कोर्स शुरू करना प्राथमिकता : प्रो. राजेंद्र

# तकनीकी विवि के कैंपस विस्तार का प्रारूप जल्द होगा तैयार

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि हमीरपुर के परिसर विस्तार और समाज व उद्योग की जरूरत के अनुसार नए विषयों को कैंपस में शुरू करने के विजन के साथ आगामी वर्ष में काम किया जाएगा। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि के कुलपति प्रो राजेंद्र वर्मा ने विवि के स्थापना दिवस पर कही।



उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में तकनीकी विवि परिसर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को मुहैया करवाने के लिए कैंपस विस्तार पर फोकस रहेगा। प्रदेश तकनीकी विवि का लक्ष्य विवि को शिक्षा का केंद्र बनाना है। आने वाले समय में विवि औद्योगिक इकाइयों, शिक्षण संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने पर अधिक प्रयास किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को नवाचार और स्वरोजगार की दिशा में अवसर मिल सकें।

कुलपति ने कहा कि उद्यमिता को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान करना, अनुसंधान एवं विकास आधारित इकाइयों को मजबूत करना, राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करना और पूर्व छात्रों के साथ तालमेल बनाना लक्ष्य है, जिसके लिए तकनीकी विवि ने प्रारूप तैयार करने की पहल शुरू कर दी है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान निधि के माध्यम से परिसर में नवाचार पर काम करने के लिए विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही यूजीसी, डीएसटी, एआईसीटीई और राज्य सरकार आदि से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए यूजीसी-12 (बी) के तहत मान्यता प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। प्रो. वर्मा ने कहा कि तकनीकी विवि शैक्षिक पूर्णता के विभिन्न स्तरों पर अध्यापन और प्रशिक्षण की पद्धतियां विकसित करेगा, ताकि विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में शिक्षा के उच्च स्तर स्थापित किए जाएं।

### तकनीकी शिक्षा में नए आयाम

**प्रदेश** तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर ने अपनी स्थापना के 15 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। प्रारंभ में यह संस्थाओं को सहबद्धता देने तक सीमित था, परंतु समय के साथ विज्ञान, प्रौद्योगिकी, ज्ञान प्रबंधन और उद्यमिता विकास में अग्रणी केंद्र बन गया। वर्ष 2018 से विवि के दड़ूही स्थित मुख्य परिसर में पर्यटन, व्यवसाय प्रबंधन, पर्यावरण विज्ञान, योग, एमसीए, एमटेक जैसे विषयों की पढ़ाई शुरू हुई, वहीं 2022 से बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग भी आरंभ हुई। परिसर में पुस्तकालय, वेब स्टूडियो और डाटा सेंटर की सुविधाएं उपलब्ध हैं। वर्तमान में विवि से 47 शैक्षणिक संस्थान जुड़े हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

# अब ऑनलाइन दायर होंगे राजस्व केस और अपीलें : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने तथा इसमें तत्परता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार सभी प्रक्रियाओं की डिजिटाइजेशन पर विशेष जोर दे रही है। इसी कड़ी में अब राजस्व से संबंधित सभी केस और अपीलों को ऑनलाइन माध्यम से ही दायर करने की सुविधा आरंभ की जाएगी।



इस आधुनिक प्रणाली के बारे में भोरंज के तहसीलदार और नायब तहसीलदार, जाहू के नायब तहसीलदार तथा इन राजस्व अधिकारियों के रीडरों, उपमंडल के अधिवक्ताओं और अर्जी नवीसों को प्रशिक्षित करने के लिए वीरवार को वर्चुअल माध्यम से एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन केस फाइलिंग, अपील और अन्य सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही यह ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ करने जा रही है, जिसकी अधिसूचना जल्द ही जारी कर दी जाएगी। एसडीएम ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू होने के बाद राजस्व केसों का निपटारा जल्द होगा और समय और धन की बचत होगी।







बिजली बिलों की होगी जांच, कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करने वाले अब जता रहे सहानुभूति

# भाजपा को विपक्ष में जाने के बाद आई कर्मचारियों की याद : सुक्खू

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते सीएम सुक्खू।

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को विधानसभा में विपक्ष के वाकआउट पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करने, पानी की बौछार करने और पुरानी पेंशन न देने वाली भाजपा आज सत्ता से हटकर कर्मचारियों की याद कर रही है।

सीएम ने कहा कि यह वाकआउट महज ध्यान भटकाने के लिए है। हमारी सरकार ने कर्मचारियों को 11 प्रतिशत डीए दिया है और पहली ही कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन बहाल की है, जबकि भाजपा सरकार जाते-जाते वेतन आयोग की 10 हजार करोड़ की देनदारी छोड़ गई। सीएम सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने 1600 करोड़ रुपए के अतिरिक्त उधार पर रोक लगाई। उनके शासनकाल में राजस्व घाटा अनुदान 8,000 करोड़ रुपए से कम नहीं रहा, जबकि हमारे कार्यकाल में यह घटकर 3,200 करोड़ रुपए रह गया है।

सीएम ने कहा कि कर्मचारियों को तीन प्रतिशत डीए दिया जाएगा। केंद्र के पास एनपीएस का 9,000 करोड़ रुपए फंसा हुआ है, जिसमें से 4,500 करोड़ रुपए कर्मियों के और बाकि प्रदेश सरकार के हैं। इस राशि पर केंद्र 'कुंडली मारकर बैठा' है।

## बिजली बिलों के मामले में होगी कार्रवाई

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकार बिजली बिलों के मामले को गंभीरता से ले रही है। स्मार्ट और प्री-पेड बिजली मीटर लगाए जा रहे हैं। विधायक रघुवीर सिंह बाली ने बिजली बिलों को लेकर उनसे मुलाकात की थी। उनका 14 माह का बिल 6.78 लाख आया, जबकि वह सरकारी आवास में रहते भी नहीं।

## बिलों की गड़बड़ी पर रहेगी नजर

**सीएम** ने बताया कि उनका खुद का बिजली बिल 3.80 लाख आया था। जांच में सामने आया कि बाली का वास्तविक बिल 1.68 लाख और सीएम कार्यालय का 1.40 लाख बनना चाहिए। बिजली बोर्ड ने बताया कि ये बिल लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी होते हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पिछले बिलों की भी जांच होगी और आने वाली बिजली की बिलों पर कड़ी नजर रहेगी।

# हिमाचल में रेस्ट हाउसों का किराया बढ़ाने पर विचार करेगी सरकार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में रेस्ट हाउस का किराया बढ़ाने पर विचार करेगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में वीरवार को प्रश्नकाल के दौरान कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपूरी के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने यह बात कही।

विनोद सुलतानपुरी ने चिंता जताई कि बाहर से आने वाले पर्यटक कैटरिंग का सामान साथ लाकर स्थानीय लोगों के रोजगार पर असर डाल रहे हैं। साथ ही उन्होंने कसौली के रेस्ट हाउस की खस्ता हालत और प्रदेश में रेस्ट हाउस का किराया बेहद कम होने का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार रेस्ट हाउस का किराया बढ़ाने पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटकों द्वारा बाहर से सामान लाए जाने के मामले में भी सरकार देखेगी कि क्या कदम उठाए जा सकते हैं।

वहीं, मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड के सवाल के जवाब में सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र मनाली में जिन पुराने घरों में होम स्टे चल रहे है वहां पर अग्निशमन विभाग से एनओसी पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन के सवाल के जवाब में कहा कि अब समितियों का पंजीकरण एसडीएम के माध्यम से किया जाएगा। इससे पहले कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने मूल सवाल के जवाब में जानकारी दी कि दुग्ध सहकारी समितियों को सरकार तीन रुपए प्रति लीटर की दर से दूध उपलब्ध करा रही है और परिवहन अनुदान भी दे रही है।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा के सवाल के जवाब में कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए नया प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजें, सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

## सदन की ओर...





सदन की ओर जाते धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर तथा (दाएं) कै. रणजीत राणा।



नूरपुर के विधायक रणवीर निक्का, विक्रम ठाकुर और पच्छाद की विधायक रीना कश्यप।





विधायक सुधीर शर्मा और आशीष शर्मा तथा (दाएं) मंत्री राजेश धर्माणी।





लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह तथा (दाएं) दून के विधायक रामकुमार चौधरी।





इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन तथा (दाएं) कृषि मंत्री चंद्र कुमार।

# बड़सर अस्पताल को मिलेंगे विशेषज्ञ डॉक्टर : शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विधानसभा के मानसून सत्र में बड़सर नागरिक अस्पताल का मुद्दा गरमाया। भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के सवाल पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तंज कसा कि बड़सर में तेजी से काम चल रहा था, आप उधर गए और एक्सीडेंट हो गया। विपक्ष ने इस बयान पर आपत्ति जताई तो विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। सवाल-जवाब के बीच विधायक ने कहा कि वह रोबोटिक सर्जरी नहीं, बल्कि अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती चाहते हैं।

जवाब में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आश्वस्त किया कि बड़सर अस्पताल को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। एक से डेढ़ सप्ताह में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती कर दी जाएगी। साथ ही 6 विशेषज्ञ चिकित्सक, 8 स्टाफ नर्स, 2 ओटी सहायक और आधुनिक मशीनरी उपलब्ध कराई जाएगी।

# विधायक जनकराज ने उठाया कर्मचारियों का मुद्दा, सरकार ने माना आर्थिक संकट

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मानसून सत्र के दौरान पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज ने विधानसभा में प्रदेश कर्मचारियों के हित से जुड़ा एक अहम सवाल उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत वृद्धि अब तक क्यों लागू नहीं की गई है तथा कर्मचारियों के बकाया भुगतान हेतु कितनी धनराशि आबंटित की गई है।

मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए जवाब में स्वीकार किया गया कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति और प्रशासनिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए फिलहाल 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता वृद्धि के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया कि बकाया भुगतान के लिए वित्तीय स्थिति के अनुरूप ही धनराशि आबंटन पर विचार किया जाएगा। डॉ. जनक राज ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों की आजीविका महंगाई से बुरी तरह प्रभावित हो रही है, ऐसे में सरकार को जल्द से जल्द राहत प्रदान करनी चाहिए। मानसून सत्र में उठाए गए इस सवाल ने कर्मचारियों की उम्मीदों को फिर से जगा दिया है।

# सीएम सुक्खू कर्मचारियों को डीए नहीं देना चाहते : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- सरकार ने 2000 करोड़ से ज्यादा डीए का भुगतान रोका
- कर्मियों का लंबित महंगाई भत्ता बड़ा मुद्दा बना



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार ने कर्मचारियों के सहयोग से सत्ता पाई, लेकिन अब उन्हीं के साथ अन्याय कर रही है। भाजपा ने सदन में सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि कब तक कर्मचारियों का डीए जारी होगा। मुख्यमंत्री द्वारा कोई ठोस जवाब न देने पर भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया।

जयराम ने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों का ठीकरा लगातार पूर्व सरकार पर फोड़ रही है। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री ने बजट सत्र के दौरान मई माह से डीए देने का वादा किया था, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी कोई घोषणा नहीं की गई। आज मुख्यमंत्री के जवाब से यह साफ है कि वह कर्मचारियों को डीए नहीं देना चाहते।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कर्मचारियों का करीब 2000 करोड़ रुपए का डीए और मेडिकल बिल बकाया पड़ा है। इलाज के लिए कर्मचारी भटक रहे हैं और सरकार केवल राजनीति कर रही है। ठाकुर ने दावा किया कि वीरभद्र सिंह सरकार के समय लंबित डीए का भुगतान उनकी सरकार ने किया था। अब सुक्खू सरकार को भी कर्मचारियों का हक तुरंत देना चाहिए।

# लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने ग्लोबल वार्मिंग का उठाया मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



हिमाचल प्रदेश विधानसभा में लाहौल-स्पीति की सबसे युवा विधायक अनुराधा राणा ने ग्लोबल वार्मिंग और उससे उपजी प्राकृतिक आपदाओं का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग केवल हिमाचल ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है।

विधायक ने बताया कि सिर्फ दो महीने के भीतर लाहौल-स्पीति में 80 से अधिक बार बादल फटने और अचानक आई बाढ़ जैसी घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनसे करीब 25 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति हिमालयी क्षेत्र की नाजुक परिस्थितिकी पर बड़ा खतरा है और अब हिमनदों पर गहन वैज्ञानिक अध्ययन करना समय की मांग है।

राणा ने विधानसभा में स्पष्ट कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से देश का कोई भी हिस्सा अछूता नहीं है। ऐसे में विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारने से पहले पर्यावरणीय अध्ययन अनिवार्य होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से चंद्रभागा नदी पर प्रस्तावित बिजली परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए इन योजनाओं पर पुनर्विचार आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा विकास मॉडल पर भी पुनर्विचार की आवश्यकता है। विकास का रास्ता तभी सही है जब वह वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित हो। उन्होंने यह भी मांग की कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे कार्यों की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच करवाई जाएं। अनुराधा राणा ने प्रदेश के सातों सांसदों से भी अपील की कि वह हिमाचल का मुद्दा संसद में मजबूती से उठाएं और एफसीए से जुड़े मामलों को गंभीरता से रखें, ताकि प्रदेश की नाजुक पर्यावरणीय परिस्थितियों को सुरक्षित रखा जा सके।

# त्रिलोक जम्वाल ने प्राकृतिक आपदा पर सरकार को घेरा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने हिमाचल में हर साल प्राकृतिक आपदाओं से हो रही तबाही को लेकर प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने विधानसभा में नियम-67 के तहत चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सरकार सिर्फ चिंता और चर्चा तक सीमित है, जबकि आपदा से बचाव के लिए ठोस कदम और रिसर्च की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि साल 2023 में 500, 2024 में 160 और इसी वर्ष अब तक 250 से अधिक जानें जा चुकी हैं। इसके बावजूद सरकार न तो कोई सर्वे करवा रही है, न ही वैज्ञानिक तरीके से कारणों की पहचान कर रही है। त्रिलोक ने 2023 के 4500 करोड़ के आपदा पैकेज का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि बिलासपुर को नाममात्र की राशि मिली। उन्होंने यह भी कहा कि राहत वितरण में भाई-भतीजावाद हुआ और ठेकेदारों के बिल पास कर दिए गए, जबकि वास्तविक पीड़ित उपेक्षित रह गए।

उन्होंने मांग की कि आपदा से निपटने के लिए व्यापक सर्वे, योजनाबद्ध कार्य और पारदर्शिता जरूरी है, नहीं तो यह मुद्दा हर साल सिर्फ चर्चा तक सीमित रह जाएगा।

# मनाली के विधायक गौड़ ने सदन में उठाया होमस्टे एनओसी का मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विधानसभा के चल रहे मानसून सत्र में मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने होमस्टे उद्यमियों को दरपेश कठिनाइयों का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में होमस्टे पंजीकरण और नवीनीकरण लंबे समय से लंबित पड़े हैं। इसका प्रमुख कारण अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की अनिवार्यता है, जिससे आवेदक आगे नहीं बढ़ पा रहे।

गौड़ ने सदन को याद दिलाया कि तीन-चार महीने पहले जब उन्होंने यह मामला उठाया था, तब सरकार ने समिति गठित कर नियमों की समीक्षा करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने सवाल उठाया कि आज तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय क्यों नहीं हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेषकर पुरानी व विरासत इमारतों के संदर्भ में छूट अथवा रियायतों की संभावना पर विचार चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरागत दहज्जी दीवार तकनीक से निर्मित भवनों पर आधुनिक अग्नि सुरक्षा व्यवस्था लागू करना व्यावहारिक कठिनाई है। इससे भवन की संरचनात्मक अखंडता को खतरा हो सकता है। उन्होंने मांग की कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ विरासत संपत्तियों की ऐतिहासिकता को भी बचाए रखने की नीति अपनाई जाए।

सदन में इस दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि मनाली जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में होमस्टे तेजी से बढ़े हैं। किंतु कठोर नियमों के कारण पंजीकरण में हो रही देरी से न केवल स्थानीय उद्यमियों की आजीविका प्रभावित हो रही है, बल्कि राज्य की पर्यटन अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

# शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की डिप्टी सीएम से मुलाकात



शिक्षा मंत्री की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल डिप्टी सीएम से मिलता हुआ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल आज विधानसभा परिसर में उपमुख्यमंत्री से मिला। इस दौरान क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न मांगों और जनहित से संबंधित मुद्दों को उनके समक्ष रखा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से अपेक्षा जताई कि इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी, ताकि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सभी विषयों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

# डॉ. बिंदल की टीम में त्रिलोक कपूर, त्रिलोक जम्वाल और राजेंद्र राणा वरिष्ठ प्रवक्ता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल भाजपा ने संगठन धार देने के लिए प्रदेश प्रवक्ताओं और सह-संयोजकों की नई सूची जारी कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल द्वारा जारी इस सूची में अनुभवी नेताओं के साथ-साथ युवा चेहरों को भी स्थान दिया गया है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

नई टीम में 3 वरिष्ठ प्रवक्ताओं, 14 प्रवक्ताओं और 10 सह-संयोजकों को शामिल किया गया है। त्रिलोक कपूर, त्रिलोक जम्वाल और राजेंद्र राणा को वरिष्ठ प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रवक्ताओं की सूची में राकेश पठानिया, बलदेव तोमर, संजय शर्मा, सतपाल सत्ती, अजय जम्वाल, विवेक शर्मा, राकेश शर्मा, डॉ डीएस ठाकुर, स्वरूप चंद्र, विनय शर्मा, अखिलेश कपूर, एस.एस. ठाकुर, आदर्श शर्मा और अजय ठाकुर के नाम शामिल हैं। इसी तरह, सह-संयोजकों के रूप में प्यार सिंह, रमा ठाकुर, विजय वशिष्ठ, सुदीप महाजन, संजीव शर्मा, कमलेश ठाकुर, ज्ञानचंद सिंह, मुकेश वर्मा, विक्रम वर्मा और भीमसेन को नियुक्त किया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उनसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आज, कई बड़े फैसलों पर लगेगी मुहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक शुक्रवार शाम छह बजे विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में आयोजित होगी। बैठक में विधानसभा में पारित किए जा रहे विधेयकों के प्रारूप पर चर्चा की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों से जुड़े अहम प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श कर निर्णय लिए जा सकते हैं।

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही भोजनावकाश के बाद संपन्न होने के पश्चात ही मंत्रिमंडल की यह महत्वपूर्ण बैठक होगी। इस बैठक में प्रदेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुहर लगने की संभावना है।

हिमाचल विधानसभा | शून्यकाल के दौरान फसलों की बर्बादी और चिकित्सकों की कमी के उठे मुद्दे

# 30 फीसदी से ज्यादा फसल नुकसान पर मिलेगी राहत: चंद्र

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में वीरवार को शून्यकाल के दौरान किसानों की फसलों की बर्बादी और स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की कमी जैसे मुद्दे उठे। शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने कांगड़ा जिले सहित प्रदेश के गर्म क्षेत्रों में धान व मक्की की फसलों के खराब होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि खतरनाक कीटों के हमले से खरीफ की फसल बर्बाद हो रही है और किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ रहा है। फसल का पीला पड़ना किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहा है, ऐसे में वैज्ञानिकों की टीम तुरंत भेजकर रोकथाम के प्रयास किए जाने चाहिए तथा मुआवजे का प्रावधान होना चाहिए।

जवाब में कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने स्वीकार किया कि कांगड़ा सहित प्रदेश के कई गर्म क्षेत्रों में धान व मक्की की फसल 30 से 50 फीसदी तक खराब हो चुकी है। वैज्ञानिकों की टीम जांच कर रही है और एंटी-बायोटिक व अन्य दवाओं के छिड़काव की सलाह दी गई है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि मौजूदा रिलीफ मैनुअल में कीटों से हुई फसल क्षति को आपदा की श्रेणी में शामिल करने का प्रावधान नहीं है। सरकार अब नियमों में संशोधन कर 30 प्रतिशत से अधिक खराब हुई फसलों को मैनुअल में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर रही है ताकि किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि लगातार फील्ड विजिट कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है और कीट रोकथाम के प्रयास तेज किए गए हैं।

शून्य काल में स्वास्थ्य सुविधाओं की दुर्दशा का मुद्दा भी गूंजा। चंबा जिले से विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि डलहौजी के किहार सिविल अस्पताल में एक भी डॉक्टर तैनात नहीं है और स्थिति यह है कि स्थानीय पंचायत प्रधान भूख हड़ताल पर बैठा है। सलूणी अस्पताल में आठ में से केवल एक, जबकि डलहौजी अस्पताल में 13 में से पांच डॉक्टर तैनात हैं। जिले में डॉक्टरों के 23 पद खाली पड़े हैं, वहीं नर्सों व फार्मासिस्ट के 100 से अधिक पद भी रिक्त हैं।

स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने माना कि डॉक्टरों की कमी गंभीर समस्या है। सरकार शीघ्र ही 200 डॉक्टरों की नियुक्ति करेगी और सुनिश्चित करेगी कि उन्हें दूरदराज के क्षेत्रों में भी तैनात किया जाए।

## बोर्ड-निगमों को बंद करने के सवाल पर सुधीर ने सरकार को घेरा

**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा ने बोर्ड और निगमों को बंद करने के सवाल पर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। इस पर सरकार ने जवाब देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में केवल एक संस्थान बंद किया गया है। महिला एवं बाल विकास निदेशालय के अंतर्गत आने वाले हिमाचल प्रदेश समाज कल्याण बोर्ड को पांच जनवरी 2024 की अधिसूचना से बंद किया गया था। सरकार ने बताया कि इस बोर्ड में कुल 206 स्वीकृत पद थे, लेकिन इनमें से कोई भी समाप्त नहीं किया गया। सभी 22 कर्मचारियों को महिला एवं बाल विकास निदेशालय और अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक निदेशालय में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है।

# डॉ. वाईएस परमार को भारत रत्न देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने एकमत होकर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व हिमाचल निर्माता डॉ. वाईएस परमार को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित किया। चर्चा में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह विषय लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि परमार के योगदान के लिए किसी प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है। जब तक हिमाचल रहेगा, तब तक डॉ. परमार का नाम लिया जाएगा।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल का स्वरूप और अस्तित्व डॉ. परमार की दूरदृष्टि और संघर्ष का परिणाम है। परमार का योगदान अमूल्य है, जिसे किसी पुरस्कार या प्रमाणपत्र से नहीं मापा जा सकता। वहीं, प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि डॉ. परमार को भारत रत्न देने की पैरवी पहले ही होनी चाहिए थी। यह प्रस्ताव समय से पहले आता तो और बेहतर होता, पर देर से आया तो भी उचित है। नाहन से कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने गैर-सरकारी सदस्य दिवस पर यह प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल निर्माता को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिलाना पूरे प्रदेश की भावना है। सदन में सभी दलों ने इसका समर्थन किया और प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने पर सहमति जताई।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव कथामृत में सती प्रसंग का वर्णन



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर स्थित अभिनंदन मैरिज पैलेस में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित शिव कथामृत के दूसरे दिवस डॉ. सर्वेश्वर ने सती प्रसंग का भावपूर्ण भजनों और चौपाइयों के माध्यम से व्याख्यान किया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव अपनी अर्धांगिनी सती को लेकर अगस्त्य मुनि के आश्रम सत्संग श्रवण हेतु गए, किंतु तर्क बुद्धि से प्रेरित सती उसका मर्म नहीं समझ सकीं। प्रभु राम को साधारण मानव रूप में देखकर उन्हें संशय हुआ, और परीक्षा लेने गईं। असफल होकर शिव से असत्य बोलने पर उन्हें वियोग सहना पड़ा। डॉ. सर्वेश्वर ने कहा कि ईश्वर तर्क-वितर्क, मन, वाणी और बुद्धि से परे हैं, उन्हें केवल भक्ति और श्रद्धा से ही जाना जा सकता है।

### राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरा युवा भारत कार्यालय, कांगड़ा के उपनिदेशक ध्रुव डोगरा ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह पुरस्कार ऐसे युवाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जता है, जिन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इच्छुक उम्मीदवार 31 अगस्त 2025 तक नामांकन भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई युवा नवाचार कर रहा है, समाज में प्रेरणा बन रहा है, तो अब पूरे देश को उसकी कहानी जानने का मौका मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए मंत्रालय की वेबसाइट या मेरा युवा भारत-कांगड़ा, जवाहर नगर, धर्मशाला कार्यालय से संपर्क करें।

### कृषि विवि के तीन छात्र राज्य कृषि बोर्ड में चयनित

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के तीन छात्र राहुल शर्मा, अक्षित और अंजू बाला का हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि बोर्ड में चयन हुआ है। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय पुस्तकालय की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पुस्तकालय हमेशा से ही हमारे छात्रों के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता का केंद्र और एक मजबूत समर्थन प्रणाली रहा है। मैं प्रत्येक छात्र को पुस्तकालय का पूरी क्षमता से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।

### एबीवीपी इकाई की बैठक में छात्र हितों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धर्मशाला इकाई की उपाध्यक्ष सपना त्यागी ने बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला इकाई एवं शोध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर से संबंधित छात्र समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। धनदेव ठाकुर ने कहा कि एबीवीपी केवल आंदोलनों तक सीमित नहीं, बल्कि सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए भी कार्यरत है। बैठक में पूर्व आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी महीनों के आंदोलनों और छात्र-हितकारी योजनाओं की रूपरेखा भी तय की गई।

### भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर को मिला अधिमान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल, महामंत्री राजेश राणु, अभिमन्यु भट्ट एवं समस्त पदाधिकारी, कार्य समिति के सदस्यों ने भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर को प्रदेश कार्य समिति पदाधिकारीयों की सूची में विशेष स्थान मिलने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार को हिमाचल प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य त्रिलोक कपूर को वरिष्ठ प्रवक्ता एवं विनय शर्मा को प्रवक्ता नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई दी और शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन का आभार व्यक्त किया है।

# चढ़ियार अस्पताल में सुविधाओं की कमी पर फूटा लोगों का गुस्सा

## आठ दिन के क्रमिक अनशन के बाद अब आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीण

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



चढ़ियार बाजार में सरकार व प्रशासन के खिलाफ रोष रैली निकालते लोग।

**पालमपुर।** सिविल अस्पताल चढ़ियार में सुविधाओं की कमी को लेकर वीरवार को क्षेत्र के महिला मंडलों, युवक मंडलों, सामाजिक संस्थाओं व स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार व प्रशासन के खिलाफ चढ़ियार बाजार में रोष रैली निकाली। रैली में सैकड़ों लोग शामिल रहे। धार चढ़ियार संघर्ष समिति आठ दिन क्रमिक अनशन के बाद वीरवार को अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गई है। क्षेत्र के सबसे पुराने 50 बिस्तर के चढ़ियार अस्पताल में स्टाफ व सुविधाओं की भारी कमी के चलते लोगों को समिति का गठन करके आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है।

**अस्पताल में नहीं कोई स्पेशलिस्ट डॉक्टर**

अस्पताल में केवल चार डॉक्टर हैं, लेकिन कोई भी स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है। स्टाफ नर्स की दस पोस्टें हैं, लेकिन अस्पताल में एक भी स्टाफ नर्स नहीं हैं। अल्ट्रासाउंड तथा एक्सरे की मशीनें तो हैं, परंतु चलाने के लिए टेक्नीशियन नहीं है। कैंटीन भी वर्षों से बंद पड़ी है। सफाई कर्मचारी न होने के कारण सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। अस्पताल की बिल्डिंग का भी बुरा हाल है। धार चढ़ियार संघर्ष समिति के सचिव दिनेश राणा ने बताया कि कई दिनों से अस्पताल में असुविधाओं को लेकर प्रशासन व स्थानीय विधायक किशोरी लाल से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक इसका कोई समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर हमें आमरण अनशन पर बैठना पड़ रहा है। समिति को सैकड़ों लोगों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी समस्याओं का हल नहीं हो जाता है, आमरण अनशन पर बैठे रहेंगे।

### दो नन्ही बहनों ने खुशियों को बनाया इंसानियत का त्योहार

# तोहफे छोड़ बाढ़ पीड़ितों को भेजी 5100 रुपए की राशि



नैहरनपुखर की दो बहनों ने जन्मदिन पर 5100 रुपए कुल्लू प्रभावितों को दिए।

**शालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** नैहरनपुखर की दो नन्ही बच्चियों अनामिका शर्मा और आकांक्षा शर्मा ने अपने जन्मदिन पर एक अनूठा संदेश दिया।

जहां बच्चे आमतौर पर केक, खिलौनों और गुब्बारों का इंतजार करते हैं, वहीं इन बहनों ने कुल्लू की बाढ़ त्रासदी से जूझ रहे लोगों के लिए अपनी खुशियों को समर्पित कर दिया। उन्होंने जन्मदिन पर 5100 रुपए की राहत राशि भेजकर समाज को एक बड़ी सीख दी कि मदद करने के लिए उम्र नहीं, भावना जरूरी होती है। उनके इस कदम से क्षेत्र में भावुकता का माहौल बन गया। हर किसी ने इस संवेदनशीलता को नमन किया और कहा कि अनामिका और आकांक्षा ने इंसानियत की जो लौ जलाई है, वह समाज को प्रेरित करती रहेगी।

## चक्की दरिया में अवैध खनन पर कार्रवाई, 5 ट्रैक्टर ट्रॉलियां जब्त



चक्की दरिया में अवैध खनन करने पर पांच ट्रैक्टर ट्रॉलियां जब्त की गईं।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के तहत चक्की दरिया में जैसे ही पानी का बहाव कम हुआ, वैसे ही अवैध खनन माफिया सक्रिय हो गए। ट्रैक्टर ट्रॉलियों में खनन सामग्री भरकर पठानकोट ले जाने की तैयारी कर रहे थे।

सूचना मिलते ही डमटाल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विशाल राठौर, माइनिंग इंस्पेक्टर मदन लाल, अश्विनी कुमार और गार्ड सनी जसवाल ने मौके पर पहुंचकर पांच ट्रैक्टर ट्रॉलियां जब्त कीं। कुछ चालक मौके से फरार हो गए। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने पुष्टि करते हुए कहा कि एसपी अशोक रतन के निर्देशानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। हालांकि, पकड़े गए चालकों का आरोप है कि वह हाथ से खनन कर रोजी-रोटी कमाते हैं और केवल उन्हें ही पकड़ा जाता है, जबकि बड़े खनन माफिया पोकलेन मशीन से खुलेआम अवैध खनन करते हैं। बावजूद इसके पुलिस और माइनिंग विभाग उन पर कार्रवाई नहीं करता, जिससे नाराजगी बढ़ रही है।

## पुलिस ने अवैध खनन पर एक जेसीबी व तीन टिप्पर किए जब्त



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कंडवाल पुलिस चौकी क्षेत्र के चक्की दरिया में छापेमारी कर एक जेसीबी व तीन टिप्परों को कब्जे में लिया गया। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने पर एएसआई दिनेश कुमारी व चौकी प्रभारी नीरज कुमार की अगुवाई में बुधवार देर रात यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने ब्राह्मण का नाला क्षेत्र में खनन करते पाए गए मानसिंह, तरसेम लाल, ओंकार सिंह व धीरज सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2)3(5) व माइनिंग अधिनियम 21(1) के तहत मामला दर्ज किया है। वर्ष 2025 में अब तक अवैध खनन के 15 मामले दर्ज कर 36 वाहन जब्त किए जा चुके हैं और 474 चालान कर 38 लाख 92 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया है। एएसपी ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नगरोटा बगवां चरस बरामदगी मामले में तीसरी गिरफ्तारी

## आरोपी के बैंक खातों की जांच में सामने आया 10 लाख रुपए से अधिक का लेन-देन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जोगिंद्रनगर से गिरफ्तार किया तीसरा आरोपी।

**नगरोटा** बगवां पुलिस ने 229 ग्राम चरस बरामदगी के मामले में तीसरे आरोपी को जोगिंद्रनगर से गिरफ्तार किया है। इससे पहले चरस के मामले में दो आरोपियों सतीश कुमार और दौलत राम उर्फ देव को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस के अनुसार जोगिंद्रनगर से गिरफ्तार आरोपी सन्नी जो मुख्य आरोपी का सहयोगी है, के बैंक खातों की जांच में 10 लाख रुपए से अधिक का लेन-देन पाया गया है। गौरतलब है कि 8 अगस्त को नगरोटा बगवां पुलिस ने स्थानीय व्यक्ति सतीश कुमार निवासी कालीजन, डाकघर लिल्ली, तहसील नगरोटा बगवां, को 229 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि सतीश कुमार नगरोटा में एक छोटी सी कपड़े की दुकान करता है तथा काफी समय से नशे के कारोबार में सलिप्त था। मामले की जांच में तथ्य सामने आए कि सतीश को चरस दौलत राम उर्फ देव निवासी जिला कुल्लू से प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 16 अगस्त को दौलत राम को गिरफ्तार कर लिया। इसी मामले की कड़ियों को जोड़ते हुए अब तीसरे आरोपी सन्नी की गिरफ्तारी हुई है।

> नगरोटा बगवां में 229 ग्राम चरस बरामदगी मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 8 अगस्त को सामने आए मामले की कड़ियों को जोड़ते हुए नशा सप्लाई की चेन में शामिल आरोपियों को पकड़ा गया है तथा आगामी कार्रवाई जारी है। जिला के लोग नशे के खिलाफ पुलिस के अभियान में भागीदार बनें।
>
> **अशोक रत्न, एसपी, जिला कांगड़ा**




# पहाड़ों के व्यंजन और वादियों की ठंडी हवाएं देती मन को सुकून





## रोहतांग की वादियां और मंडी की कचौरी एक अनूठा अनुभव

**हिमाचल** प्रदेश की खूबसूरती केवल पहाड़ों, नदियों और बर्फ से सजी नहीं है, बल्कि इसकी आत्मा भोजन और वादियों की उन हवाओं में बसी है, जो हर यात्री को अपनी आगोश में खींच लेती है। एक ओर मंडी की कुरकुरी कचौरी का स्वाद, तो दूसरी ओर रोहतांग दर्रे की वादियां ठंडी हवा और थके मन को राहत देती हैं। यही वह संगम है, जिसने हिमाचल को स्वर्ग और उसके पर्यटन को अनुभव का पर्याय बना दिया है। पर्यटन विभाग ने हाल ही में 'स्वाद ए हिमाचल' अभियान के तहत यहां के खान-पान को वैश्विक पहचान दिलाने की शुरुआत की है। मंडी की कचौरी, कांगड़ा का मद्र, चंबा की राजमा-माह, सिरमौर की बूंदी, किन्नौर के सेब और कुल्लू की सेपू वड़ी-ये सब केवल पकवान नहीं, बल्कि हिमाचली संस्कृति के जीवंत प्रतीक हैं। पर्वतीय रसोई की पौष्टिकता और उसमें छिपी परंपराएं हर पर्यटक को स्थानीय जीवन से जोड़ देती हैं। इसी क्रम में मंडी की कचौरी को अभियान का चेहरा बनाया गया है। बाहर से कुरकुरी और अंदर से मसालेदार यह कचौरी हिमाचल की चटखारेदार थाली की पहचान है। भोजन को पर्यटन से जोड़ने की यह पहल ग्रामीण ढाबों और होमस्टे तक जीवन फूंक रही है, क्योंकि अब पर्यटक केवल प्राकृतिक दृश्य नहीं, बल्कि लोक स्वाद का आनंद लेने भी यहां आते हैं। लेकिन हिमाचल की आत्मा केवल भोजन तक सीमित नहीं। हवाओं की फुसफुसाहट और घाटियों की मरहम-सी शांति-यह परिभाषा रोहतांग दर्रे के लिए बिलकुल सटीक है। समुद्रतल से ऊंचाई पर स्थित रोहतांग न केवल यात्रियों के लिए बर्फ और हरे मैदानों का द्वार है, बल्कि वह एक एहसास है। यहां की ठंडी हवा जैसे थके शरीर को पुनर्जीवित कर देती है और घाटियां हर आगंतुक को जीवन की भागदौड़ से दूर शांति का उपहार देती हैं।

पर्यटन विभाग इस प्राकृतिक सौंदर्य को डिजिटल माध्यम और सामाजिक मंचों के जरिये नए रूप में प्रस्तुत कर रहा है। लघु चलचित्रों और दृश्यों के जरिये 'अनुभव यात्रा' की यह अवधारणा अब यात्रियों को केवल तस्वीरों से नहीं, बल्कि भावनाओं से जोड़ रही है। जब कोई पर्यटक मंडी की कचौरी चखने के बाद रोहतांग की ठंडी हवाओं में सांस लेता है, तो वह अनुभव शब्दों से परे उसकी स्मृतियों का हिस्सा बन जाता है।

प्रदेश सरकार का मानना है कि हिमाचल का पर्यटन तभी स्थायी होगा, जब उसमें स्वाद और प्रकृति का यह समन्वय सुरक्षित रखा जाए। पर्यटक न केवल पहाड़ देखने आएं, बल्कि यहां की रसोई, संस्कृति और हवाओं में जिएं। यही कारण है कि 'स्वाद ए हिमाचल' और रोहतांग जैसी वादियों के प्रचार को साथ लेकर चलाया जा रहा है। इस तरह हिमाचल अब केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक आत्मीय अनुभव बन रहा है-जहां थालियों की गरमाहट और वादियों की ठंडी हवा मिलकर हर यात्री को लौटने के लिए विवश करती है।



**विशेष रिपोर्ट**
**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

# न्यूगल कैफे का सौंदर्य देख ठहर जाते कदम



**पालमपुर बना सैलानियों का नया पसंदीदा पर्यटन स्थल**



तुलसी राम डोगरा, पालमपुर

हिमाचल प्रदेश ऋषि-मुनियों की तपस्थली और देवी-देवताओं की कर्मस्थली रही है। इस देवभूमि का खुशनुमा मौसम, घने जंगलों की हरियाली और उनमें विचरण करते जंगली जानवर, बर्फ से ढकी गगनचुंबी पहाड़ियों की कंदराएं, झील- झरनों, नदियों का कलकल ध्वनि से निर्बाध बहते पानी का सुरम्य अद्भुत संगीत का दृश्य सैलानियों करो बहुत ही कर्णप्रिय लगता है। यही नहीं, सबसे महत्वपूर्ण यहां का आंखों को सुकून देने वाला शांतिपूर्ण एवं स्वास्थ्यवर्धक की जलवायु भला किसे मोहित नहीं करेंगी। राज्य भर में आयोजित होने वाले मेले-त्यौहार यहां की समृद्ध संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हैं। कुछ वर्ष पूर्व यहां पर्यटक शिमला, कुल्लू, मनाली, खजियार तथा डलहौजी जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के नाम से जाना जाता था और ग्रीष्म ऋतु में ही यहां आना पसंद करते थे, लेकिन समय के साथ अब यह राज्य सैलानियों का हर मौसम में पंसदीदा सैरगाह बन गया है और पर्यटकों के लिए यह एक आकर्षण का केंद्र बन गया है। यही नहीं पर्यटकों की संख्या में निरंतर इजाफा हो रहा है, क्यूंकि पर्यटन का परिदृश्य अब निरंतरता के साथ अग्रसर है। यूं तो समूचा हिमाचल प्रदेश घूमने और देखने लायक है। कांगड़ा जिले की तलहटी घाटी की गोद में स्थित पालमपुर पर्यटन स्थल सैलानियों के लिए एक विशेष महत्व रखता है। इसका प्राकृतिक सौंदर्य किसी जन्नत से कम नहीं है। पालमपुर के नयनाभिराम दृश्य, सायं-सायं करते ऊंचे-ऊंचे देवदार और चीड़ के पेड़, हरे-भरे घने चायबागानों की दिव्य आभा हर पर्यटक को रोमांचित कर देती है। यह शहर अपने सुहावने मौसम के लिए भी एक अलग ही पहचान रखता है। कब सूर्यदेव चमकने लगे, कब बारिश हो जाए, कहा नहीं जा सकता। वर्षभर यहां देश-विदेश के सैलानियों का तांता लगा रहता है। ऐसा लगता है कि समग्र शहर पर्यटकों के स्वागत के लिए अतीव आतुर है। हर वर्ष यहां प्रकृति प्रेमी और परखी नजरें इस पालमपुर के दर्शनीय पर्यटन स्थलों को निहारने के लिए आते हैं और यहां के धार्मिक सुंदरता का भरपूर आनंद लेते हुए इसे अपने यादगार के सपनों में समेट लेते हैं। वास्तव में इसकी सुंदरता का शब्दों में वर्णन करना कठिन ही नहीं असंभव भी है। पालमपुर में प्रविष्ट होते ही चीड़-देवदार के घने वृक्ष और उन पर उछलकूद की अठखेलियां करते बंदरों के झुंड, पक्षियों की चहचहाहट हर किसी के मन को मोहित लेती है। इसी कड़ी में कांगड़ा जनपद में पालमपुर की गोद में हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम न्यूगल कैफे व होटल का प्राकृतिक सौंदर्य का आकर्षण तो देखते ही बनता है। दूर से दिखाई जंगलों के झुरमुट, चांदी सरीखी बफीले पहाड़ों का नजारा आंखों को तृप्त एवं अलौकिक आनंद का दीदार कराता है। इस कैफे के भीतरी सजावट पूरी देवदार लकड़ी से निर्मित है और विशेष शैली से उकेरी गई है न्यूगल कैफेटेरिया एक बेहतरीन पिकनिक स्पॉट है, यहां हरियाली और तरह-तरह के फूलों की सुगंध से लबालब खुला बगीचा, जहां जी आया चाय, शीतल पेय, खाना खाने और तरह-तरह व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं। वहीं, मंत्रमुग्ध कर देने वाले इस शांतिप्रिय स्थान पर आप कुदरत की हसीन वादियों का पूरा आनंद ले सकते हैं। यहां दिनभर उत्सव-सा माहौल बना रहता है। कॉपी-पेन साहित्यिक अपनी रचनाओं को कुंद करते हैं, क्यूंकि कैफे के साथ छोर पर लगती नदी का कलकल बहते पानी का संगीत तथा नयनाभिराम दृश्य उनकी कविता और कवि की कल्पनाओं को उद्वेलित और प्रस्फुटित करता है। वहीं, हरे-भरे प्रांगण के इर्द-गिर्द बच्चों व वयस्कों के मनोरंजन के लिए आधुनिक प्रकार के साधन भी उपलब्ध हैं। इसी सौंदर्य के बीच ठहरने के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम का सुंदर होटल इस की सुंदरता को और भी खूबसूरती के रंग भर देता है। यहां के स्थानीय लोग बडे ही भोले-भाले, मिलनसार और मृदुभाषी हैं। कैफे से कुछ ही दूरी पर पालमपुर का आधुनिक बाजार है, जो जीवंत चित्रकार की कल्पना-सा लगता है, जो कि यहां से मात्र 10 मिनट दूरी पर है, जिसे आप टहलते हुए और यहां पर चारों ओर फैले घने चाय के बगीचों में स्वास्थ्यवर्धक सुषमा का लुत्फ उठते पहुंच सकते हैं।



## फैशन का हब बना पालमपुर बाजार

**पालमपुर** बाजार अब फैशन का हब बन चुका है। यहां टाटा जुडिया, रिलायंस ट्रेंड्स, विशाल मेगा मार्ट, वी मार्ट, रिलायंस डिजिटल, फैशन हब, भुट्टिक, बाटा जैसे ब्रांडेड शोरूम हैं, जो इसे पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण बनाते हैं। हिमाचल की हस्तशिल्प व स्थानीय परिधान भी यहां सहजता से उपलब्ध हैं। इस बाजार के मध्य अंतरराज्यीय बस अड्डा भी स्थित है, जहां से नॉन-एसी और एसी बसों द्वारा आप आस-पास के राज्यों के लिए आसानी से यात्रा कर सकते हैं। पालमपुर के बीचोंबीच स्थित सुभाष चौक और नेहरू चौक का अद्भुत नजारा विशेषकर शाम के समय लोगों को आकर्षित करता है। यहां चहल-पहल करते हुए आप इस शहर की सुंदरता का भरपूर आनंद उठा सकते हैं। अगर आप हिमाचल प्रदेश आयें,तो पालमपुर के भरपूर सौंदर्य का दीदार अवश्य करें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मटौर कॉलेज में व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर के कैरियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा पालमपुर आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के सहयोग से विद्यार्थियों के आंतरिक और बाहरी व्यक्तित्व विकास के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संजीव ने विद्यार्थियों को आंतरिक शांति, तनाव प्रबंधन, ध्यान, योग और श्वसन तकनीकों की जानकारी दी एवं उनका अभ्यास भी करवाया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों से इस ज्ञान को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### एंजल स्कूल भवारना में स्काउट एंड गाइड कैंप

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना स्थित एंजल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड कैंप का शुभारंभ प्रिंसिपल समीर सूद ने सरस्वती पूजन से किया। कैंप में प्रशिक्षकों निरंजन मिन्हास, बीएस राणा और प्रवीण कुमार का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंदु कटोच व अंकित कुमार ने किया। पहले दिन विद्यार्थियों को स्काउटिंग के गुण, अनुशासन और सेवा भाव का प्रशिक्षण दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकगीत व लोकनृत्य प्रस्तुत कर गए, जिससे छात्रों में उत्साह देखा गया।

### डीएवी स्कूल में विद्यार्थियों को बताया वेदों का महत्व



**अनंत ज्ञान, देहरा।** डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में श्रावणी पर्व के अवसर पर स्वामी दयानंद सरस्वती की दूसरी जन्मशती तथा आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूल में हवन, मंत्र उच्चारण, सूर्य नमस्कार, पौधरोपण करने के साथ गाय को चारा खिलाया गया। विद्यार्थियों को वेदों का महत्व बताया गया। प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने इस उपलक्ष्य पर सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों को श्रावणी सप्ताह की शुभकामनाएं दी और स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### एमओ की मेरिट लिस्ट में बुरली कोठी की दीप्ति प्रथम



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला की बुरली कोठी की दीप्ति शर्मा पुत्री डॉक्टर अनील उपाध्याय ने प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मेडिकल ऑफिसर की मेरिट लिस्ट में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर अपने माता-पिता तथा बैजनाथ का नाम रोशन किया है। डॉ. दीप्ति शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा बैजनाथ के निजी विद्यालय में हुई तथा मेडिकल की पढ़ाई टांडा मेडिकल कॉलेज में हुई। डॉ. दीप्ति शर्मा ने इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है।

### नौरा कॉलेज में अभिभावक प्राध्यापक संघ की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में अभिभावक प्राध्यापक संघ (पीटीए) की आम सभा का आयोजन 23 अगस्त शनिवार को सुबह 11 बजे प्राचार्य कार्यालय में किया जा रहा है, जिसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा व आगामी वर्ष के लिए संघ के कार्यों की रूपरेखा भी निर्धारित की जाएगी।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद की बैजनाथ-पपरोला शाखा द्वारा पपरोला में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष प्रीतम भारती, सचिव अनुज आचार्य और वित्त सचिव हरीश अरोड़ा के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं। कंवर अमरनाथ, शक्ति चंद राणा, ज्ञान चंद वर्मा, सुरिंद्र धीमान, आशुतोष राही सहित अन्य सदस्यों ने गीत, शायरी, चुटकुले और भजन प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया। मंच संचालन सचिव अनुज आचार्य ने किया, जबकि अध्यक्ष प्रीतम भारती ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार जताया।

### दो साल से प्रवक्ताओं की पदोन्नति नहीं

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ, जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, महासचिव बलजीत सिंह अटवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार, वित्त सचिव तिलक राज राणा व उपमंडल पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में बताया कि प्रदेश के लगभग 900 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिना प्रधानाचार्य के चल रहे हैं। पिछले दो वर्षों से प्रवक्ताओं की पदोन्नति नहीं हुई है। कई प्रवक्ता सेवानिवृत्त हो चुके हैं या सेवानिवृत्ति की कगार पर हैं, परंतु उन्हें एकमात्र पदोन्नति का अवसर भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि स्कूलों में मुखिया के अभाव में अभिभावक अपने बच्चों को दाखिला दिलाने में हिचकिचाते हैं, जिससे निजी विद्यालयों को लाभ मिल रहा है। कई बार मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और निदेशक से आग्रह के बावजूद स्थिति नहीं बदली। संघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो संघर्ष का मार्ग अपनाया जाएगा।

### रैंखा में जक्ख बाबा महादंगल 28 को

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** उपमंडल ज्वालामुखी के तहत रैंखा में जक्ख बाबा महादंगल का 28 अगस्त को आयोजन किया जाएगा। जक्ख बाबा दंगल कमेटी के अध्यक्ष सेना के पूर्व कैप्टन सुरेश कुमार व कमेटी सदस्यों ने कहा कि इस बार भी बड़ी माली 71000 रुपए, जबकि छोटी माली 31000 रुपए की रखी गई है। इस बार एक स्पेशल माली 11000 रुपए की रखी गई है। उन्होंने सभी पहलवानों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### डाडासीबा में गीदड़ों के हमले से दो घायल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा के झील क्षेत्र में गीदड़ों का आतंक बढ़ता जा रहा है। वीरनवार शाम को आधे घंटे में गीदड़ों ने दो लोगों 65 वर्षीय ओमप्रकाश (बतबाड़) और 53 वर्षीय सुनीता देवी (नंगल चौक) पर हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। दोनों का इलाज सिविल अस्पताल डाडासीबा में चल रहा है। करीब दस दिन पूर्व लोअर भलवाल के पंचायत सचिव पर भी हमला हो चुका है। वन विभाग के अनुसार गीदड़ पागल हो चुका है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गीदड़ को जल्द पकड़ने की मांग की है।

# मुल्थान में होगा जिले का पहला जापानी फल क्लस्टर

## दस हेक्टेयर के क्लस्टर का अक्तूबर में होगा कार्य शुरू

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** मुल्थान में कांगड़ा जिले का पहला जापानी फल का क्लस्टर बनने जा रहा है। दस हेक्टेयर के क्लस्टर में जापानी फल के पौधे रोपित करने के लिए बागवानी विभाग किसानों को सहयोग करेगा, जिसका कार्य अक्तूबर माह में शुरू हो जाएगा। एक ओर जहां जापानी फल का मार्केट में अच्छा दाम मिलता है।

वहीं, दूसरी ओर मुल्थान के किसानों-बागवान भी इसकी खेती के चाहवान है। बागवानी विभाग की मानें तो पिछले कुछ वर्षों में मार्केट में इसका अच्छा रेट बागवानों को मिल रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए मुल्थान में यह क्लस्टर बनाया जा रहा है, क्योंकि वहां का वातावरण भी जापानी फल के अनुरूप है। यही नहीं मुल्थान के बागवानों ने भी जापानी फल उगाने में दिलचस्पी दिखाई है। इसके लिए पौधे हालांकि बागवानी विभाग ने अपनी नर्सरी में भी तैयार किए हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर देश के अन्य राज्यों की पंजीकृत नर्सरी से भी जापानी फल के पौधे मंगवाए जाते हैं।





**मुल्थान** में स्थापित किया जाने वाला जापानी फल उगाने का क्लस्टर करीब दस हेक्टेयर का होगा। इसके लिए पौधे विभाग भी पौधे अपनी नर्सरी में तैयार कर रहा है, साथ ही बाहरी राज्यों की रजिस्टर्ड नर्सरी से भी जापानी फल के पौधे मंगवाए जाते हैं।

**-डॉ. अलक्ष पठानिया, उपनिदेशक, बागवानी विभाग जिला कांगड़ा**

### दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में बढ़ रही मांग

**जापानी** फल की खेती कुल्लू जिले में एक लोकप्रिय और लाभदायक व्यवसाय है। यह फल अपनी मिठास और उच्च शेल्फ लाइफ के लिए जाना जाता है, जिससे इसकी मांग दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, जापानी फल मार्केट में उस समय आता है, जब कोई फल नहीं होता, ऐसे में बागवानों को इस फल का अच्छा रेट मिल जाता है।

# उपायुक्त ने सुधेड़ में लिया भूस्खलन क्षेत्र का जायजा



धर्मशाला के समीप सुधेड़ में भूस्खलन स्थल का निरीक्षण करते डीसी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के समीप सुधेड़ में भूस्खलन स्थल का डीसी हेमराज बैरवा ने निरीक्षण किया। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को इस क्षेत्र में जल निकासी (ड्रेनेज) व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शीघ्र आकलन तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए स्थायी समाधान की आवश्यकता है। डीसी ने खंड विकास अधिकारी को यहां घरों के आस-पास वर्षा जल की निकासी के लिए आवश्यक प्रबंध करने के आदेश दिए। इसके उपरांत उन्होंने धर्मशाला रोपवे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धर्मशाला रोपवे परियोजना के समीप भूस्खलन की घटना के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा एवं संभावित जोखिम को देखते हुए तात्कालिक प्रभाव से रोपवे की सभी गतिविधियों को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के भू-वैज्ञानिक विशेषज्ञ, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं नगर निगम धर्मशाला की तकनीकी समिति दो दिनों के भीतर स्थल का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर ही रोपवे गतिविधियों को निलंबित रखने या पुनः प्रारंभ करने संबंधी निर्णय लिया जाएगा।

## चक्की पुल पर शीघ्र बहाल होगा रेल यातायात: वैष्णव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बरसात में भारी बारिश की वजह से पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन पर चक्की पुल पर यातायात बाधित हो गया है। डलहौजी रोड और नूरपुर रोड के बीच स्थित चक्की खड्ड पुल क्षतिग्रस्त हो गया है और इस ट्रैक पर यातायात 20 अगस्त से रेल यातायात बंद कर दिया गया है। यह जानकारी केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कांगड़ा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भरद्वाज को सदन में दी। उन्होंने बताया कि इस पुल की मरम्मत का कार्य अग्रिम स्टेज में है और इस ट्रैक पर यातायात शीघ्र बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध खनन का मुद्दा रेलवे प्रशासन राज्य सरकार से समय समय पर उठाती रही है।

- **अग्रिम स्टेज में चल रहा पुल मरम्मत कार्य**
- **सदन में केंद्रीय रेलवे मंत्री ने दी जानकारी**

**फोरलेन का 14 किमी का स्ट्रेच कार्य पूरा:** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कांगड़ा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को सदन में बताया कि भंगवार से कांगड़ा के बीच 18 किलोमीटर लंबी 4 लेन सड़क का 14 किलोमीटर के स्ट्रेच का कार्य पूरा कर लिया गया है और इसका शेष कार्य 31 दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

## एसओएस ने किया 2026 का वार्षिक कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय का वार्षिक कैलेंडर 2026 जारी कर दिया है। यह कैलेंडर कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा सत्र, आवेदन तिथियों और प्रवेश प्रक्रियाओं की जानकारी उपलब्ध कराता है। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि मार्च 2026 परीक्षा सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 10 अक्तूबर से 10 नवंबर 2025 तक बिना विलंब शुल्क चलेगी। इसके बाद विद्यार्थी 11 नवंबर से 31 दिसंबर तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकेंगे। पीसीपी (पर्सनल कॉन्टेक्ट प्रोग्राम) कक्षाएं जनवरी से फरवरी 2026 के बीच आयोजित की जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय पर सभी दस्तावेज और शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा संबंधित अध्ययन केंद्रों का पीसीपी भुगतान रोक दिया जाएगा। सितंबर 2026 परीक्षा सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया अप्रैल से जुलाई 2026 तक चलेगी। बिना विलंब शुल्क आवेदन की अंतिम तिथि 11 मई 2026 रखी गई है, जबकि 12 मई से 30 जून 2026 तक विलंब शुल्क के साथ फार्म भरे जा सकेंगे। बोर्ड सचिव ने जानकारी दी कि सभी अध्ययन केंद्रों को हर वर्ष 31 मार्च तक नवीनीकरण शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। समय पर शुल्क जमा न करने पर उनकी ऑनलाइन सेवाएं निलंबित कर दी जाएंगी। डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी।

## धारकंडी क्षेत्र में स्थापित होगा दो हजार लीटर क्षमता का मिल्क कूलर

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा के धारकंडी क्षेत्र की पंचायतों रूलेड, हार-बोह, रिडक्रमार, सल्ली, कुठारना, भलेड तथा दरिणी के पशुपालकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। विधायक केवल सिंह पठानिया के अथक प्रयासों से रिडकमार में प्रदेश मिल्क फेडरेशन शिमला के अधीन 2000 लीटर क्षमता वाले बल्क मिल्क कूलर की स्थापना को स्वीकृति मिल गई है। यह स्वीकृति मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की 8 मार्च की घोषणा के अनुरूप प्रदान की गई है।

इस बल्क मिल्क कूलर के स्थापित होने से पशुपालकों को घर के नजदीक दूध बेचने की सुविधा मिलेगी। धारकंडी क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन बड़े स्तर पर होता है, लेकिन अब तक उपयुक्त बाजार और संग्रहण सुविधा न होने से पशुपालक चिंतित रहते थे। अब 2000 लीटर दूध के एक साथ संग्रहण की सुविधा मिलने से दुग्ध उत्पादकों को बड़ा लाभ होगा और उनका दूध आसानी से बिक पाएगा।

## नगरोटा सूरियां में बीडीओ व स्टाफ ने संभाला कार्यभार

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** विकास खंड कार्यालय नगरोटा सूरियां में ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार बीडीओ मनोज शर्मा व स्टाफ ने वीरवार दोपहर को पुनः कार्यभार संभाल लिया। बता दें कि आठ जुलाई को सरकार द्वारा कार्यालय को जवाली शिफ्ट करने के आदेश पर नगरोटा सूरियां संघर्ष समिति ने उच्च न्यायालय से रोक लगवाई थी। बावजूद इसके कार्यालय को ज्वाली स्थानांतरित कर दिया गया था। अब ग्रामीण विकास विभाग ने 19 अगस्त को न्यायालय के आदेशों की अनुपालना करते हुए कार्यालय को पुनः नगरोटा सूरियां में बहाल कर दिया है। बीडीओ मनोज शर्मा ने बताया कि शुक्रवार से सभी कार्य नियमित रूप से यहीं से संचालित होंगे। नगरोटा सूरियां संघर्ष समिति के संयोजक संजय महाजन व सदस्यों ने बीडीओ के कार्यालय में उन्हें कार्यभार संभालने पर खुशी जाहिर की।

## लोगों ने खुद ही बना दिया पैदल रास्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी धर्मशाला को मैक्लोडगंज से जोड़ने वाला खड़ा डंडा मार्ग जोगीवाड़ा के पास भारी भूस्खलन के चलते पूरी तरह से बह गया है। चार किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर अब वाहन तो दूर, पैदल चलना भी खतरनाक हो गया है। स्थानीय लोग व बच्चे जान जोखिम में डालकर सड़क के किनारे से निकलने की कोशिश कर रहे थे, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टली। वीरवार को स्थानीय लोगों ने खुद पहाड़ी की ओर हल्की खुदाई कर अस्थायी पैदल रास्ता तैयार किया, जिससे फिलहाल कुछ राहत मिली है। हालांकि, जोगीवाड़ी के जंगल में भूमि धंसने से सड़क का पूरा हिस्सा बह गया है और स्थायी मार्ग बहाल होने में समय लगेगा। एसडीएम मोहित रत्न ने बताया कि डीसी कांगड़ा द्वारा वन क्षेत्र से वैकल्पिक पैदल रास्ता बनाने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

## खड्ड में बहे व्यक्ति का शव परिजनों को सौंपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के साथ लगते अपर सुधेड़ मेला मैदान के पास बुधवार को खड्ड में बहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसका शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक चंबा निवासी था और काफी समय से धर्मशाला क्षेत्र में रह रहा था। वीरवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी नारायण सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

## टांडा रेंज में फायरिंग अभ्यास 26 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त उपायुक्त कांगडा स्थित धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की ओर से 26 अगस्त को सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कछियारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न जाएं तथा अपने पशुओं को भी न जाने दें, ताकि किसी भी प्रकार की जान माल की हानि से बचा जा सके।

## पंचायत चौकीदार किए जाएं नियमित, सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंचायत चौकीदार यूनियन कांगड़ा की बैठक जिलाध्यक्ष कमल कुमार की अध्यक्षता में धर्मशाला में हुई। वहीं, पंचायत चौकीदारों ने अपनी मांगों को लेकर जिला उपायुक्त और जिला पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से चौकीदारों ने मांग की कि जिन पंचायत चौकीदारों के 12 वर्ष पूरा हो चुका है, उन्हें जल्द नियमित किया जाए। कमल ने कहा कि पॉलिसी में पंचायत चौकीदारों को वर्तमान में अंशकालिक कर्मचारी के रूप में लगातार 12 वर्ष तक सेवाएं देने के उपरांत दैनिक वेतन भोगी बनाए जाने का प्रावधान है, जोकि 31 अगस्त 2022 के बाद जारी नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री चौकीदारों को नियमित कर उनकी मांग को जल्द पूरा करें।

## 90 हजार का टारगेट, चालीस हजार फलों के पौधे वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बागवानी विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए 90 हजार फलों के पौधे वितरित करने का लक्ष्य रखा था, जिसमें से आम, लीची, आमरूद, लीची प्रजाति के 40 हजार के करीब पौधे वितरित किए जा चुके हैं। यह जानकारी बागवानी विभाग जिला कांगड़ा के उपनिदेशक डॉ. अलक्ष पठानिया ने दी। उन्होंने बताया कि शिवा प्रोजेक्ट के तहत जिले में 40 कलेस्टर चिन्हित किए हैं। इसमें संतरा, आमरूद, लीची के पौधे रोपित किए जा रहे हैं।

जिले में प्रोजेक्ट के तहत नए कलस्टर भी चिन्हित किए जा रहे हैं, जिनमें रैत ब्लॉक में भी एक कलस्टर शामिल है। इसके अलावा हाई वेल्यू क्रॉप्स ब्लूवेरी, एवोकैडो पर भी विभाग का फोकस है। शिवा प्रोजेक्ट के तहत चिन्हित 40 कलस्टर में 125 हेक्टेयर एरिया में फल पौधों का रोपण किया जा चुका है, जिसमें 1.25 लाख पौधे संतरा, माल्टा व माल्टा की विभिन्न किस्में, आमरूद, लीची के लगाए गए हैं। 37 फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन (एफएलडी), जो कि एक हेक्टेयर की होती है, उन्हें बागवानों के लिए लगाया था, उन्हें ही कलस्टर का रूप दिया गया है, जिसके तहत 890 किसानों को लाभान्वित किया जा चुका है।

# शांता ने भ्रष्टाचार विरोधी विधेयक को बताया ऐतिहासिक कदम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को राजनीतिक भ्रष्टाचार रोकने की दिशा में राष्ट्रीय महत्व का कदम उठाने के लिए बधाई दी है। उन्होंने लोकसभा में प्रस्तुत उस विधेयक की सराहना की, जिसके अनुसार यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में 30 दिन तक जेल में रहते हैं, तो उन्हें अपने पद से त्यागपत्र देना होगा।

शांता ने कहा कि यह कानून देश में व्याप्त राजनीतिक भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने हैरानी जताई कि विपक्ष इस जनहितैषी विधेयक का विरोध क्यों कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने संसद में विधेयक की प्रतियां फाड़कर और उसका विरोध कर यह सिद्ध कर दिया है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ ईमानदार प्रयास नहीं करना चाहता। इस कानून का दायरा सभी नेताओं पर लागू होगा, फिर केवल विपक्ष को इससे आपत्ति क्यों है? शांता ने कहा कि भ्रष्टाचार ने देश में लोकतंत्र की नींव को हिला कर रख दिया है। बड़े-बड़े नेताओं के घरों से नकदी के पहाड़ मिलना, अब आम बात हो गई है, जिससे जनता का विश्वास टूट रहा है। उन्होंने भाजपा के नेताओं जैसे लालकृष्ण आडवाणी और अमित शाह का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने आरोप लगने पर तत्काल पद त्यागा, जबकि विपक्ष के कई नेता जेल में रहते हुए भी पद पर बने रहे, जो लोकतंत्र का मजाक है।

## ब्यास नदी उफान पर, पौंग डैम में बढ़ा जलस्तर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पौंग डैम से पिछले 16 दिनों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। बुधवार को डैम से करीब 65,846 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जबकि वीरवार को यह मात्रा दिनभर बढ़ती रही। सुबह 9 बजे तक डैम से 67,797 क्यूसेक, शाम 5 बजे तक 71,794 क्यूसेक, 7 बजे तक 73,794 क्यूसेक और रात 9 बजे तक निकासी बढ़कर 75,794 क्यूसेक हो गई। बीबीएमबी ने सुबह से हर दो घंटे के अंतराल पर 2000-2000 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ा, जिसके चलते यह स्तर रिकॉर्ड किया गया। विश्रुत भारती एसडीएम फतेहपुर ने बताया कि पौंग डैम से पानी छोड़े जाने का सिलसिला पिछले 15 दिनों से लगातार जारी है। बीबीएमबी ने वीरवार को निर्णय लिया कि हर दो घंटे बाद 2000-2000 क्यूसेक पानी बढ़ाकर छोड़ा जाएगा। प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और राहत कार्यों के सुचारु संचालन के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई।

## पालमपुर में मनाया विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र पालमपुर की ओर से विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में तहसील वेलफेयर ऑफिसर मंजुल ठाकुर और विशेष अतिथि के रूप में सोनिया जम्वाल मौजूद रहीं। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभव साझा किए और समाज व युवाओं के लिए प्रेरणादायक संदेश दिए। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सामाजिक भागीदारी पर चर्चा की गई। मंजुल ने बुजुर्गों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ महिलाओं और पुरुषों ने समूहगान, नृत्य, रैंप वॉक और चेयर गेम में भाग लिया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## महिला मंडल लाहड़ के भवन को मिली छत

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विकास खंड बैजनाथ के तहत महिला मंडल भवन लाहड़ की छत बनकर तैयार हो गई है। 31 जुलाई को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने महिला मंडल भवन की दुर्दशा के इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद विभाग ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे शीघ्र पूरा करने के आदेश पारित किए थे। महिला मंडल के क्षतिग्रस्त हो चुकी छत तथा सीढ़ियों के कार्य को पूरा कराया है। इसके लिए समस्त जनता ने गुनेहड़ पंचायत की प्रधान अंजू देवी और उप प्रधान दुनी चंद जी का धन्यवाद किया है। गौर रहे कि महिला मंडल भवन में छत न होने के चलते नीचे आंगनबाड़ी भवन में सीलन और पानी आने की वजह से भवन में खतरा उत्पन्न हो रहा था, जिससे भवन खतरे की जद में था, न ही महिला मंडल भवन में जाने के लिए सीढ़ियां बनी थी। उपप्रधान दूनी चंद ने बताया कि पहले महिला मंडल भवन की जमीन पंचायत के नाम नहीं थी, इस वजह से कार्य में देरी हुई है। महिला मंडल भवन और आंगनबाड़ी भवन के लिए जमीन लाहड़ गांव के शेष राम ने दी है इसके लिए सभी लोगों ने उनका धन्यवाद किया है।



## नगरोटा बगवां में विकास को रोकने की कोशिश न करें कुछ लोग: डॉ. विरमानी

**राजन ढींगरा, अनंत ज्ञान**



**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां नगर परिषद के वार्ड 3 के पार्षद डॉक्टर नरेश विरमानी ने वीरवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता कहा कि जनता भाग्यशाली है कि नगरोटा बगवां को नई सोच रखने वाला विधायक एवं पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मिला है, जिसने नगरोटा बगवां के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 100 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान करवाया है और कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां में हो रहे करोड़ों के विकास पर कुछ लोगों द्वारा की जा रही टिप्पणी पर जनता ध्यान न दे। नगरोटा बगवां के पुराने सामुदायिक भवन का निर्माण 'गांव भी अपना काम भी अपना' के तहत 1990 के दौरान पूर्व में रहे मुख्यमंत्री शांता कुमार के समय हुआ था। 15 नवंबर 2021 में इस सामुदायिक भवन की रिपेयर के लिए भाजपा सरकार के रहे विधायक के समय नगर परिषद द्वारा इसकी रिपेयर के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था, परंतु उस समय की सरकार द्वारा बजट मुहैया न करवाने पर यह सिरे नहीं चढ़ पाया था। जब नगरोटा के विधायक आरएस बाली बने तो उन्होंने इस सामुदायिक भवन के स्थान पर बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए कोशिश की। बाली ने करीब 27 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान करवाया व नगर परिषद नगरोटा बगवां को प्रथम किस्त के रूप में 10 करोड़ का चेक 22 मार्च 2025 को प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि नए कॉम्प्लेक्स के बनने पर नगर परिषद को लाखों रुपए की आमदनी होगी, जिसमें वाहनों की पार्किंग सहित सामाजिक कार्य के लिए आधुनिक स्तर का हाल ओर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और सिनेमा हाल का भी निर्माण किया जाएगा।

## जल्द बहाल किया जाए राजगुंधा रोड: तिलक

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं एनजीओ लोक सेवा मंच के संयोजक तिलक राज ने राजगुंधा रोड को शीघ्र बहाल करने की मांग की है। पूर्व जिला परिषद सदस्य तिलक राज ने कहा कि उन्होंने इस क्षेत्र का दौरा किया तथा देखा कि सड़क के अभाव में किसान अपनी सब्जियों को मंडी तक पहुंचने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि छोटा भंगाल के लोगों की आजीविका का मुख्य साधन कृषि ही है, इसलिए इस सड़मक को तुरंत बहाल करने के लिए शासन व प्रशासन को अतिशीघ्र कड़े प्रयास करने चाहिए। तिलक राज ने कहा कि इस समय छोटा भंगाल नकदी फसलों का मौसम चल रहा है, इसलिए प्रशासन को फसल को मंडी तक पहुंचाने के पर्याप्त प्रबंध करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते सरकार द्वारा उचित कदम नहीं उठाएंगे तो इस बार इस घाटी के किसानों को अपनी रोजी-रोटी के लिए भी बुरे तोर से गुजरना पड़ेगा।



## झराड़ निवासी अर्जुन ने उपस्वास्थ्य केंद्र को दान की भूमि

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** उपमंडल जवाली के अंतर्गत झराड़ गांव के निवासी अर्जुन सिंह पुत्र बलदेव सिंह ने उपस्वास्थ्य केंद्र बंडेरू के लिए लगभग आठ मरले भूमि दान की है। यह योगदान क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगा। भूमिदान के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नाना पंचायत के प्रधान जनक सिंह, समाजसेवी सुभाष चंद्र, अभय सिंह, पटवारी मानसिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद व रविंद्र कुमार, स्वास्थ्य कार्यकर्ता शिवानी व बिंदु कौशल उपस्थित रहे। सभी ने अर्जुन सिंह की इस नेक पहल की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद व रविंद्र कुमार ने खंड चिकित्सा अधिकारी नगरोटा सूरियां डॉ. अमन दुआ की ओर से उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि दान की गई भूमि पर शीघ्र ही उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। ग्राम प्रधान जनक सिंह व समाजसेवी सुभाष चंद्र ने इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए यादगार और जनहित में अमूल्य योगदान बताया।




झराड़ गांव के अर्जुन सिंह ने उपस्वास्थ्य केंद्र बंडेरू के लिए आठ मरले भूमि दान की।

## कौशल निखारने टांडा आएंगे देशभर के प्रशिक्षु चिकित्सक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**टांडा** मेडिकल कॉलेज में देशभर के एमबीबीएस के प्रशिक्षु छात्र शैक्षणिक कौशल को निखारने के लिए एकत्रित होंगे। टांडा में 23 अगस्त को प्रदेश में पहला स्नातक चिकित्सा सम्मेलन मेडएस्केंड 2025 आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की समन्वयक डॉ. मोनिका पठानिया ने बताया कि सम्मेलन में जम्मू-कश्मीर से लेकर दक्षिण में आंध्र प्रदेश तक, भारत भर के विभिन्न कॉलेजों के नवोदित डॉक्टरों को विचारों का आदान-प्रदान करने, शैक्षणिक कौशल को निखारने और चिकित्सा के क्षेत्र में नए क्षितिज तलाशने के लिए विस्तार से चर्चा करेंगे। सम्मेलन के माध्यम से प्रशिक्षु चिकित्सकों को वैज्ञानिक शोध-पत्र प्रस्तुतियों, कार्यशालाओं, हैकथॉन और नेटवर्किंग जैसे कौशल को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ज्ञान, सहयोग और विकास के अपने अनूठे मंच के साथ, मेडएस्केंड राज्य में स्नातक चिकित्सा शिक्षा के लिए एक नया अध्याय शुरू करता है।

- **कल होगा हिमाचल का पहला स्नातक चिकित्सा सम्मेलन**

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल बाजार की टूटी सड़क की मरम्मत शुरू

**अनंत ज्ञान, चौपाल।** भारी बरसात के चलते उपमंडल मुख्यालय चौपाल के बाजार में क्षतिग्रस्त हुए चौपाल-नेरवा मुख्य मार्ग की मरम्मत की प्रक्रिया विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। समाजसेवी रविंद्र चंदेल ने बताया कि सरांह तथा पुलबाहल को उपमंडल मुख्यालय चौपाल से और चौपाल को उत्तराखंड तथा सिरमौर से जोड़ने वाली नेरवा होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क चौपाल बाजार में भारी बरसात के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। पानी के तेज बहाव के कारण सड़क के नीचे जमीन में कटाव हो गया था, जिससे उस स्थान पर हर समय किसी हादसे का खतरा बना हुआ था। रविंद्र चंदेल ने इस समस्या की शिकायत लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता अतुल गाजटा और अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर को की। उनकी शिकायत पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए विभाग के उच्चाधिकारियों ने ठेकेदार को प्राथमिकता के आधार पर इस सड़क की मरम्मत के निर्देश जारी कर दिए हैं। समाजसेवी ने जनहित की इस समस्या पर शीघ्र और त्वरित कार्रवाई करने के लिए मुख्य अभियंता अतुल गाजटा एवं अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

### राज्यपाल ने किया आषाढ़ का प्रथम दिवस पुस्तक का विमोचन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक प्रिथी पाल सिंह की पुस्तक आषाढ़ का प्रथम दिवस का विमोचन किया। यह पुस्तक प्रसिद्ध महाकवि कालिदास की अमर रचना मेघदूत का काव्यात्मक हिंदी रूपांतरण है। लेखक ने इस अनुवाद के जरिए कालिदास की कल्पनाशीलता और भावनात्मक गहराई को आज की भाषा में फिर से जीवंत करने का प्रयास किया है, ताकि यह खासकर विद्यार्थियों और युवाओं के लिए आसानी से उपलब्ध हो सके। पुस्तक की प्रस्तावना पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने लिखी है, जबकि इसका कवर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लघुचित्र कलाकार पद्मश्री विजय शर्मा ने डिजाइन किया है। राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि कालिदास की रचनाएं भारतीय साहित्य की आत्मा हैं और मेघदूत का यह काव्यात्मक रूपांतरण एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पुस्तक साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण योगदान देगी। वहीं, लेखक प्रिथी पाल सिंह ने कहा कि यह पुस्तक साहित्यिक रुचि का परिणाम है।

### राज्यपाल ने कल्याण सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन शिमला में राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में राज्यपाल ने पुष्पांजलि अर्पित की और कल्याण सिंह के योगदान को याद किया। राज्यपाल ने कहा कि कल्याण सिंह ने राष्ट्र, समाज और जनकल्याण के लिए जो काम किया, वह हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से देशवासियों को हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी। राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा सहित राजभवन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी इस श्रद्धांजलि समारोह में उपस्थित थे।

### रामपुर में भरे जाएंगे आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 25 पद

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** बाल विकास परियोजना रामपुर के तहत 25 आंगनबाड़ी सहायिका पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। ये पद रामपुर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों जैसे सुरू, कोट, भईबाग, कमड़ाली, कुर्गु, नई कुपड़, निचला डकोलड, सरला परोग, गूरी, सयाना गौरा, खुन्ना, खिंचा, कमसारी, जुआ, शीलपरोग, बरशोल, कावधार, नन्ती टिक्कर, शरनाल, ज्यूरी, दोफादा-2, नोगली-1, रायशरण, शिकारी नाला और सुघा में भरे जाएंगे। केवल महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकती हैं, जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 हो। आवेदन 29 अगस्त 2025 तक बाल विकास परियोजना अधिकारी, रामपुर कार्यालय में जमा करवाने होंगे। चयन के लिए साक्षात्कार 3, 5 और 8 सितंबर 2025 को आयोजित होंगे।

### हिमाचल को एचआईवी मुक्त बनाने का संकल्प

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में रेड रिबन क्लब की ओर से जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने की। एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और एचआईवी मुक्त हिमाचल का संकल्प लिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. सोनिया राठौर ने विद्यार्थियों को एचआईवी के कारणों, रोकथाम और सामाजिक पक्षों पर जानकारी दी। इस दो दिवसीय अभियान में कुल 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, महाविद्यालय में एनसीसी नेवी की भर्ती प्रक्रिया भी संपन्न हुई। इस दौरान 1 एचपी नेवल यूनिट के कमांडर सज्जन कुमार ने छात्र-छात्राओं को एनसीसी के महत्व के बारे में जानकारी दी। छात्रों का फिजिकल टेस्ट (दौड़, उठक-बैठक, दंड बैठक) और लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी प्रो. श्रवण कुमार, प्रो. सुरेश जम्वाल और पीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

### बरमाणा में गुग्गा जाहरवीर मेला शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा स्थित गुग्गा जाहरवीर मंदिर में वार्षिक मेले की शुरुआत आरती और रोट चढ़ाने की परंपरा के साथ हुई। मेले का आयोजन एक माह तक चलेगा। गुग्गा मेला कमेटी के प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि यह मेला राजस्थान के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा गुग्गा मेला माना जाता है। श्रद्धालु नाग देवता गुग्गा जाहरवीर से सर्प भय से मुक्ति और परिवार की सुख-शांति की कामना करते हैं। मंदिर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### जुखाला कॉलेज में लगाए औषधीय पौधे

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने की। उनके नेतृत्व में कॉलेज परिसर में छायादार, फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें प्रकृति की रक्षा के लिए सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर 86 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और हरित पर्यावरण के निर्माण में योगदान दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

### कुएं को पुनर्जीवित कर मिसाल बनी प्रधान प्रेमलता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** औहर पंचायत की प्रधान प्रेम लता ठाकुर ने संरक्षण का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए वर्षों से उपेक्षित पड़े राजाओं के समय के प्राचीन कुएं को फिर से जीवित कर दिया। यह कुआं वर्षों से सूखा था और कूड़ादान में तब्दील हो चुका था। गर्मियों में पानी की जरूरत को समझते हुए प्रेम लता खुद रस्सी के सहारे कुएं में उतरीं और युवाओं की टीम के साथ मिलकर 40 से अधिक ट्रैक्टर गंदगी बाहर निकाली। कुएं की सफाई के बाद यह अब शीतल और मीठे पानी से भर गया है। यहां मोटर लगाकर गांव को 24 घंटे पानी की सुविधा दी जा रही है। इस कार्य का अधिकतर खर्च प्रेम लता ने निजी तौर पर वहन किया। यह प्रयास न केवल जल स्रोत को पुनर्जीवित करने की मिसाल है, बल्कि नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण भी।

### घुमारवीं में 4, नयना देवी में 5 को कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि कम्पिटेंट ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड, मारुति नेक्सा डीलरशिप बिलासपुर द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर के 5 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू लिए जाएंगे। 4 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं तथा 5 को उपरोजगार कार्यालय श्री नयना देवी जी में प्रातः 10:30 से कम्पिटेंट ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड, मारुति नेक्सा डीलरशिप बिलासपुर द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर के 5 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू लिए जाएंगे। 20 से 40 आयु वर्ग के पुरुष व महिला उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 4 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय घुमारवीं एवं 5 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय श्री नयना देवी जी में पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

# सेब की बोरियों का अंबार, थमी उठान की रफ्तार

## एचपीएमसी और हिमफैड उठान में विफल, मजदूरों की बढ़ी परेशानी, टूटी बागवानों की उम्मीदें

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल की फिजाओं में इस बार सेब की भरपूर पैदावार तो हुई है, लेकिन इसके साथ समस्याओं का भी पहाड़ खड़ा हो गया है। सेब खरीद के लिए स्थापित एचपीएमसी तथा हिमफैड के कई संग्रहण केंद्रों पर इन दिनों सेब की बोरियों का अंबार लग गया है।

स्थिति यह है कि खेतों से निकली मेहनत अब केंद्रों पर ठहरी सांसों की तरह जमी हुई है। कतारों में रखी बोरियां समय पर नहीं उठाई जा रही हैं, और बरसात व खस्ताहाल सड़कों ने हालात को और बदतर बना दिया है।

इस वर्ष प्रदेश में एचपीएमसी ने लगभग 200 से अधिक संग्रहण केंद्र खोले हैं और हिमफैड ने भी अपनी ओर से व्यवस्थाएं की हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है बोरियों के ढेर, मजदूरों की किल्लत और गोदामों की कमी। फल समय पर न उठने के कारण सड़ने लगे हैं और इसका



एचपीएमसी के एक संग्रहण केंद्र में सेब की बोरियों के ढेर का दृश्य।

दोष अक्सर मजदूरों पर डाल दिया जाता है। बागवानों को भी भुगतान में देरी होती है और कई बार उन्हें नकद की बजाय खाद, कीटनाशक या उपकरण दिए जाते हैं, जिनका तत्काल कोई उपयोग नहीं होता।

### प्रशासनिक सुधार की सख्त जरूरत

**यदि** यही हालात जारी रहे, तो सेब के साथ-साथ बागवानों और मजदूरों का मनोबल भी सड़ जाएगा। आवश्यकता है कि एचपीएमसी और हिमफैड न केवल संग्रहण केंद्रों की संख्या बढ़ाएं, बल्कि समय पर उठान और भुगतान की गारंटी सुनिश्चित करें, जब तक व्यवस्था कागजों से निकलकर ज़मीन पर नहीं उतरती, हिमाचल की यह मीठी फसल कड़वे अनुभवों में बदलती रहेगी।

### मजदूरों की व्यथा हम दोष क्यों झेलें?

**रामलाल,** जो शिमला के समीपवर्ती एक संग्रहण केंद्र में वर्षों से मज़दूरी कर रहे हैं, कहते हैं कि हमारे पास न ट्रक है, न मशीन, न गोदाम। फिर भी अगर बोरियां समय पर नहीं उठतीं, तो ठीकरा हमारे सिर पर फोड़ दिया जाता है। बारिश में बोरियां भीगती हैं, फल सड़ते हैं और हमें डांट सुननी पड़ती है। क्या हम बागवानों की मेहनत को सड़ते देखते रहें और दोष भी झेलते रहें?

### उठान की समयबद्धता बनी सबसे बड़ी चुनौती

**एक** अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर स्वीकार किया कि केंद्रों का जाल तो बिछा दिया गया, लेकिन उठान की समयबद्धता बनाए रखना अब सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। परिवहन और गोदामों की तैयारी उतनी नहीं हो पाई, जितनी होनी चाहिए थी। इससे किसानों और मजदूरों दोनों पर संकट खड़ा हुआ है।

# नाली से गंदा पानी सड़क पर बहने से फैल रही बदबू, राहगीर परेशान

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**



**रामपुर बुशहर।** रामपुर से एक किलोमीटर दूर खोपड़ी में बीबीएमबी कॉलोनी के नजदीक राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 पर बनी नाली में गाद भर जाने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे बदबू फैल रही है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं, जिनमें स्कूली बच्चे, सरकारी अधिकारी और आम नागरिक शामिल हैं, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली में मिट्टी भर जाने के कारण गंदा पानी रुक जाता है और बदबू आने लगती है। उन्होंने कई बार इस समस्या की सूचना राष्ट्रीय राजमार्ग-5, रामपुर को दी है, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस नाली की मरम्मत और साफ-सफाई उचित ढंग से की जाए, ताकि इस समस्या से निजात मिल सके।

### साफ-सफाई पर दिया जा रहा जोर: प्रदीप

राष्ट्रीय राजमार्ग-5, रामपुर के सहायक अभियंता प्रदीप कौशल ने बताया कि सूचना मिलने पर तुरंत कर्मचारियों को मौके पर भेजकर नाली की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। समय-समय पर उच्च मार्ग पर बनी नालियों की साफ-सफाई की जाती है। मानसून के दौरान मिट्टी नालियों में आने के कारण पानी रुक जाता है, जो सड़क पर बहता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसी किसी भी सूचना पर समय रहते उचित निवारण कर दिया जाता है।

## हिमाचल में आपदा प्रबंधन सुविधा पर संसद में उठे सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद और प्रदेश महामंत्री, डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से पूछा कि क्या राज्य में आपदा प्रबंधन सुविधाओं की कमी है, जिससे बचाव कार्य प्रभावित होते हैं।

**सांसद सिकंदर ने कहा- क्या राज्य में आपदा प्रबंधन के लिए पर्याप्त सुविधाएं हैं?**

उन्होंने कहा कि क्या राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की वर्तमान बटालियनें राज्य के लिए पर्याप्त हैं और क्या आपदा राहत उपकरणों पर खर्च बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में एनडीआरएफ की एक बटालियन और दो क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र (मंडी, नूरपुर और नालागढ़) तैनात हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) का गठन और उसे सुसज्जित करना राज्य का कर्तव्य है। हिमाचल प्रदेश ने भी अपनी एसडीआरएफ बटालियन को अधिसूचित किया है। केंद्र सरकार एसडीआरएफ को आधुनिक उपकरणों से लैस करने के लिए राज्यों का सहयोग करती है और उन्हें प्रशिक्षण भी देती है।

## विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**



**सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी (सोलह मील) में एनएसएस, ईको क्लब तथा रोवर-रेंजर्स इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय शिविर के रूप में आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने न केवल नए पौधे रोपे, बल्कि पहले से लगाए गए पौधों की देखरेख भी की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने कार्यक्रम में सहयोग के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी दिवाकर शर्मा का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि भविष्य में भी महाविद्यालय, वन विभाग के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार, डॉ. गीता, रोवर-रेंजर्स लीडर डॉ. विक्रांत सकलानी, डॉ. कविता, ईको क्लब सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. गोदावरी, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. सरिता, बीट गार्ड कमलराज व वनमित्र राजीव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## रामपुर प्रोजेक्ट कॉलोनी में तेंदुए की दहशत

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर स्थित 212 मेगावाट हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की कॉलोनी के पार्क में सोमवार को एक तेंदुआ घुस आया, जिससे कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। तेंदुए को कॉलोनी में विचरण करते देख लोगों में भय का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ कॉलोनी के पार्क क्षेत्र में काफी देर तक इधर-उधर घूमता रहा। इस दौरान कॉलोनी में सन्नाटा छा गया और बच्चे-बूढ़े सभी दहशत में आ गए। तेंदुए ने किसी भी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया।

इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दे दी गई है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंच पाई थी। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएं।

## भूस्खलन से काशापाट रोड बंद, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

रामपुर उपमंडल की दुर्गम पंचायत काशापाट को जोड़ने वाली मुख्य सड़क भारी भूस्खलन के कारण पूरी तरह से बंद हो गई है। मार्ग बंद होने से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही थम गई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। काशापाट रोड, जो काशा क्षेत्र के लिए जीवन रेखा मानी जाती है, पिछले लंबे समय से बंद पड़ी है।

इस कारण ग्रामीणों को आवश्यक सेवाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और बाजार पहुंचने में गंभीर समस्याएं आ रही हैं। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना तक जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वे मजबूरी में जान जोखिम में डालकर इस खतरनाक रास्ते से गुजर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग के कुछ कर्मचारी सड़क को खोलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मशीनरी की कमी के चलते सफलता नहीं मिल पा रही है। बिना उचित संसाधनों के सड़क को बहाल करना संभव नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मशीनरी और जनशक्ति भेजने की मांग की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश चौहान और महिला प्रवक्ता निकिता गुप्ता ने इस स्थिति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की कथनी और करनी में बड़ा फर्क है।

# भूस्खलन से जूझ रहे एनएच 21 पर टोल टैक्स वसूली जारी, प्रशासनिक आदेशों की हो रही अवहेलना

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** भारी बारिश और भूस्खलन के चलते किरतपुर-नेरचौक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-21) लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। जगह-जगह भूस्खलन, बड़े-बड़े पत्थर गिरने और ट्रैफिक जाम की वजह से यात्रियों को घंटों-घंटों तक सड़क पर फंसा रहना पड़ रहा है। पीने का पानी, भोजन, शौचालय और आश्रय जैसी बुनियादी सुविधाएँ तक यात्रियों को नहीं मिल पा रहीं। ऐसे हालात को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिलासपुर के अध्यक्ष एवं डीसी राहुल कुमार (आईएएस) ने 20 अगस्त को आदेश जारी किया था कि बलोह और मौरा टोल प्लाजा पर टोल टैक्स की वसूली एक महीने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित रहेगी।

आदेश में साफ लिखा गया था कि जब तक राष्ट्रीय राजमार्ग-21 (एन एच-21) के बड़े हिस्से सुचारु रूप से चालू नहीं हो जाते, तब तक यात्रियों से टोल टैक्स लेना अनुचित है। बामटा जिला परिषद वार्ड के



टोल अधिकारियों से बात करते जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा व काटी गई टोल पर्ची।

सदस्य गौरव शर्मा ने भी इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाई। 21 अगस्त को उन्होंने स्वयं बलोह टोल प्लाज़ा का दौरा किया और टोल अधिकारियों से सीधे बातचीत की। गौरव शर्मा ने टोल वसूली को 'असंगत और जनविरोधी' करार दिया। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन ने स्पष्ट आदेश जारी किए हैं, तो फिर टोल वसूली जारी रहना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आपदा के समय जनता के साथ अन्याय भी है। आदेश लागू होने के बावजूद बलोह टोल प्लाजा पर टोल टैक्स वसूली धड़ल्ले से जारी है। 21 अगस्त को यात्रियों से बाकायदा टोल की रसीद काटी गई, जबकि उसी समय लोग जिला प्रशासन का आदेश दिखाकर राहत की मांग कर रहे थे। टोल कर्मियों ने यात्रियों से कहा कि वे एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के अधीन हैं और उन्हें जिला प्रशासन के आदेश मानने का कोई निर्देश नहीं मिला है। यात्रियों और स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जिला प्रशासन और राज्य सरकार तुरंत हस्तक्षेप करें, एनएचएआई को आदेश लागू करवाने के लिए बाध्य करें और इस अवैध वसूली पर तुरंत रोक लगाएं। साथ ही, जिनसे आदेश के बावजूद टोल टैक्स लिया गया है, उनका पैसा वापस किया जाए।

## टोल की वसूली पर युकां के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष ने जताया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन सड़क की खस्ताहालत के बाद गरामोड़ा व बलोह टोल प्लाजा पर एक महीने के लिए टोल न लिए जाने के आदेशों के बाद वीरवार को टोल की वसूली के मुद्दे पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष ठाकुर ने अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ मिल कर परिधिगृह बिलासपुर के पत्रकारवार्ता की। इसके बाद एनएचएआई के खिलाफ नारीबाजी कर रोष जताया। वहीं, उनकी अगुवाई में लोगों ने डीसी राहुल से भी मुलाकात की। आशीष ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशों के बाद भी इन टोल बैरियरों पर टोल वसूला जाना सरासर गलत है। एनएचएआई प्रबंधन तुरंत गरामोड़ा व बलोह टोल बैरियरों पर टोल वसूली रुकवाए। टोल टैक्स न वसूले जाने की अधिसूचना जारी होने के बाद वाहनों से वसूले गए टोल टैक्स को वापिस करे। उन्होंने चेतावनी दी की यदि दोनों टोल बैरियरों पर टोल वसूली जारी रही तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## स्कॉलरशिप परीक्षा उत्तीर्ण करने पर छात्रा श्रुति सम्मानित



**अनंत ज्ञान, भगेड़।** गेहड़वीं स्कूल की छात्रा श्रुति को स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुमित कुमार और केंद्र मुख्य शिक्षिका लता कुमारी ने छात्रा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। यह परीक्षा एससीईआरटी द्वारा आयोजित की जाती है। समिति अध्यक्ष ने श्रुति को बधाई दी तथा दूसरे चरण की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यापक अंजना, कुमारी निशा, नंदपाल सिंह और इंदू कुमारी भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, दधोल (बिलासपुर)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को नशा न करने का संदेश दिया। वरुण, केशव चौधरी, सक्षम, करण ठाकुर, समर राही, नेहा ठाकुर व माही शर्मा ने नाटक प्रस्तुत कर बताया कि नशा किस प्रकार जीवन को बर्बादी की ओर ले जाता है। प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए नशा छोड़ने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य यशपाल रणौत, प्रवक्ता सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिक्षकों के जल्द भरे जाएं रिक्त पद

**अनंत ज्ञान, दधोल (बिलासपुर)।** प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश की बैठक लोक निर्माण विश्राम गृह घुमारवीं में संघ की प्रदेशाध्यक्ष सोनिका कपूर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सोनिका कपूर ने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य शिक्षकों के लगभग 48 पद रिक्त हैं, जबकि 19 प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक हाल ही में कोलकाता से डिप्लोमा करके लौटे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल व स्वास्थ्य निदेशक डॉ. गोपाल बैरी से मांग की कि रिक्त पदों को प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षकों से भरकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए। साथ ही मांग की गई कि पदोन्नति होने तक रिक्त खंडों में कार्यरत प्रशिक्षित शिक्षकों को कार्यभार सौंपा जाए। बैठक में प्रदेश सचिव मीना ठाकुर सहित 14 सदस्य मौजूद रहे।

### मंत्री राजेश धर्माणी 23 व 24 को जिला प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** तकनीकी शिक्षा, आवास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 23 व 24 अगस्त को जिला बिलासपुर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। सरकारी प्रवाक्ता ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी 23 अगस्त को प्रातः 11 बजे औहर में किसानों के लिए प्राकृतिक खेती पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके उपरांत बिलासपुर नगर परिषद में आयोजित श्री खाटूश्याम वंदना महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे किसान भवन बिलासपुर में व्यापार मंडल बिलासपुर के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे कोठवा में माता खबड़ी देवी मंदिर सुधार समिति द्वारा आयोजित 6 दिवसीय मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### जिले में 93590 बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दूसरे चरण में जिले के 1 से 19 आयु वर्ग के लक्षित 97913 से 93590 को एल्बेंडाजोल की खिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए कृमिनाशक दवा दी गई। झंडूता क्षेत्र के 368 आंगनबाड़ी केंद्रों में करीब 6,000 बच्चों को दवा खिलाई गई। कार्यकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि राउंडवर्म, हुकवर्म व पिनवर्म जैसी बीमारियां मिट्टी से फैलती हैं और बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास में बाधा बनती हैं। उन्होंने बताया कि दूषित मिट्टी में खेलने वाले बच्चों को इससे संक्रमण फैलता है।

### सुन्हाणी में पाइप खरीद में घोटाले का आरोप

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की सुन्हाणी पंचायत से संबंध रखने वाले पंकज सोनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पंचायत पर पाइप खरीद में घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत लगाई गई पाइपों की जानकारी आरटीआई से प्राप्त की गई, जिसमें 2025 में खरीदी गई पाइपों का रेट 2300 रुपए दर्शाया गया है, जबकि बाजार में यह रेट 1700 रुपए से अधिक नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें अधूरी जानकारी दी गई है, वर्ष 2025 के बिल नहीं दिए गए। उन्होंने प्रशासन से इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रेस वार्ता में कई लोग मौजूद रहे।

# गरामोडा टोल बैरियर पर स्कूटी और ट्रक में टक्कर, दो की मौत

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान**

**स्वारघाट।** गरामोडा टोल टेक्स बैरियर के समीप वीरवार को एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार स्कूटी (नंबर एचपी 91 4056) और ट्रक (नंबर यूपी 80 ए 5462) में भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि टक्कर के बाद स्कूटी में आग लग गई। इस हादसे में रफी महोमद पुत्र सदिक महोमद निवासी गांव भटेर, डाकघर जगातखाना, तहसील नयना देवी जी और सुनील कुमार पुत्र कमल देव निवासी गांव बरोहा, डाकघर डुगा, जिला हमीरपुर इन दोनों की मोके पर ही मौत हो गई। मृत शरीर को एंबुलेंस के माध्यम से एम्स बिलासपुर ले जाया गया,। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## बध्यात में बस ने स्कूटी को मारी टक्कर, महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर नगर के साथ बध्यात में एक निजी बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान जमना देवी (54) पत्नी महेंद्र पाल निवासी औहर बिलासपुर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक वीरवार सुबह दंपती औहर से बिलासपुर की ओर आ रहे थे। बध्यात में उनके आगे एक निजी बस चल रही थी, जोकि सवारियां उतारने के लिए रूक गई। इसको देखते हुए स्कूटी चालक महेंद्र पाल बस से ओवरटेक करने लगा। इसी बीच एक निजी बस ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों सवार सड़क पर गिर गए। दोनों को क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर लाया गया, जहां जमना देवी ने दम तोड़ दिया। उधर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि स्कूटी को टक्कर मारने वाली बस को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## फोरलेन की खामियों पर डीसी बिलासपुर सख्त, एनएचएआई को प्रगति रिपोर्ट के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में फोरलेन सड़क परियोजना से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों सहित जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान गरामोड़ा और बलोह टोल प्लाजा पर टोल शुल्क वसूली के अस्थायी निलंबन सहित अन्य कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एनएचएआई अधिकारियों ने टोल वसूली निलंबन को समाप्त करने का प्रस्ताव रखा। इस पर जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में फोरलेन सड़क के कई हिस्सों पर ल्हासे और पत्थर गिरने जैसी घटनाओं के कारण यातायात असुरक्षित हो गया है। यात्रियों और वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही टोल वसूली पर अस्थायी रोक लगाई गई है। एनएचएआई अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा और जल्द ही सड़क को सुरक्षित बनाया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार ने निर्देश दिए कि एनएचएआई शीघ्र ही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करे, जिससे उचित निर्णय लिया जा सके। बैठक में फोरलेन परियोजना से जुड़े अन्य पहलुओं जैसे निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और स्थानीय लोगों की समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। एनएचएआई को इन सभी मामलों में त्वरित और प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया, जिला के सभी उपमंडलाधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**टोल वसूली निलंबन पर भी की चर्चा**

# बारिश से जनजीवन प्रभावित, बेदियाली और सौंडा गांवों का सड़क संपर्क टूटा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने चंबा जिले के चुराह उपमंडल में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारी वर्षा के कारण भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं और इससे विकासखंड तीसा की ग्राम पंचायत झज्जा कोठी एवं थानई कोठी के अंतर्गत आने वाले गांव बेदियाली और सौंडा का मुख्य सड़क मार्ग से संपर्क पूरी तरह टूट गया है।

पहाड़ दरकने से संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं, जिससे क्षेत्र में जन-संपर्क बाधित हुआ है और स्थानीय लोगों को दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा आपातकालीन सेवाओं में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से न सिर्फ आवाजाही ठप हो गई है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों के इलाज और राशन-सामग्री की उपलब्धता भी गंभीर संकट में है।

प्रशासन की ओर से राहत एवं बहाली कार्य शुरू कर दिए गए हैं, लेकिन लगातार बारिश और भूस्खलन के चलते मशीनरी को काम करने में कठिनाई आ रही है। स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जैसे ही मौसम अनकूल होगा, सड़क मार्ग की बहाली प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन पर समीक्षा बैठक, उपायुक्त मुकेश ने की अध्यक्षता, कहा–

# हिम एसेस ऐप से हो रहा लाभार्थियों का सर्वेक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन को लेकर जिला कल्याण अधिकारी एवं तहसील कल्याण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों का सर्वेक्षण हिम एसेस ऐप के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य केवल पात्र व्यक्तियों को ही पेंशन का लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने आगे बताया कि भविष्य में इस योजना का लाभ ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से हिम एसेस ऐप पर उपलब्ध कराया जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन का कार्य 31 अगस्त से पहले पूर्ण किया जाए। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी चंबा राज बहादुर, तहसील कल्याण अधिकारी अक्षय कुमार, आरती देवी, केसर सिंह, सुरजीत मांडला, धरमवीर बाल विकास परियोजना अधिकारी, राजेश राय अधीक्षक महिला एवं बाल विकास कार्यालय चंबा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## नए होम स्टे निर्माण के लिए दिए जाएंगे 5 लाख

**उपायुक्त** चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भरमौर और पांगी में होम स्टे विकसित किए जाएंगे। यह जानकारी उन्होंने राष्ट्रीय सूचना केंद्र में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि जिला के जनजातीय क्षेत्रों भरमौर और पांगी में पर्यटन संभावित गांवों के क्लस्टर बनाए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक क्लस्टर में 4 से 5 गांवों शामिल होंगे। हर क्लस्टर से 6 से 10 होम स्टे आवेदनों को मंजूरी दी जाएगी। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि होम स्टे की औपचारिकताएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं। नए होम स्टे निर्माण के लिए 5 लाख रुपए और पुराने होम स्टे के मरम्मत कार्य के लिए 3 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## कारीगरों को प्रशिक्षण और टूल किट्स का वितरण

**डीसी** चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग केंद्र चंबा के तत्वावधान में प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिले में लंबित आवेदनों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहित करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। योजना के तहत कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय 18 पारंपरिक क्षेत्रों जैसे मोची का कार्य, टोकरी बनाना, माला बनाना, मछली जाल निर्माण, मूर्तिकला आदि में प्रशिक्षण, टूल किट, प्रशिक्षण अवधि भत्ता, बिना ब्याज ऋण और विपणन सुविधाएं प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 719 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, 233 को टूल किट्स वितरित की गई हैं और 30 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध करवाया गया है।

# दस दिन से बंद है लोथल मार्ग पीडब्ल्यूडी की चुप्पी पर जनता नाराज

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

लोथल पंचायत को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग, जो पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग)के अधीन आता है, पिछले दस दिनों से बंद पड़ा है, लेकिन अब तक इसकी बहाली के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय निवासी – अजय ठाकुर, सुरेंद्र चौहान, ओम प्रकाश, संजय भारद्वाज, पप्पू राम महाजन व अन्य लोगों ने बताया कि यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसके बंद होने से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि खाद्य सामग्री व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में भी गंभीर समस्याएं आ रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन को बार-बार इस समस्या से अवगत कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लोगों में गहरा रोष है। ग्रामीणों ने गुहार लगाते हुए प्रशासन और सरकार से मांग की है कि इस रास्ते की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र मशीनरी भेजकर मार्ग को बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और बच्चों की शिक्षा में आ रही रुकावट भी दूर हो।



**रास्ता बंद, जनजीवन ठप बच्चों की पढ़ाई और जरूरी सामान तक पहुंच प्रभावित**

## न्यूज ब्रीफ

### डियूर स्कूल में बच्चों को दी गई एल्बेंडाजोल की खुराक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर वीरवार को निर्मल पब्लिक स्कूल में आशा वर्कर द्वारा बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई। कार्यक्रम के तहत चार से पांच वर्ष की आयु के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक के साथ-साथ एल्बेंडाजोल टैबलेट दी गई, जबकि पांच से तेरह वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई। इस अवसर पर आशा वर्कर्स ने बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एल्बेंडाजोल एक कृमिनाशक दवा है, जो शरीर में पाए जाने वाले हानिकारक परजीवी कृमियों को मारकर या उनकी वृद्धि को रोककर संक्रमण से बचाव करती है। इससे बच्चों का संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर होता है और उनमें कुपोषण की आशंका भी कम हो जाती है। विद्यालय प्रबंधन ने आशा वर्कर के प्रयासों की सराहना की और ऐसे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

### बिजली बोर्ड ने बकाया वसूली में कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बिजली उपमंडल चंबा नंबर-1 में उपभोक्ताओं पर लगभग 74 लाख रुपए की बकाया राशि लंबित चल रही है। बोर्ड द्वारा बकाया राशि की वसूली के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है। माह अगस्त में अब तक विभाग ने 160 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए हैं, जिनसे कुल 52 लाख रुपए की वसूली होनी है। वहीं, समय पर बिल जमा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अब तक 50 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने की प्रक्रिया अमल में लाई गई है, जिन पर लगभग 19 लाख रुपए का बकाया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए बजली उपमंडल चंबा नंबर-1 के एसडीओ तेजू ठाकुर ने बताया कि उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करवाने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बकाया राशि जमा न करने की स्थिति में आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। एसडीओ तेजू ठाकुर ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय रहते अपने बिजली बिलों का भुगतान करें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या कनेक्शन कटौती से बचा जा सके।

### चौरासी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** मणिमहेश यात्रा के साथ ही आरंभ हुए भरमौर जातर मेले में शाम को चौरासी मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। साथ ही यहां पर वाद्य यंत्रों की धुनों पर पारंपरिक नृत्य करती महिलाओं व पुरूषों का नजारा देखते ही बन रहा है। बुधवार को हुई जातर भगवान कार्तिक को समर्पित रही। लिहाजा स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा में चौरासी मंदिर परिसर पहुंचे और इस दौरान घंटों यहां पर पारंपरिक नृत्य का दौर जारी रहा। उल्लेखनीय है कि 16 अगस्त को चौरासी मंदिर परिसर स्थित देवदार के विशालकाय वृक्ष पर झंडा चढ़ाने की रस्म पूरी होते ही भरमौर जातर मेले का भी शुभारंभ हो गया था। पहली पारंपरिक जातर का आयोजन हुआ और यह भगवान शंकर को समर्पित रही।

### विद्यार्थियों ने रैली से दिया जन-जागरूकता का संदेश

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमालयन ग्रुप ऑफ नर्सिंग कॉलेज, जोगिंद्रनगर में एसआरडीए थलटूखोड़ के सहयोग से एचआईवी/एड्स, टीबी, हेपेटाइटिस और यौन रोगों पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को इन गंभीर बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना था। विशेषज्ञों ने इन रोगों से जुड़ी जानकारियां साझा करते हुए समय पर जांच और इलाज की आवश्यकता पर बल दिया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने नाटक, पोस्टर और भाषणों के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया। कार्यक्रम के उपरांत एक रैली भी निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने नारे लगाकर लोगों को इन रोगों से बचने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रीसुक्खू द्वारा 12 अगस्त को प्रारंभ किया गया था।

# आंगनबाड़ी कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन एफआरएस की अनिवार्यता हटाने की मांग

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** सीटू से संबद्ध आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को उपायुक्त चंबा के माध्यम से महिला एवं बाल विकास मंत्री को ज्ञापन सौंपने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष नरेंद्र, महासचिव सुदेश, उपाध्यक्ष चम्पा देवी, सह-सचिव रजनी शर्मा और सदस्य आशा व अंजू शामिल रहीं।

प्रतिनिधियों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चेहरा पहचान प्रणाली (एफआरएस) बिना जरूरी तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराए लागू कर दी गई है। वर्ष 2019 में दिए गए मोबाइल अब खराब हो चुके हैं, जिससे सत्यापन की प्रक्रिया विफल हो रही है और लाभार्थी योजनाओं से वंचित हो रहे हैं। नेटवर्क की कमी और तकनीकी खामियों के कारण अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोग भी पंजीकरण नहीं करवा पा रहे हैं, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस तकनीकी असफलता के चलते कई स्थानों पर कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं।

- **लाभार्थी योजनाओं से हो रहे हैं वंचित**
- **तकनीकी असफलता के चलते कर्मचारियों के साथ हो रहा है दुर्व्यवहार**

कुछ राज्यों में कर्मचारियों को निलंबित किया गया है, वेतन रोका गया है और मानसिक तनाव के कारण मृत्यु की घटनाएं भी सामने आई हैं। मुख्य मांगों में एफआरएस की अनिवार्यता समाप्त करने, कर्मचारियों को बेहतर तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराने, केंद्रों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा, कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार लाभार्थियों को बिना एफ.आर.एस. पोषण सामग्री वितरित करने की मांग शामिल हैं।

# हरदासपुर में बुजुर्गों को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हरदासपुर में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज के बुजुर्ग नागरिकों को उनके अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में मुख्य विधिक सेवा प्रतिरक्षा अधिवक्ता डीपी मल्होत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण कल्याण अधिनियम-2007, नालसा (वरिष्ठ नागरिक कानूनी सेवाएं) योजना 2016 तथा निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही, बुजुर्गों को दुर्व्यवहार, उपेक्षा और संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी से बचाव के कानूनी उपायों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को प्राधिकरण द्वारा प्रदान



की जाने वाली विभिन्न कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी दी। शिविर में मुख्य उपविधिक सेवा अधिवक्ता शकुन ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निशुल्क कानूनी परामर्श की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के तहत वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोग, दिव्यांगजन तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्ति न्याय प्राप्ति हेतु निशुल्क वकील और कानूनी परामर्श का लाभ उठा सकते हैं। किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

सहायक कानूनी सहायता अधिवक्ता अनुराग ठाकुर ने वरिष्ठ नागरिकों को प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न कानूनी सहायता के साथ-साथ राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक आयोग अधिनियम-2019 और वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकारों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

## बिजली बहाली को लेकर एपीएमसी अध्यक्ष सक्रिय

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एपीएमसी अध्यक्ष चंबा ललित ठाकुर ने भारी वर्षा के चलते अपने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्पन्न बिजली समस्याओं को लेकर अधिशाषी अभियंता बिजली मंडल चंबा, प्रवेश ठाकुर से भेंट की। बैठक में उन्होंने ग्राम पंचायत सैली के गांव सुनकर, ग्राम पंचायत चड़ी में ट्रांसफार्मर से जुड़ी समस्या तथा ग्राम पंचायत डुलाडा में बिजली बाधित होने की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। ललित ठाकुर ने विभाग से आग्रह किया कि इन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को भारी बारिश के बीच बिजली आपूर्ति में राहत मिल सके।

शाम तक प्राप्त सूचना के अनुसार, ग्राम पंचायत सैली के गांव सुनकर में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्या का समाधान कर दिया गया है। एपीएमसी अध्यक्ष ने कहा कि विभागीय अधिकारियों के साथ सतत संपर्क में रहकर जनता की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए प्रयासरत हैं।

# डिजिटल बैंकिंग, बीमा योजनाओं पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

ग्राम पंचायत बलोठ में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, धरवाला शाखा द्वारा एक जन सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता सहायक प्रबंधक मंगल सिंह ने की। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को बैंकिंग सुरक्षा, बीमा योजनाओं और डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। सहायक प्रबंधक मंगल सिंह एवं एग्जीक्यूटिव नीतीश ने उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिनमें विशेष रूप से निम्नलिखित शामिल रहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन योजना,

अटल पेंशन योजना, हिम पैसा मोबाइल ऐप, स्वयं सहायता समूह और जेएलजी योजना, कैशलेस बैंकिंग एवं मोबाइल बैंकिंग की उपयोगिता, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय, महिलाओं के लिए विशेष ऋण योजनाएं (जैसे सशक्त महिला योजना) है। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और बैंक अधिकारियों से सीधा संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया।



जन सुरक्षा शिविर में जानकारी प्राप्त करते ग्रामीण।

**राज्य सहकारी बैंक द्वारा बलोठ में जन सुरक्षा शिविर का आयोजन**

# एनएसयूआई ने वोट चोरी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) जिला चंबा ने वीरवार को वोट चोरी के खिलाफ एक जबरदस्त पोस्टर अभियान चलाया।

इस दौरान विद्यार्थियों को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जागरूक किया गया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुहिम को हर कॉलेज और हर युवा तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने की।

उन्होंने कहा कि संविधान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि चुनाव आयोग इस पर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं करता है, तो एनएसयूआई और भी बड़े तथा उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी सीधे चुनाव आयोग पर होगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा, शर्म आती है कि देश में ऐसी निकम्मी सरकार बैठी है, जो चुनावों में धांधली करके जीतती है और जनता का शोषण करती है। इस अवसर पर इकाई अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज, जिला महासचिव रोशन, सचिव लक्ष्य, इकाई उपाध्यक्ष दिनेश तथा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**चंबा में युवा हुए जागरूक कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुहिम को दिया समर्थन**

### सूडोकु नवताल- 7529 (★★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7528 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# शिशु पाठशाला के स्थानांतरण पर अभिभावकों का विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय शिशु पाठशाला शहरचीनी के स्थानांतरण को लेकर अभिभावकों में गहरा रोष है। वीरवार को नाराज अभिभावकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाकात कर स्कूल को स्थानांतरित न करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। अभिभावकों ने कहा कि यह शिशु पाठशाला वर्तमान में राजकीय प्राथमिक पाठशाला शहरचीनी परिसर में सुचारू रूप से चल रही हैं, जहां छोटे बच्चे अपने भाई-बहनों के साथ एक ही स्थान पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

प्रस्तावित स्थान पर स्कूल शिफ्ट करने से न सिर्फ अभिभावकों को असुविधा होगी, बल्कि बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराएगा। उन्होंने बताया कि नए स्थान पर न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही मिड-डे मील जैसी जरूरी व्यवस्था संभव हो पाएगी। अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि जिन लोगों ने स्थानांतरण के समर्थन में ज्ञापन दिया है, उनके बच्चे इस पाठशाला में पढ़ते ही नहीं हैं। डीसी चंबा ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए अभिभावकों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर विभागीय स्तर पर बच्चों के हित में उचित निर्णय लिया जाएगा।

## हेलिकॉप्टर ने गौरीकुंड के लिए भरी उड़ान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मणिमहेश यात्रा में होली स्थित हेलिपैड गौरीकुंड के लिए हेलि टैक्सी सेवा बुधवार को आरंभ हो गई है। डॉयरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने इसके लिए अपनी हरी झंडी प्रदान कर दी। जिसके बाद होली से हवाई उड़ानों का दौर भी आरंभ हो गया। यह पहला मौका है जब होली स्थित हेलिपैड से मणिमहेश यात्रा की हेलि टैक्सी सेवा आरंभ हुई है। जिससे क्षेत्र के लोगों में भी भारी उत्साह है और हेलि टैक्सी सेवाएं आरंभ करने के लिए प्रदेश सरकार का आभार लोग जता रहे है।

**IN THE COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM- SUB SIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP)**

1. Sh. Ankit Mahajan S/o Arvind Kumar R/o VPO Dramman Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP).
2. Smt. Shreshtha Devi D/o Dilo Ram R/o Vill. Tika Chattair PO Yol Cantt, Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra (HP) *Applicants.........*

**V/s**

1. General Public
2. Local Registrar, Gram Panchyat Manjhgran. *Respondents.........*

**Subject:- Application for the Marriage registration u/s 8 of registration Marriage Act, 1996.**

Sh. Ankit Mahajan S/o Arvind Kumar R/o VPO Dramman Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP) and Smt. Shreshtha Devi D/o Dilo Ram R/o Vill. Tika Chattair PO Yol Cantt, Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra (HP) has filed an application u/s 8 of registration Marriage Act, 1996 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 20-02-2025 at Vill. Tika Chattair PO Yol Cantt, Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra (HP) as per Hindu rites & customs.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 25-09-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**Sd/-**
**Marriage Officer Cum**
**Sub Divisional Magistrate**
**Shahpur Distict Kangra (HP)**

**सेवा** | **श्रद्धालुओं के लिए निरंतर जारी है भोजन, रहने और नहाने की सुविधा**

# मणिमहेश में 23वीं बार लुंबिनी पठानकोट कमेटी लगाएगी लंगर

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

**भटियात।** हर साल की तरह इस साल भी मणिमहेश लंगर कमेटी लुंबिनी पठानकोट के श्रद्धालुओं द्वारा 23वीं बार लंगर का आयोजन किया गया। यह लंगर 154 नेशनल हाईवे रोड, नैनीखड्ड के बढ़ी मोड़ के पास स्थापित किया गया है। मणिमहेश यात्रा शुरू होते ही यह लंगर राधा अष्टमी के अंतिम स्नान तक चलता रहता है।

लंगर कमेटी के प्रधान सेवा राम ने बताया कि इस बार भी 9 अगस्त से लंगर शुरू हुआ था और यह राधा अष्टमी के अंतिम स्नान तक जारी रहेगा। उनकी कमेटी में लगभग 45 सदस्य हैं, जो श्रद्धा के अनुसार दान करते हैं, जिससे लंगर के लिए भोजन की व्यवस्था होती है। यह लंगर दिन-रात श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है। इसके साथ-साथ सोने और नहाने की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। सुबह के नाश्ते में छोले-भटूरे या आलू के पराठे, दही, सब्जी और अचार परोसे जाते हैं।

दोपहर में दाल, चावल, सब्जी, खीर, हलवा और गुलाब जामुन वितरित किए जाते हैं। शाम को चाय के साथ पकोड़े, आलू ब्रेड, आलू टिक्की और रस दिया जाता है। रात के खाने में दाल, चावल, चपाती, सलाद और सब्जी के साथ अचार परोसा जाता है। सेवा राम ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या कम होने के कारण भोजन उनकी इच्छानुसार ही बनाया जाता है। दोपहर को स्थानीय महिलाएं भजन-कीर्तन का कार्यक्रम भी आयोजित करती हैं, जिससे श्रद्धालु मनोरंजन के साथ झूम उठते हैं। प्रधान सेवा राम का कहना है कि वे लगातार 22 वर्षों से इस लंगर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बुजुर्ग होने के बावजूद भी उनकी आस्था अब भी अटल है। वे कहते हैं, जब तक मेरा शरीर साथ देगा, मैं प्रभु की इच्छा से इस लंगर में सेवा करता रहूंगा और श्रद्धालुओं का आशीर्वाद लेता रहूंगा।





## अनंत ज्ञान — आज का पंचांग

**शुक्रवार, 22 अगस्त 2025**

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वावसवसु), **मास** अमांत श्रावण, **तिथि** चतुर्दशी (11:58) : **नक्षत्र** आश्लेषा (00:17), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : वरियान (2:35), **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:57-12:49) **राहुकाल** (10:46-12:23)।

**विशेष दिन**
- 22 अगस्त : पितृकार्य अमावस्या कल।
- 22 अगस्त : कैलाश यात्रा कल होगी पूर्ण।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** प्रेमभाव बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**वृषः** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**मिथुनः** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्कः** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**सिंहः** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**कन्याः** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**तुलाः** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**वृश्चिकः** मनोविनोद बढ़ेंगे। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी।

**धनुः** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मकरः** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभः** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मीनः** भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

> **शिक्षा** हमारे बच्चों को सही चीजों की चाहत रखना सिखाती है। –**प्लेटो**

## संपादकीय

# आर्थिक दिशा को नया मोड़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में जब यह संकेत दिया था कि वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी में व्यापक सुधार किए जाएंगे, तब इसे एक दूरगामी आर्थिक एजेंडा माना गया था, लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से महज छह दिन बाद ही इन सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठते दिखाई दे रहे हैं। जीएसटी को लागू हुए अब सात वर्ष से अधिक हो चुके हैं और लगातार यह मांग उठती रही है कि इसके स्लैब को सरल बनाया जाए। अब राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह ने जो सिफारिशें केंद्र सरकार को भेजी हैं, उन्हें भारतीय टैक्स प्रणाली के इतिहास का सबसे बड़ा सुधार कहा जा सकता है। वर्तमान में जीएसटी की दरें चार प्रमुख स्लैब–5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में बंटी हुई हैं।

विलासिता की वस्तुओं और 'सिन गुड्स' जैसे शराब, सिगरेट तथा लग्जरी कारों पर 28 प्रतिशत के ऊपर एक्स्ट्रा सेस लगाया जाता है। इस स्लैब को उपभोक्ताओं और कारोबारियों दोनों के लिए जटिल और उलझाऊ माना जाता रहा है। अब सरकार ने जीओएम की सिफारिशों को अपनाते हुए इसे दो प्रमुख स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत में समेटने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही 12 और 28 प्रतिशत वाले स्लैब को समाप्त किया जाएगा। यह प्रस्ताव उपभोक्ताओं खासकर मध्यम वर्ग और एमएसएमई क्षेत्र के लिए राहत का पैगाम है। सरल स्लैब से न केवल टैक्स कंप्लायंस आसान होगा, बल्कि बाजार में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

जहां एक ओर सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं पर टैक्स का बोझ घटेगा, वहीं सरकार ने अत्यंत विलासिता वाली वस्तुओं और सिन गुड्स पर 40 प्रतिशत तक जीएसटी लगाने की बात कही है। 40 प्रतिशत टैक्स के ऊपर एक अतिरिक्त सेस लगाने का सुझाव भी आया, ताकि मौजूदा टैक्स बोझ (28 प्रतिशत + सेस) बरकरार रह सके। इससे यह स्पष्ट है कि आम उपभोक्ता की राहत का बोझ अमीर वर्ग और विलासिता उपभोग करने वालों पर डाला जाएगा। हालांकि, सुधार का यह रास्ता पूरी तरह से आसान नहीं है। राज्य सरकारें आशंका जता रही हैं कि स्लैबों को सरल बनाने और दरें घटाने से उन्हें राजस्व का भारी नुकसान होगा। जीएसटी लागू होने के बाद से ही राज्यों और केंद्र के बीच राजस्व बंटवारे को लेकर कई बार विवाद खड़े हुए हैं। राज्यों को आशंका है कि नई संरचना से उनकी आमदनी में बड़ी गिरावट आएगी, जो उनके विकास कार्यों पर असर डाल सकती है।

यह सही है कि आम जनता के लिए यह फैसला राहत भरा है, लेकिन राज्यों की वित्तीय सेहत को बिगाड़ना भी उचित नहीं होगा। विपक्ष इस फैसले को वोट की राजनीति से जोड़कर देख रहा है। तर्क दिया जा रहा कि सरकार जानबूझकर ऐसे कदम उठा रही है जिससे मध्यम वर्ग और कारोबारी वर्ग को तुरंत राहत मिले और आने वाले चुनावों में इसे जनता के तोहफे के रूप में पेश किया जा सके। विपक्ष का यह आरोप भी है कि सुधार की यह जल्दबाजी आर्थिक विवेक से अधिक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है, लेकिन सत्ता पक्ष का तर्क है कि यह कदम जनता को राहत देने और टैक्स प्रणाली को सरल बनाने के लिए अनिवार्य था।

विपक्ष चाहे कितने ही आरोप लगाए, लेकिन यदि आम आदमी को वास्तव में राहत महसूस होती है तो इसका सीधा असर सरकार की लोकप्रियता पर पड़ेगा। यदि जीएसटी दरों के पुनर्गठन से महंगाई कम होती है, व्यवसाय सुगम होते हैं और बाजार में पारदर्शिता आती है, तो यह सुधार निश्चित रूप से सरकार के पक्ष में जाएगा। इससे मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी और रोजमर्रा की वस्तुओं पर टैक्स बोझ घटेगा। एमएसएमई क्षेत्र को फायदा मिलेगा तथा टैक्स दरों में सरलता आएगी। पारदर्शिता में वृद्धि के साथ टैक्स चोरी की संभावना कम होगी। दूसरी ओर, चुनौतियां भी बनी रहेंगी।

राजनीतिक टकराव के चलते केंद्र और राज्यों के बीच विश्वास की कमी बढ़ सकती है। कार्यान्वयन की कठिनाई भी आ सकती है, क्योंकि इतनी बड़ी संरचना में बदलाव को लागू करना आसान नहीं होगा। जीएसटी सुधारों का असली असर समय के साथ सामने आएगा। अभी तो यह केवल प्रस्ताव के स्तर पर है। अंतिम मंजूरी जीएसटी परिषद को देनी होगी। यदि यह पास हो जाता है तो यह भारतीय टैक्स प्रणाली के इतिहास का मील का पत्थर साबित होगा।

जीएसटी का यह सुधार प्रस्ताव निश्चित रूप से साहसिक और दूरगामी है। इससे टैक्स व्यवस्था सरल होगी, जनता को राहत मिलेगी और कारोबार का माहौल सुधरेगा, लेकिन यह तभी स्थायी और सफल होगा जब राज्यों को राजस्व हानि से बचाने के लिए ठोस तंत्र तैयार किया जाए। विपक्ष चाहे इसे राजनीतिक दांव कहे या चुनावी जुगाड़, आम आदमी के लिए मायने यह रखता है कि उसे कितनी राहत मिलती है। आने वाले महीनों में इसका असर बाजार, महंगाई और राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति पर साफ दिखाई देगा। यदि केंद्र सरकार इन चुनौतियों को संतुलित ढंग से संभाल लेती है, तो यह सुधार न केवल टैक्स प्रणाली को बदल देगा, बल्कि भारत की आर्थिक दिशा को भी नया मोड़ देगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# फिल्म अभिनेता और राजनीतिज्ञ

**चिरंजीवी** दक्षिण भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता और राजनीतिज्ञ हैं। तेलुगू फिल्म उद्योग के आज के सबसे बड़े नेता चिरंजीवी ने अपने तीन दशक के फिल्मी करियर में 100 से अधिक फिल्मों में प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने अपनी फिल्मों में ऐसे अभिनेता का पात्र निभाया है जो गरीब और आम लोगों को बचाता है। चिरंजीवी को चार बार नंदी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा भारत सरकार ने भी चिरंजीवी को 'राष्ट्रीय पुरस्कार' प्रदान किया है। फिल्मों के अलावा चिरंजीवी राजनीति में भी सक्रिय हैं। चिरंजीवी का वास्तविक नाम 'कोणिदेल शिव शंकर वर प्रसाद' है। चिरंजीवी को वर्ष 2024 में भारत सरकार ने पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। अपनी फिल्मों और पार्टी के अलावा चिरंजीवी की पहचान एक सामाजिक कार्यकर्ता की भी रही है। 'चिरंजीवी चैरिटी ट्रस्ट' की स्थापना चिरंजीवी ने 1998 में की थी जिसमें एक ब्लड बैंक और कई आई बैंक (नेत्र दान केंद्र) हैं। आंध्र प्रदेश सरकार ने इनकी संस्था को सबसे ज्यादा ब्लड जमा करने के लिए पुरस्कृत भी किया है। ■



चिरंजीवी
जन्म : 22 अगस्त, 1955

## कविता



# साइबर वेलनेस चैलेंज

तनजिन नीमा, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर

*इंटरनेट का जब करो इस्तेमाल,*
*सावधानी रखो और करो कमाल।*
*अनजाने लिंक को कभी न छूना,*
*पासवर्ड अपना किसी को न देना।*
*गेम और रील्स का छोड़ो काम,*
*पढ़ाई–ज्ञान पर सदा रहे ध्यान।*
*मीठी भाषा हम सबको भाए,*
*गाली–शब्द न मुंह से आए।*
*फोटो भेजो सोच–समझकर,*
*राज बचाओ दिल में रखकर।*
*डिजिटल दुनिया का उपहार महान,*
*जिम्मेदारी से होगा सबका सम्मान।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# लोकप्रियता नहीं, आदर्श ही तय करते हैं जीवन की दिशा

आज का युग सोशल मीडिया का युग है। यहां हर व्यक्ति कहीं न कहीं किसी का फॉलोवर है और किसी न किसी का आदर्श चुनता है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि आखिर हम किसे फॉलो कर रहे हैं और क्यों कर रहे हैं। करोड़ों फॉलोअर्स वाले लोग अक्सर केवल एक या दो को ही फॉलो करते हैं। यह संकेत देता है कि असली प्रेरणा संख्याओं से नहीं, बल्कि चयन से आती है। जैसे पान–गुटखा बेचने वाला व्यक्ति विज्ञापन में लाखों लोगों को खाने की प्रेरणा देता है, लेकिन खुद उस जहर को नहीं छूता। इसका अर्थ यही है कि जो सामने दिख रहा है, वही सच्चाई नहीं होता। जो हमें प्रेरणा देने का दावा करते हैं, उनके जीवन में वही मूल्य हों, यह जरूरी नहीं। हमारे समाज में फॉलो करने की संस्कृति नई नहीं है।



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
कवि,स्वतंत्र पत्रकार

पहले के समय में लोग गुरुओं को, विचारधारा को या अपने आदर्श नायकों को फॉलो करते थे, परंतु तब यह चयन गहरी समझ और अनुभव के आधार पर होता था। आज की डिजिटल दुनिया में यह चयन अक्सर केवल बाहरी चमक–दमक, लोकप्रियता, दिखावटी लाइफस्टाइल और आकर्षण पर आधारित हो गया है।

लाखों की भीड़ किसी व्यक्ति को फॉलो करती है, लेकिन यह नहीं सोचती कि वह व्यक्ति वास्तव में समाज को क्या दे रहा है। क्या उसका जीवन दूसरों के लिए उदाहरण है, या केवल मनोरंजन और व्यर्थ का समय खर्च करने का साधन। यही सबसे बड़ा प्रश्न है जिस पर हर व्यक्ति को विचार करना चाहिए। हमारे शहीदों और महापुरुषों ने कभी भी लोकप्रियता के लिए त्याग नहीं किया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां जैसे वीरों ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित किया। उन्होंने कभी यह नहीं सोचा कि उन्हें कितने लोग फॉलो कर रहे हैं, बल्कि उनका ध्यान केवल इस पर था कि उनकी प्रेरणा से कितने लोग सही मार्ग पर चलें। उनके आदर्श ही असली प्रेरणा हैं



जिन्हें हमें फॉलो करना चाहिए। आज सोशल मीडिया पर सितारे अपनी फिल्मों, फैशन या जीवनशैली से करोड़ों फॉलोवर बटोरते हैं। मगर क्या उनकी चमक हमारे जीवन की अंधेरियों को मिटा सकती है? क्या उनकी जीवनशैली को फॉलो करना हमारे लिए व्यावहारिक है? क्या उनका दिखाया गया रास्ता हमारे भविष्य को सुरक्षित कर सकता है? शायद नहीं, क्योंकि जो व्यक्ति अपने जीवन में आराम, विलासिता और दिखावे को ही सर्वोपरि मानता है, वह आम आदमी के संघर्षों को कभी समझ ही नहीं सकता। उनके संदेश हमारे जीवन को दिशा नहीं दे सकते, केवल मनोरंजन भर कर सकते हैं।

इसके उलट हमारी संस्कृति हजारों वर्षों से हमें सिखाती रही है कि असली आदर्श वही है जो हमारे जीवन को उपयोगी दिशा दे। गीता का संदेश केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के हर संघर्ष में हमें प्रेरणा देता है। उपनिषद हमें ज्ञान की ओर ले जाते हैं, विवेकानंद हमें आत्मविश्वास देते हैं, गांधी हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं, डॉ. भीमराव अंबेडकर हमें समानता और अधिकारों का बोध कराते हैं। यह सभी व्यक्तित्व ऐसे हैं जिनका अनुसरण करना न केवल हमारे लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए लाभकारी है।

अनंत ज्ञान

सोचने की बात यह है कि हम किसे अपना नायक बना रहे हैं। एक फर्जी लाइफस्टाइल दिखाने वाला सेलिब्रिटी या अपने प्राण न्यौछावर कर देने वाला शहीद? वह व्यक्ति जो केवल मनोरंजन करता है या वह महापुरुष जो हमारी आत्मा को झकझोरता है और हमें कर्मठ, साहसी और जागरूक बनाता है। फॉलो करना केवल बटन दबाने का नाम नहीं है। फॉलो करना मतलब है किसी की सोच, उसके विचारों और उसके जीवन को अपने जीवन का हिस्सा बनाना। अगर हम किसी ऐसे व्यक्ति को फॉलो करते हैं जिसकी जीवनशैली खोखली है, तो हम भी धीरे–धीरे उसी खोखलेपन का हिस्सा बन जाते हैं, लेकिन अगर हम किसी महान व्यक्तित्व को फॉलो करते हैं, तो हमारे जीवन में भी उनकी महानता की झलक दिखाई देने लगती है।

आज के समय में युवाओं के लिए यह सबसे बड़ा चैलेंज है कि वे किसे अपना आदर्श मानें। दुनिया दिखावे की ओर भाग रही है, परंतु हमें यह तय करना है कि हम दिखावे के पीछे भागेंगे या असली मूल्यों को अपनाएंगे। हमें यह समझना होगा कि असली स्टार वही है जो हमारे अंधेरों में रोशनी लेकर आए, न कि वह जो केवल चमकते मंच पर रोशनी में दिखे। जब हम भारतीय शहीदों और संस्कृति को फॉलो करते हैं, तो हम न केवल अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित बनाते हैं। संस्कृति हमें सिखाती है कि जीवन का लक्ष्य केवल भोग नहीं, बल्कि त्याग और सेवा है। शहीद हमें सिखाते हैं कि राष्ट्रहित से बड़ा कोई धर्म नहीं। इनसे प्रेरणा लेने का अर्थ है अपने जीवन को सार्थक दिशा देना। याद रखिए, भीड़ हमेशा सही दिशा में नहीं जाती। कभी–कभी भीड़ अंधेरे में भी दौड़ती है।

समझदार वही है जो सोचकर तय करे कि उसे किस दिशा में जाना है। अगर करोड़ों लोग किसी को फॉलो कर रहे हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह व्यक्ति महान है। महान वही है जो बिना फॉलोवर के भी अपने जीवन से दूसरों को प्रेरणा देता है। अंत में यही कहना उचित होगा कि जीवन में आदर्श चुनते समय आंखें बंद नहीं करनी चाहिए। पान–गुटखा बेचने वाला खुद गुटखा नहीं खाता, यह सच हमें चेताता है कि दिखावे और वास्तविकता में बड़ा अंतर होता है। सोशल मीडिया पर चमकते चेहरे हमेशा सच्चाई नहीं होते। असली सच्चाई हमारे शहीदों के बलिदान में, हमारी संस्कृति की गहराई में और हमारे महापुरुषों की शिक्षाओं में है, तो सोचिए, आप किसे फॉलो कर रहे हैं। क्योंकि आपका चयन ही आपके जीवन की दिशा तय करता है। भीड़ का हिस्सा बनने से बेहतर है कि सही रास्ते का यात्री बनें। और सही रास्ता वही है जो हमारे भारतीय शहीदों, संस्कृति और महान परंपरा की ओर ले जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# नेरचौक से विश्वविद्यालय को बदलने की जरूरत क्यों?

अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय नेरचौक को सरकाघाट में स्थानांतरण की घोषणा जैसे ही मुख्यमंत्री द्वारा की गई, तो यह बयान एकाएक चर्चा में आ गया। बल्ह भाजपा के साथ स्थानीय लोगों व अन्य संगठनों ने अपना विरोध–प्रदर्शन शुरू कर दिया। पूछा जाने लगा कि आखिरकार मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय को नेरचौक से बदलने की घोषणा क्यों की? पहले से चल रहे संस्थान को बदलने की जरूरत क्यों? मुख्यमंत्री का निर्णय कितना उचित है? बल्ह की जनता में रोष की लहर उत्पन्न हो गई है।



**योगिंद्र पाल वालिया**
डडौर (नेरचौक), मंडी

कांग्रेस वाले खुलकर विरोध नहीं कर रहे, परंतु अपना रोष जरूर दिखा रहे हैं। ऊपरी हिमाचल निचला हिमाचल क्षेत्रवाद की आवाजे सुनाई देती थी। एक ही जिला में क्षेत्रवाद जैसी प्रथा शुरू हो जाए, तो जनता के मन में भेदभाव उत्पन्न हो जाएगा। विकास कार्य को लेकर एक दूसरी विधानसभा क्षेत्र में तुलना तो होती रहती है, लेकिन पहले से स्थित वह कार्यरत संस्थान को बदलना अप्रिय व अन्याय है। यदि कोई भी क्षेत्र व संस्थान राजनीति का शिकार हो जाए, तो उचित नहीं कहलाता। वर्ष 2006 में जब मेडिकल कॉलेज निजी हाथों में खोला जा रहा था, तो मंडी की जनता व अनेक संगठनों ने विरोध किया। जन आंदोलन प्रोफेसर सुंदर लोहिया के नेतृत्व में 120 दिन तक चला और जिसका परिणाम नेरचौक में लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज व अस्पताल है।

2009 में शिलान्यास हुआ और 2016–17 में लोगों को अस्पताल की सुविधा मिलना शुरू हो गई है।



विश्वविद्यालय अधिनियम 2017 (21 सितंबर 2017) को अधिनियमित किया गया था, जो हिमाचल प्रदेश विधानसभा द्वारा पारित हुआ और इसे 2017 का अधिनियम संख्या 11 माना जाता है।

मेडिकल कॉलेज के कैंपस में ही वर्ष 2019 में अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। विश्वविद्यालय का अपना अलग कैंपस के लिए भूमि नेरचौक के आसपास उपलब्ध है, परंतु राजनीति की वजह से भूमि मामला इधर–उधर लटका हुआ है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री सरकाघाट के लिए अन्य कोई संस्थान खोलने की घोषणा कर देते। विश्वविद्यालय को नेर चौक से सरकाघाट बदलने से क्या विकास की गाथा लिखी जाती है? जिले में भेदभाव उत्पन्न होगा वह कितना उचित है? अनेक प्रश्न चर्चा में चल रहे हैं।

अनंत ज्ञान

इसी तरह मंडी स्थित सरदार पटेल विश्वविद्यालय में भी हुआ है। विश्वविद्यालय की स्थापना के समय पांच जिले मंडी कुल्लू लाहौल–स्पीति कांगड़ा चंबा के शिक्षण संस्थानों को जोड़ा गया था, परंतु पिछले वर्ष तीन जिले लाहौल–स्पीति, कांगड़ा, चंबा को बाहर कर दिया गया और शेष दो जिले मंडी व कुल्लू के शिक्षण संस्थान ही विश्वविद्यालय के पास रहे हैं। दो माह पूर्व इन दोनों जिलों के बीएड कॉलेज भी हटाए जा रहे थे, परंतु बीएड कॉलेज संचालकों के विरोध से मामला ठंडा पड़ा है।

नेरचौक व मंडी स्थित दोनों विश्वविद्यालय के प्रति सरकार की मंशा पर सवाल जरूर उठे हैं। भेदभाव की राजनीति मानी जा रही है। लोगों की आवाजे पूछने लगी है कि सरकार ऐसा व्यवहार क्यों करने की सोच रही है? पुराने संस्थान जहां भी व जिस भी क्षेत्र में चल रहे हैं, उन्हें वहां से न हटाया जाए, बल्कि उसी क्षेत्र में उन संस्थानों को सिंचते रहने की जरूरत है। सरकार की सोच में न्याय दिखना सरकार की छवि होती है। बिना भेदभाव के विकास यात्रा जारी रहती है, तो लोगों के मन में किसी प्रकार शिकायत नहीं पनपती। उम्मीद के साथ लिख रहा हूं कि मुख्यमंत्री अपने निर्णय पर पूर्ण विचार करते हुए नेरचौक में स्थित अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय को नेरचौक में ही चलने देंगे और सरकाघाट को कोई नया संस्थान देंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भूकंप** एक प्राकृतिक आपदा है, जो पृथ्वी की सतह के नीचे प्लेटों के खिसकने या टकराने के कारण उत्पन्न होती है। जब पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेटों में हलचल होती है, तो ऊर्जा मुक्त होती है और यह ऊर्जा धरती की सतह पर कंपन के रूप में महसूस होती है। भूकंप अचानक आता है और इसकी कोई सटीक पूर्व चेतावनी नहीं होती, जिससे यह अत्यंत विनाशकारी सिद्ध होता है। भूकंप के कारण भवन, सड़कें, पुल और अन्य संरचनाएं ध्वस्त हो सकती हैं। इसके साथ ही जान–माल की भारी हानि होती है। कुछ समय बाद भूकंप के झटके फिर से महसूस हो सकते हैं, जिन्हें आफ्टरशॉक्स कहा जाता है। भूकंप के समय घबराना नहीं चाहिए, बल्कि खुले स्थान में जाना चाहिए या मजबूत मेज आदि के नीचे छिपकर अपनी सुरक्षा करनी चाहिए। भूकंप जैसी आपदाओं से बचने के लिए लोगों को जागरूक और प्रशिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है।

**कुशल कुमार, पालमपुर**

# हिमाचल की आपदाएं: कारण, समाधान और संतुलन की पुकार

हिमाचल प्रदेश, हिमालय की शांत गोद में बसा वह भूभाग है जहां नदियों की कलकल, देवदार की महक और बर्फीली चोटियों का सौंदर्य सदियों से मनुष्य और प्रकृति के सहअस्तित्व की कहानी कहता आया है, किंतु मानसून इस शांत चित्र में एक गहरी दरार डाल गया। बारिश, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि इन पहाड़ों के भीतर छिपा संतुलन अब हमारे विकास–आधारित हस्तक्षेपों से गहरे रूप से आहत हो चुका है। गांव बह गए, सड़कें और पुल ढह गए, हजारों लोग बेघर हुए और कई जिलों में जीवन का मूल ढांचा चरमरा गया। राहत कार्य शुरू हुए मगर उनका असर उतना त्वरित और व्यापक नहीं था, जितना होना चाहिए था। हर साल की तरह कुछ समय के लिए चिंता और विचार–विमर्श हुआ, योजनाएं बनीं, लेकिन अगले मानसून से पहले ही सब कुछ भुला दिया गया।



**हितेंद्र शर्मा**
कुमारसैन, शिमला, (हि प्र)

इस संकट का दोष केवल प्रकृति पर डालना एक खतरनाक भूल होगी, क्योंकि इसमें हमारी नीतिगत और व्यावहारिक गलतियों की भूमिका कहीं अधिक गहरी है। भूगर्भीय संवेदनशीलता को नजरअंदाज कर सड़क कटिंग, ढलानों का अंधाधुंध उत्खनन, नदियों के किनारे अतिक्रमण, बड़े जल–विद्युत प्रोजेक्ट और वनों का क्षरण इन सभी ने हिमालयी धरातल को कमजोर कर दिया है। वे पहाड़ियां जिन्हें हम अडिग मानते थे, अब मानसून की पहली तेज बारिश में खिसकने लगी हैं। यह केवल मिट्टी का खिसकना नहीं, यह हमारे सामूहिक विवेक का क्षरण है। पर्यटन, जो हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, अब एक दोधारी तलवार बन चुका है। करोड़ों पर्यटकों की आमद ने स्थानीय व्यवसायों को तो बढ़ावा दिया परंतु जलस्रोतों पर दबाव, कचरा प्रबंधन की चुनौती और यातायात का बोझ कई गुना बढ़ा दिया।

छोटे–छोटे कस्बे, जो कभी आत्मनिर्भर और संतुलित थे, अब प्रदूषण और भीड़ के बोझ तले दबने लगे हैं। वहीं वैज्ञानिक अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हिमालयी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे नदियों के प्रवाह में असमानता और सूखा–बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। काला कार्बन जमाव और बढ़ता तापमान इस प्रक्रिया को और तेज कर रहे हैं, जबकि वनों की कटाई और भूमि–उपयोग में बदलाव मिट्टी के क्षरण और भूस्खलन की घटनाओं को बढ़ा रहे हैं।



हिमाचल की पारंपरिक समाज–व्यवस्था, जो जल, जंगल और जमीन के प्रति संवेदनशील थी, अब विकास की जल्दबाजी में हाशिये पर जा रही है।

पुरानी जल–निकासी प्रणालियां, वर्षा–जल संचयन के स्थानीय तरीके और पर्यावरण–अनुकूल वास्तुकला ये सब हमारी विरासत थे, जो न केवल सौंदर्य बल्कि स्थिरता भी देते थे। दुर्भाग्य से इन्हें 'पुराना' कहकर छोड़ दिया गया, जबकि आज यही उपाय हमें आने वाले संकट से बचा सकते हैं। आपदा के समय जो बात सबसे प्रेरक है, वह है स्थानीय लोगों की संवेदनशीलता और सक्रियता। जब पुल टूट जाते हैं और सड़कें बंद हो जाती हैं, तब यही लोग सबसे पहले राहत पहुंचाते हैं। पंचायतें, विद्यालय और मंदिर अस्थायी शरणस्थल बन जाते हैं और बिना किसी आदेश या प्रचार के लोग अपने संसाधनों से दूसरों की मदद करते हैं। यह मानवीय गरिमा और सामूहिक चेतना का वह रूप है, जो आज की औपचारिक नीतियों में खो गया है, लेकिन केवल समाज की सदिच्छा से यह संकट हल नहीं होगा। इसके लिए दूरदर्शी और संवेदनशील नीति की आवश्यकता है।

अनंत ज्ञान

विकास को केवल कंक्रीट, आंकड़ों और बजट से नहीं मापा जा सकता, उसे इस बात से आंकना होगा कि वह कितनी स्थिरता और संतुलन ला रहा है। नई परियोजनाओं में पर्यावरणीय असर का आकलन औपचारिकता न होकर अनिवार्य और ईमानदार प्रक्रिया होनी चाहिए। बड़े निर्माण कार्यों से पहले स्थानीय समुदाय की सहमति और पारंपरिक ज्ञान को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हिमाचल को 'संवेदनशील पारिस्थितिकी क्षेत्र' मानकर नीति बनानी होगी, जिसमें जल, जंगल, जमीन और जन, इन चार स्तंभों का संतुलन हर निर्णय की कसौटी बने। पर्यटन के लिए आगंतुक सीमा, कचरा प्रबंधन के सख्त नियम और धीमे–प्रभाव वाले यात्रा मॉडल को अपनाना अनिवार्य होना चाहिए।

निर्माण में ढलान की स्थिरता, वर्षा–जल बहाव और स्थानीय सामग्री के उपयोग को प्राथमिकता देनी होगी। हम समय को पीछे नहीं ले जा सकते, लेकिन हम भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। हिमालय कोई जड़ पत्थर नहीं, बल्कि एक जीवित इकाई है उसकी अपनी लय, अपनी सहनशीलता और अपनी चेतना है। अगर हम उसकी मर्यादा का सम्मान करेंगे, तभी वह हमें जीवन देता रहेगा। अगर हम उसकी सीमाओं को तोड़ेंगे, तो वह हमें बार–बार याद दिलाएगा कि प्रकृति के खिलाफ जीत असंभव है। आज जब हम टूटी सड़कों, ढहे घरों और बर्बाद खेतों को देखते हैं, तो यह केवल मलबा नहीं, यह हमारी गलतियों का आईना है और अगर यह आईना हमें अभी नहीं जगाता, तो आने वाले वर्षों में यह संकट और गहराएगा। हिमाचल की हिमाच्छादित चोटियों से उतरती शीतल बयार मात्र एक हवा नहीं, वह स्वयं प्रकृति की चेतावनी है। वह कहती है–मुझे आहत मत करो। मेरी गोद में तुम्हें संभालने और संवारने की शक्ति है, तुम्हें थामने का सामर्थ्य है। पर यह वरदान तभी मिलेगा, जब तुम मेरी आत्मा की धड़कनों को सुनना और मेरे मौन संदेश को समझना सीखोगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# चंद पैसों की खातिर नग्नता का प्रदर्शन न करें हिमाचल के कुछेक कलाकार

जिस देवभूमि हिमाचल प्रदेश को संस्कृति और परंपराओं के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता हो उस प्रदेश में भी अब संस्कृति से हटकर सोशल मीडिया की लोकप्रियता व चंद पैसों के खातिर नग्नता जैसी असभ्यता दिखाने का प्रयास कुछेक कलाकारों द्वारा किया जा रहा है, जो कि कहीं न कहीं अपनी पहाड़ी संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं के बिलकुल विपरीत मानी जाती है।



**हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जिन कलाकारों के प्रति जनता का संस्कृति के संरक्षण के प्रति गहरा विश्वास माना जाता है, परंतु आधुनिकता और पैसे की लालसा में लगता है कि अब हिमाचल प्रदेश के कुछेक कलाकार अपनी संस्कृति और परंपराओं से हटकर पहाड़ी संस्कृति में जैसे नग्नता और मॉडल का सहारा लेकर मानों हिमाचल प्रदेश के संस्कृति प्रेमियों की भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा हो, परंतु ऐसे कुछेक कलाकारों को कहीं न कहीं हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध और वरिष्ठ कलाकारों से सिखने की आवश्यकता है जिन लोकप्रिय और वरिष्ठ कलाकारों ने कभी भी अपने निजी स्वार्थ और चंद पैसों के लिए नग्नता और सोशल



मीडिया की लोकप्रियता के लिए अपनी संस्कृति और परंपराओं से कभी समझौता नहीं किया है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश अपनी संस्कृति और परंपराओं के लिए देशभर में जाना जाता है।

जिस संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए समय–समय पर हिमाचल प्रदेश के अनेक कलाकारों ने अपनी काबिलियत और कला का बखूबी परिचय दिया हैं। जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र को केंद्र सरकार ने विशेषकर संस्कृति और परंपराओं के आधार पर जनजातीय दर्जा दिया।

अनंत ज्ञान

इस प्रकार उन कुछेक कलाकारों को इस विषय को कहीं न कहीं गंभीरता से लेने की आवश्यकता है और वहीं ऐसे कलाकारों को हमारा एक जनहित में सुझाव भी रहेगा कि आप जनता की भावनाओं और सभ्य समाज के परिप्रेक्ष्य में भी विशेषकर अनुसरण करने का प्रयास करें, क्योंकि जिस प्रकार पहाड़ी गानों के साथ किसी मॉडल और नग्नता का प्रयास किया जा रहा है जो कि विशेषकर देवभूमि हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में कभी भी शायद स्वीकार्य नहीं हो सकता तो वहीं इस प्रकार के गानों से कहीं न कहीं वर्तमान युवा पीढ़ी पर विपरीत प्रभाव भी पड़ता है।

इस महत्वपूर्ण विषय पर हाल ही में जिला सिरमौर के युवा समाजसेवी और सोशल मीडिया पर समय–समय पर समाज को विभिन्न क्षेत्रों में जागरूक करने वाले जय ठाकुर ने वीडियो के माध्यम से भी विस्तार से जानकारी और सुझाव जनता व समाज के समक्ष रखें जिनके महत्वपूर्ण सुझाव को सोशल मीडिया पर ढेर सारा प्यार, सुझाव और इस प्रकार के कलाकारों का अप्रत्यक्ष रूप से विरोध भी जताया, इस प्रकार पुन: ऐसे चंद पहाड़ी कलाकारों से निवेदन और सुझाव रहेगा कि भविष्य में इस प्रकार के विवादित गानों से परहेज किया जाएं, जिसमें समाज से इस प्रकार का विरोध देखने एवं सुनने को मिले।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट अस्पताल में शुरू हुई अल्ट्रासाउंड सेवाएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से जिस स्वास्थ्य सुविधा का इंतजार था, वह अब पूरा हो गया है। सिविल अस्पताल सरकाघाट में अल्ट्रासाउंड सेवाएं विधिवत रूप से शुरू हो गई हैं, जिन्हें डॉ. सृष्टि द्वारा संचालित किया जाएगा। अब तक इस क्षेत्र के मरीजों को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए निजी प्रयोगशालाओं या अन्य दूरदराज के अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता था, जिससे उन्हें आर्थिक और समय की दृष्टि से भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। इस सुविधा की शुरुआत से अब स्थानीय लोगों को किफायती दरों पर समय पर जांच की सुविधा मिलेगी। इस सुविधा को शुरू करवाने में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और सरकाघाट के कांग्रेस प्रत्याशी पवन ठाकुर ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे पूरा करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल था। पवन ठाकुर ने आशा जताई कि भविष्य में सरकाघाट में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर और सुलभ बनाया जाएगा। स्थानीय जनता ने इस पहल का स्वागत करते हुए पवन ठाकुर का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति में सार्थक सुधार आएगा।

### पत्रकारिता की खोई गरिमा लौटाने की जरूरत : विकास

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विकास राही ने कहा कि कभी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कही जाने वाली पत्रकारिता आज अपनी पहचान खो रही है। निडरता और सच लिखने की ताकत ही पत्रकारिता की असली शक्ति थी, लेकिन अब 500 का माइक और 5000 का मोबाइल लेकर हर कोई फेसबुक-यूट्यूब पर पत्रकार बन बैठा है। उन्होंने तीखा कटाक्ष किया कि मिशन पत्रकारिता अब कमीशन पत्रकारिता में बदल चुकी है, जहां से मॉल मिलता है वहीं की हेडलाइन बनती है। यह लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। राही ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी सोशल मीडिया और वेब पोर्टल्स की बढ़ती भूमिका पर चिंता जताई है, लेकिन अब वक्त सिर्फ चर्चा नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई का है। पत्रकारिता में योग्यता- अनुभव अनिवार्य किए जाएं, सोशल मीडिया के फर्जी पत्रकारों पर नकेल कसी जाए और सूचना विभाग की दलाली पर तुरंत रोक लगे। धर्मपुर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यहां भी झूठ और भ्रम फैलाने वाले चैनलों का खेल जारी है। असली मुद्दे दबाए जा रहे हैं। अब गरिमा लौटाने का समय है ईमानदार पत्रकारों को संरक्षण और फर्जी पत्रकारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### डॉ. सीमा ठाकुर बनीं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सरकाघाट विधानसभा की राजनीति को नई पहचान देते हुए डॉ. सीमा ठाकुर को प्रदेश भाजपा का प्रवक्ता नियुक्त किया है। उनके इस महत्वपूर्ण दायित्व पर चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इससे पहले डॉ. सीमा ठाकुर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत थीं और संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं। डॉ. सीमा ठाकुर की प्रदेश प्रवक्ता पद पर नियुक्ति को सरकाघाट क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने कहा कि उनकी इस जिम्मेदारी से न केवल महिला कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की आवाज को भी प्रदेश स्तर पर सशक्त रूप से उठाया जा सकेगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के इस निर्णय की सरकाघाट के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सराहना की है। लोगों का कहना है कि डॉ. सीमा ठाकुर एक सक्रिय, कर्मठ और जमीनी स्तर से जुड़ी हुई नेता हैं, जो निश्चित रूप से पार्टी की नीतियों और विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगी।

### धनोटू-भरजवाणू संपर्क मार्ग की हालत खस्ता

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में सड़क मार्ग अपनी दयनीय स्थिति पर आंसू बहा रहे हैं। इससे वाहन चालकों सहित अन्य कई क्षेत्रों से जुड़े लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धनोटू राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21 से संपर्क करते बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) से जुड़े भरजवाणू मार्ग की हालत अत्यंत दयनीय होने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, जबकि संबंधित विभाग और बीबीएमबी प्रशासन से भी मार्ग का कायाकल्प करने की कई बार मांग की जा चुकी है, मगर अभी तक इस दिशा में किसी भी किस्म की सुधारात्मक कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है। बुद्धिजीवी लोगों सहित अन्य तमाम लोगों ने डीसी मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही धनोटू-भरजवाणू संपर्क मार्ग का बड़े पैमाने पर सुधार करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

### डॉक्टर बनने का सपना पूरा करेगी रेशमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ग्राम पंचायत बहल सैंज के छोटे से गांव ढाच की बेटी रेशमा ने इस वर्ष की नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और बगड़ा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अब रेशमा लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, नरचौक मंडी से एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बनने का सपना साकार करेगी। रेशमा के पिता जिया लाल आईपीएच विभाग में कार्यरत हैं, जबकि माता प्रोमिला देवी गृहिणी हैं। अपनी सफलता का श्रेय रेशमा ने अपने परिवारजनों और गुरुजनों को दिया है। रेशमा ने बताया कि यह सफलता लगातार मेहनत और धैर्य का परिणाम है। उसने संदेश दिया कि गांव की बेटियां भी सपने देख सकती हैं और उन्हें पूरा करने की क्षमता रखती हैं। रेशमा की उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। रेशमा का सपना है कि वह पढ़ाई पूरी करके बाद एक सक्षम डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करे।

### समृद्ध हिमाचल के लिए 26 तक दें ऑनलाइन सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** समृद्ध एवं आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान द्वारा 'समृद्ध हिमाचल-2045' शीर्षक के साथ एक ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली जारी की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश के नागरिकों, संस्थानों तथा हिमाचली प्रवासी समुदाय से उनके विचार, आकांक्षाएं और जमीनी अनुभव आमंत्रित किए जा रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय मंडी की ओर से सभी उपमंडल अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रश्नावली में भाग ले सकें। उपमंडल एवं खंड मुख्यालयों में प्रमुख स्थानों पर बड़े होर्डिंग लगाए जाएंगे और सोशल मीडिया माध्यमों से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पारंपरिक और नवीन माध्यमों से लोगों को भागीदारी के लिए प्रेरित करने को कहा गया है, ताकि 26 अगस्त तक अधिकतम प्रतिक्रियाएं प्राप्त हो सकें। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस प्रश्नावली में 17 प्रश्न शामिल हैं, जो जन-केंद्रित और दीर्घकालिक सोच के साथ तैयार किए गए हैं।

### कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने बनाई रणनीति

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन गोहर ने विश्राम गृह बासा में बैठक कर आगामी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चमन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास में सरकार और प्रशासन के साथ ठेकेदारों का भी अहम योगदान होता है, जबकि सरकार व विभाग ठेकेदारों को हर पहलू पर दरकिनार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों की बिल बनाने समय पहले की तरह रॉयल्टी काटी जाए तथा एम फार्म लेना बंद किए जाएं। इसके साथ सभी छोटे ठेकेदारों को विभाग पहले की तरह सीमेंट खुद उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के दूसरे डिविजनों की तरह गोहर में भी पांच लाख रुपए तक की राशि वाले टेंडर ऑफलाइन किए जाएं। इसके अलावा गोहर डिवीजन के कार्यालय में ठेकेदारों के बैठने की उचित व्यवस्था विभाग द्वारा करवाई जाए। वहीं, बैठक में मौजूद कई ठेकेदारों ने वर्षों से लंबित पड़े छोटे ठेकेदारों के बिल भुगतान किए जाने की सरकार से मांग की। इस मौके पर लाभ चंद शर्मा, मुरारी आचार्य, हरीश शर्मा, नानक चंद, बहादुर सिंह, लुदर मणी, हेत राम, चिंत राम डोगरा, हीर सिंह, घनश्याम, अजय आनंद, घनश्याम राणा, खूब राम आदि मौजूद रहे।

### बालीचौकी में असुरक्षित भवन और दुकानें खाली करवाईं

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल के शारश गांव के पास बरसात के कारण आई दरारों से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। उपमंडलाधिकारी देवीराम के नेतृत्व में तहसीलदार व राजस्व विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। बालीचौकी बाजार के जीरो चौक में तीन भवनों में हल्की दरारें पाई गईं, जिनमें कुल 16 दुकानें और 16 किराएदार रहते थे। वीरवार को प्रशासन की टीम ने तीन अन्य भवनों का निरीक्षण किया, जिनमें 17 दुकानें चल रही थीं और दो मकान मालिक परिवार सहित रह रहे थे। कुल मिलाकर छह असुरक्षित भवनों को एहतियातन खाली कराया गया। इनमें 33 दुकानें, 16 किरायेदार और तीन मकान मालिक शामिल हैं। प्रभावितों को राशन किट, तिरपाल और अंतरिम राहत प्रदान की गई है। राहत प्रकरण नियमानुसार तैयार किए जा रहे हैं।

---

### न विशेषज्ञ डॉक्टर न डबल रोड, एंबुलेंस और मरीजों के लिए सिंगल रोड बना जी का जंजाल

# सरकाघाट अस्पताल खस्ताहाल में : मनीष

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** सरकाघाट अस्पताल की हालत बहुत ही दयनीय है। तारंगला में बस दुर्घटना होने के दौरान अस्पताल की एकमात्र एंबुलेंस खटारा ही साबित हुई और हालात इतने खराब थे कि सरकाघाट अस्पताल में न हड्डी रोग विशेषज्ञ, न अल्ट्रासाउंड और न ही एनेशिथिशिया विशेषज्ञ था। इस दौरान गंभीर घायलों को बिलासपुर और नेरचौक भर्ती करवाना पड़ा। कांग्रेस सरकार की लचर कार्यप्रणाली ने 3 लाख 20 हजार की आबादी की स्वास्थ्य सेवाओं पर कुठाराघात किया है। यह बात भाजपा के मंडल प्रवक्ता मनीष कंवर ने अनंत ज्ञान से खास बातचीत में कही।

मनीष कंवर ने कहा कि इस दुर्घटना में छह लोगों ने अपनी जान गंवाई है। आज अस्पताल का नया भवन भी पूरी तरह से तैयार नहीं हो पाया है। एंबुलेंस जाने के लिए भी सिंगल रोड हर बार बाधा बनता है। प्रवक्ता मनीष कंवर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के दौरे को पूरी तरह से निराशाजनक बताते हुए कहा कि जनता को विकास की उम्मीदें थीं, लेकिन उन्हें केवल खोखली घोषणाओं का झुनझुना पकड़ा दिया गया।




अनंत ज्ञान से वार्ता करते हुए मनीष कंवर

**विशेष बातचीत**

#### इंजीनियरिंग कॉलेज की उम्मीद पर फिरा पानी

प्रवक्ता मनीष कंवर ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग कर रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने इस विषय पर चुप्पी साध ली। उल्टे, पिछली सरकार द्वारा प्रस्तावित भद्रोता पॉलिटेक्निक कॉलेज को ही बंद कर दिया गया, जो युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है।

#### मेडिकल कॉलेज की घोषणा बिना बजट योजना के

मुख्यमंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक शाखा की घोषणा को भाजपा ने महज दिखावा बताया। कंवर ने कहा कि इस घोषणा का जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है, न इसके लिए बजट प्रावधान है, न कोई ठोस योजना। यदि मेडिकल कॉलेज लाना ही है तो पूरा लाइए, ताकि आम लोग भी उसमें इलाज करवा सकें।

#### अस्पताल और बस अड्डा सिर्फ कागजों में

**सरकाघाट** अस्पताल की क्षमता 100 से बढ़ाकर 150 बेड करने की बात पहले ही स्वीकृत हो चुकी थी, जिसे अब दोहराया गया है। वहीं, बस अड्डे व पार्किंग के नाम पर कोई ठोस प्रारूप या बजट की घोषणा नहीं की गई है।

#### स्कूल ग्राउंड बना बजरी का ढेर, खिलाड़ियों पर आफत

**मनीष** कंवर ने सरकाघाट स्कूल मैदान की दुर्दशा पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मैदान में बजरी डलवा दी गई, जिससे न केवल खेल गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, बल्कि आमजन का आवागमन भी बाधित हो गया है। भाजपा ने मांग की है कि मैदान को जल्द ही पूर्व स्थिति में लाया जाए, अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

#### मुख्यमंत्री की घोषणाओं को धरातल पर लाने की मांग

**भाजपा** प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जो भी घोषणाएं की गई हैं, उन्हें वास्तविकता में बदला जाए। उन्होंने चेताया कि यदि ये भी पूर्व घोषणाओं की तरह हवा में उड़ गईं, तो जनता का विश्वास सरकार से पूरी तरह उठ जाएगा।

---

## पुलिस नाके पर तीन युवक 282 ग्राम चरस के साथ किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** पुलिस ने पुंघ पर नाके के दौरान कार सवार हरियाणा निवासी तीन युवकों को 282 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना पुलिस के दल ने वीरवार को पुंघ फोरलेन पर नाका लगा रखा था। इस दौरान पुलिस दल ने मंडी की ओर से आई एक कार को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार के डैशबोर्ड से 282 ग्राम चरस बरामद की। इस पर पुलिस ने कार सवार सुधीर हुड्डा पुत्र जगदीश चंद, अमन जुनेजा पुत्र गुरबक्श जुनेजा और अमन फोगाट पुत्र बलबीर फोगाट सभी निवासी रोहतक को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

## जोगिंद्रनगर में डॉक्टरों की भारी कमी 25 अगस्त को होगा विराट जनप्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल और आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की भारी कमी से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

सिविल अस्पताल में 19 स्वीकृत पदों में से 16 खाली हैं और केवल तीन डॉक्टर कार्यरत हैं। लडभड़ोल सिविल अस्पताल और चौंतड़ा सीएचसी भी केवल एक-एक डॉक्टर के सहारे चल रहे हैं। सिविल अस्पताल में एमडी, सर्जन, ईएनटी, स्किन, एनेस्थीसिया, ऑर्थो, आंखों और बच्चों के डॉक्टर तक नहीं हैं, जिससे हजारों मरीजों को रोजाना इलाज के लिए मंडी, नेरचौक या कांगड़ा जिला अस्पताल जाना पड़ता है। हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने कहा कि 25 अगस्त को जोगिंद्रनगर में विशाल जनप्रदर्शन होगा।

---

### मनाली फोरलेन पर वन-वे ट्रैफिक सुचारु : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय उच्चमार्ग के मंडी से कुल्लू भाग में भारी बारिश एवं भूस्खलन के कारण फोरलेन मार्ग बार-बार बाधित होने के बावजूद इस मार्ग पर यातायात सुचारू करने में जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। जिला प्रशासन के साथ ही स्थानीय स्तर पर मंडी सदर एवं बालीचौकी के एसडीएम निरंतर वस्तुस्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग के मंडी-कुल्लू भाग पर वन-वे ट्रैफिक बहाल कर दिया गया है।

इस मार्ग पर फिलहाल वाहनों की आवाजाही मंडी से कुल्लू तथा कुल्लू से मंडी दोनों दिशाओं में केवल एक-तरफा व्यवस्था के तहत ही संचालित की जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों और यात्रियों से अपील की है कि केवल अत्यावश्यक कार्य होने पर ही इस मार्ग पर यात्रा करें।

## 200 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने हाईकोर्ट का रुख किया



बैठक के उपरांत जानकारी देते हुए पेंशनर्स।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश शहरी स्थानीय निकाय सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ की बैठक वीरवार को सुंदरनगर के सामुदायिक भवन सलाह में प्रदेशाध्यक्ष शिव सिंह सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में सबसे बड़ी शिकायत यह रही कि शहरी निकायों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 1 जनवरी 2006 के वेतनमान के आधार पर पेंशन दी जा रही है, जबकि प्रदेश के अन्य विभागों के कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 के आधार पर पेंशन प्रदान की जा रही है। अध्यक्ष शिव सिंह सेन ने कहा कि नौ वर्षों का एरियर व दवाइयों के बिल अटके पड़े हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि सरकार ने मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया, तो सेवानिवृत्त कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। पेंशनर संघों ने संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## बच्चों को बताए एचआईवी होने के कारण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट में इंडिया फाइट एचआईवी एड्स/एसटीडी नामक दो महीने तक चलने वाला जागरूकता अभियान शुरू किया गया, जो 10 अक्तूबर तक चलेगा।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना और सरकारी अस्पतालों में प्रशिक्षण परामर्श और उपचार सुविधाओं की जानकारी देना है। सिविल हॉस्पिटल सरकाघाट से प्रशिक्षक सोनू ने नवमीं से 12वीं कक्षाओं के बच्चों को एचआईवी के होने के कारण व बचने के बहुत सारे तरीके व उपाय बताए।



जागरूकता शिविर में उपस्थित विद्यार्थी।

## सरकाघाट के गुप्ता परिवार का दूसरा बेटा भी बनेगा डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट के प्रतिष्ठित गुप्ता परिवार का दूसरा बेटा भी अब डॉक्टर बनेगा छोटे बेटे का एमबीबीएस में चयन होने से परिवार में दोहरी खुशी है। नगर परिषद सरकाघाट के वार्ड नंबर चार जमसाई से पर्व गुप्ता ने नीट -यूजी 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उन्होंने यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज, नाहन में एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

पर्व ने पहली से दसवीं तक की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट से की, जबकि जमा दो की शिक्षा सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा से प्राप्त की।

पर्व के पिता ई. राज कुमार गुप्ता हिमाचल प्रदेश विद्युत विभाग सरकाघाट में वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता हैं माता गिरजा गुप्ता सीनियर सेकेंडरी स्कूल पांवटा में गणित विषय की प्रवक्ता हैं।

---

## भूस्खलन से 60 परिवार प्रभावित बालीचौकी क्षेत्र में गहराया संकट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश के मंडी जिले में भूस्खलन का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। हिमालयन नीति अभियान के संयोजक गुमान सिंह ने बताया कि बालीचौकी की ग्राम पंचायत शारश में दलीप सिंह के घर के नीचे की ढलान में भूस्खलन के कारण बड़ी दरारें आ गई हैं।

इसके चलते थाची चौक से जीरो चौक बस स्टैंड तक पहाड़ की दिशा में बने सभी रिहायशी मकानों और दुकानों में दरारें आ चुकी हैं तथा कुछ भवन झुकने भी लगे हैं। अब तक 13 भवन भूस्खलन की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें से 9 को खाली किया जा रहा है।

इन भवनों में करीब 40 दुकानदार व्यवसाय कर रहे थे। भूस्खलन के कारण बालीचौकी, शारश, खलाओ और रही की ओर जाने वाले सभी तीनों रास्ते भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बच्चों के लिए स्कूल जाने का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। बेला नाल गांव में भी पिछले 5 दिनों से पूरी ढलान में भू-धंसाव हो रहा है, जो कंडी गांव के पास पंजाईन सड़क से लेकर बालीचौकी तक फैल चुका है। इस गांव में 19 घरों को खाली किया गया है, जो ढलान खिसकने के कारण टेढ़े हो चुके हैं। वर्ष 2023 में नाग मंदिर के पास हुए भूस्खलन में भी 6 भवन तबाह हो गए थे। अब वही एक किलोमीटर लंबी ढलान फिर से धंस रही है।

#### प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वासित करने की मांग

यह क्षेत्र अत्यंत तीव्र ढलान और भूरभूरी चट्टानों वाला है, जिससे खतरा और अधिक बढ़ गया है। गुमान सिंह ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र का भूगर्भीय अध्ययन तुरंत किया जाए, प्रभावितों को तत्काल राहत प्रदान की जाए और भविष्य में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वासित किया जाए।

## सुंदरनगर की इनूडानबी ने जॉर्डन में जूडो एशिया कप में जीता स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर की रहने वाली इनूडानबी ने जॉर्डन की राजधानी अम्मान में आयोजित जूडो एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जूडो में गोल्ड मेडल लाने वाली हिमाचल की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

यह प्रतियोगिता 17 से 20 अगस्त तक चली, जिसमें इनूडानबी ने कुल चार मुकाबले खेले। उन्होंने लेबनान, जॉर्डन और मिस्र की खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में उन्होंने मिस्र की खिलाड़ी को मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया। हाल ही में इनूडानबी ने राष्ट्रीय चैंपियन बनकर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।

उन्होंने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाली ओलंपियन गरिमा को हराकर यह खिताब जीता था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके पति और टोक्यो ओलंपियन बॉक्सर आशीष चौधरी ने कहा है कि यह सफलता न केवल हिमाचल, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

## हिमालयन स्कूल सरकाघाट की पूर्व छात्रा सौम्या बनी डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट की पूर्व छात्रा सौम्या का चयन हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा डॉक्टर (एमबीबीएस) पद पर हुआ है।

वह वर्तमान में एम्स कोठीपुरा, बिलासपुर में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में कार्यरत हैं। सौम्या सविता व कमल प्रकाश शर्मा की पुत्री तथा डबरोग निवासी पुष्पा व जीवन लाल शर्मा की दोहती हैं।

सौम्या अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय को देती हैं। विद्यालय के चेयरमैन राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्य प्रेम लता डोगरा व समस्त स्टाफ ने सौम्या को शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री के जवाब से कर्मचारी नाराज शिमला में रणनीति पर होगी बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मानसून सत्र के दौरान विधानसभा के प्रश्नकाल में डीए और एरियर से संबंधित मुख्यमंत्री के जवाब से प्रदेश के कर्मचारी संतुष्ट नहीं हैं। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी 24 अगस्त (रविवार) को शिमला में कर्मचारियों और पेंशनर्स की एक अहम बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें सरकार के रवैये पर चर्चा की जाएगी और भविष्य की रणनीति तैयार की जाएगी।

नरेश ने कहा कि सरकार आर्थिक स्थिति का हवाला देकर कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलने वाले डीए (महंगाई भत्ता) और एरियर को रोक नहीं सकती। इससे कर्मचारियों की स्वयं की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट भाषण में और 15 अप्रैल को दो बार डीए की एक किस्त जारी करने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक उसकी अधिसूचना तक जारी नहीं हो सकी है। इससे पहले जो डीए किस्त दी गई थी, उसका भी एरियर आज तक नहीं मिला है।

पेंशनर्स की स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2021 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को भी अब तक उनके सेवानिवृत्ति के देय लाभ नहीं मिले हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी लंबित देनदारियों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा कर्मचारी वर्ग को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

---

**आरोप** माकपा नेता का आरोप-विधायक के करीबी ठेकेदार को बचाने में जुटा विभाग

# पहली ही बारिश में ढहा 5 लाख का डंगा

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर लोक निर्माण मंडल के अंतर्गत भराड़ी से बांदल चौक पर 4.93 लाख रुपए की लागत से लगाया गया डंगा 30 जून को हुई पहली ही बरसात में ढह गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि विभाग ने इसे उसी ठेकेदार से दोबारा बनवाने की बजाय अपने मजदूरों से दोबारा लगवा दिया और वह भी गिर चुके पत्थरों का इस्तेमाल कर।

जिस ठेकेदार ने डंगा लगाया था, उसी से मरम्मत करवाई जानी चाहिए थी, लेकिन उस ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं भूपेंद्र सिंह ने मांग की कि वर्ष 2023 की आपदा के बाद धर्मपुर में जो डंगे लगाए गए हैं, उनकी स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच करवाई जाए। विधायक के करीबी ठेकेदारों को बड़े पैमाने पर ठेके दिए गए हैं और इनमें घोर अनियमितताएं हुई हैं।



#### राजनीतिक संरक्षण में हो रहा भ्रष्टाचार : भूपेंद्र

पूर्व जिला पार्षद और माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि यह ठेकेदार स्थानीय विधायक का करीबी प्रवक्ता है। ठेकेदार ने घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया, जिससे डंगा पहली ही बारिश में ढह गया। अब विभाग उसे बचाने के लिए मजदूरों से मरम्मत करवा रहा है। उन्होंने मांग की है कि डंगे की दोबारा मरम्मत में हुए खर्च की वसूली संबंधित ठेकेदार से की जाए और गुणवत्ता की जांच विभागीय या स्वतंत्र एजेंसी से करवाई जाए।

#### अधिकारियों ने देखा, आंखें मूंद लीं

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग के अधीक्षण अभियंता हर तीसरे दिन इस मार्ग से गुजरते हैं और अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी पिछले डेढ़ महीने में डंगे की स्थिति देखी है, लेकिन किसी ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि साफ है कि राजनीतिक संरक्षण में काम करने वाले ठेकेदार को बचाने के लिए ही सब चुप हैं।

#### 2-3 साल से चहेतों को ही मिल रहे ठेके

**भूपेंद्र** ने बताया कि आरटीआई के माध्यम से धर्मपुर मंडल में आवंटित सभी कार्यों का विवरण प्राप्त किया है, जिससे यह स्पष्ट है कि पिछले तीन वर्षों से कुछ चुनिंदा ठेकेदारों की टीम को ही सभी काम दिए जा रहे हैं। यह बिलकुल पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल जैसा ही चल रहा है-नाम बदले हैं, काम नहीं।

#### इमरजेंसी थी, इसलिए बनाया विभाग ने

**लोक** निर्माण विभाग धर्मपुर के जेई अखिलेश शर्मा ने कहा कि ऊपर वाला कल्वर्ट बंद होने पर सारा पानी डायवर्ट हुआ और यह डंगा टूट गया। सड़क पर काफी ट्रैफिक था। इमरजेंसी थी इसलिए विभाग को मजबूरी में क्रेट वायर से बनाना पड़ा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने दो और डंगे भी लगाए थे, वह तो अभी तक ठीक करने हैं।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए एसपीयू में बढ़ाई जागरूकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू), मंडी ने वन विभाग के सहयोग से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक पेड़ पटेल के नाम पौधरोपण अभियान आयोजित किया। यह कार्यक्रम कंगनीधार में संपन्न हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, छात्र, वन कर्मचारी और स्थानीय समुदाय के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। कुलपति प्रो. ललित अवस्थी ने इस अभियान का नेतृत्व करते हुए छात्रों और शिक्षकों के साथ मिलकर 150 पौधे लगाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वाशु देवगर ने की, जिन्होंने विश्वविद्यालय की इस पहल की प्रशंसा की और पर्यावरण संरक्षण में इसके महत्व को रेखांकित किया। छात्र कल्याण डीन प्रो. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि यह अभियान न केवल परिसर को हरा-भरा बनाएगा, बल्कि छात्रों में पर्यावरण जागरूकता भी विकसित करेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी जैसे रजिस्ट्रार शशिपाल नेगी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील वर्मा, वित्त अधिकारी हंस राज, डीन योजना और विकास डॉ. सुनील ठाकुर, डीन प्रबंधन डॉ. पवन चंद, सहडीन अकादमिक व विभागाध्यक्ष इतिहास डॉ. राकेश कुमार शर्मा, डॉ. जगदीप वर्मा, रेंज अधिकारी अजय चंदेल सहित कई शिक्षक और विद्यार्थी भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### अब 27 सितंबर को होगा सिद्ध चानो मेला

**अनंत ज्ञान, जोल।** उपतहसील जोल की सोहारी पंचायत में स्थित श्री सिद्ध चानो मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 अगस्त को वार्षिक दंगल मेले का आयोजन किया गया था, लेकिन भारी बारिश को देखते हुए मंदिर कमेटी के निर्णय अनुसार अब इसका आयोजन 27 सितंबर को होगा। इसकी जानकारी दंगल कमेटी प्रधान अनिल कुमार ने दी।

### देवभूमि अद्वैता अस्पताल में लगेगा निशुल्क कैंप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एवं मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल ऊना में निशुल्क गैस्ट्रोएंटरोलॉजी जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए अस्पताल के फाउंडर और डायरेक्टर डॉक्टर हरजिंदर सिंह ने बताया कि हमारे अस्पताल में अब डीएम गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉक्टर शाहिद भी जुड़ चुके हैं। डॉक्टर शाहिद पेट और पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं जैसे–गैस, एसिडिटी, अल्सर, पित्त की थैली की समस्या, लीवर व पैनक्रियास से संबंधित बीमारियों के एक्सपर्ट हैं। इस अवसर पर देवभूमि अद्वैता अस्पताल ऊना में 24 अगस्त, रविवार को फ्री ओपीडी कैंप आयोजित किया जा रहा है। इसमें मरीज डॉक्टर शाहिद से बिना किसी शुल्क के परामर्श ले सकते हैं। साथ ही, चेकअप के बाद होने वाली सभी उपचार पर 10 फीसदी की छूट भी दी जाएगी, जैसे कि अप्पर जीआई एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, सिग्मोइडोस्कोपी, सिरोसिस, आईबीएस, आईबीडी इत्यादि। देवभूमि अस्पताल ऊना, हमेशा से ऊना और आसपास के मरीजों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि कैंप का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे त देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एवं मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल ऊना आयोजित होगा।

### दौलतपुर चौक के मेजर 'सेना मेडल' के लिए नामित



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के दौलतपुर चौक के निवासी मेजर निखिल शर्मा को उनकी अद्वितीय वीरता और देशभक्ति के लिए सेना मेडल से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। मेजर निखिल ने हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए तनावपूर्ण युद्ध के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देकर देश का गौरव बढ़ाया। इस ऑपरेशन में उनकी रणनीतिक सूझबूझ और साहस ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों और सैन्य चौकियों को ध्वस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर उनके पिता राजिंदर व माता अनिता ने कहा कि निखिल में बचपन देशभक्ति की भावना है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने मेजर निखिल को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, 'मेजर निखिल ने अपनी वीरता और समर्पण से पूरे हिमाचल को गौरवान्वित किया है। उनकी बहादुरी युवाओं के लिए प्रेरणा है।' क्षेत्र की जनता में भी उत्साह का माहौल है। दौलतपुर चौक के निवासियों ने मेजर निखिल के सम्मान पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### बसदेहड़ा की स्निग्धा भारद्वाज बनेगी डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला के बसदेहड़ा गांव की स्निग्धा भारद्वाज ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर नीट परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्निग्धा का चयन डॉ. वाईएस परमार राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, नाहन (सिरमौर) में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। स्निग्धा ने माउंट कार्मेल स्कूल रक्कड़ से मैट्रिक की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने वशिष्ठ पब्लिक स्कूल, बहडाला से सीबीएसई बोर्ड की प्लस टू परीक्षा दी और 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने मेधावी होने का परिचय दिया। मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने का संकल्प लेकर स्निग्धा ने पहली बार नीट परीक्षा दी और शानदार सफलता प्राप्त करते हुए एमबीबीएस के लिए चयनित हुईं। अपनी सफलता का श्रेय स्निग्धा ने अपने स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कुमार, एक कोचिंग सेंटर के अनुभवी अध्यापकों तथा अपने माता-पिता डॉ. मीनू जोशी और डॉ. हितेश भारद्वाज को दिया है। स्निग्धा ने कहा कि डॉक्टर बनने की प्रेरणा उन्हें अपने दादा ओपी रतन (पूर्व विधायक ऊना) और दादी सुषमा रतन से मिली है। दादा-दादी के मार्गदर्शन, आशीर्वाद और संबल ने उन्हें सदैव आगे बढ़ने की ऊर्जा दी।

### आरव ने जन्मदिन पर पर्यावरण का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** धुसाड़ा गांव के चौथी कक्षा के बच्चे आरव शर्मा ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करके पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। उसने अपने जन्मदिन पर एक अर्जुन का पौधा लगाकर पर्यावरण सुरक्षा की तरफ कदम उठाया। पिछले 5 साल से आरव शर्मा अपने जन्मदिन में पौधरोपण करते हैं। इससे पहले उन्होंने हरड़, आमला, नीम, बहेड़ा और आम आदि के पौधे लगाए हैं। इस बच्चे की पहल से हमें भी यह प्रण लेना चाहिए और अपने हर जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, जिससे हम पर्यावरण की सुरक्षा में अपना योगदान दे सकें।

### लता मंगेशकर कला केंद्र के प्रबंधन के लिए समिति गठित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना पारंपरिक संस्कृति संवर्धन समिति (ऊना कला मंच) की बैठक वीरवार को उपायुक्त कार्यालय ऊना में उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समूरकलां स्थित लता मंगेशकर कला केंद्र के रखरखाव, आय सृजन और दीर्घकालिक प्रबंधन के लिए विभिन्न विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कला केंद्र के बेहतर उपयोग और प्रभावी संचालन के लिए आउटसोर्सिंग सहित सभी संभावित विकल्पों पर विचार करने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने एक समिति के गठन के निर्देश दिए। पांच सदस्यों की इस समिति में अतिरिक्त उपायुक्त ऊना, एसडीएम ऊना, क्रेडिट प्लानिंग अधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग ऊना के अधिशाषी अभियंता सदस्य होंगे, जबकि जिला भाषा अधिकारी ऊना सदस्य सचिव होंगे। यह समिति सभी विकल्पों का अध्ययन कर अपनी सिफारिशों सहित विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त ऊना को प्रस्तुत करेगी। उपायुक्त ने कहा कि लता मंगेशकर कला केंद्र ऊना जिले का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक गतिविधि स्थल है। इसे सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना समय की आवश्यकता है। बैठक में जिला भाषा अधिकारी निकू राम सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बीमार हरमन की मदद को आगे आई युवा शक्ति पंजोआ

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** ऊना जिले की अंदोरा पंचायत का मासूम हरमन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा है और इलाज के लिए करीब 20 लाख रुपए की आवश्यकता है। आर्थिक तंगी के चलते परिवार उपचार नहीं करवा पा रहा। इस संकट की घड़ी में युवा शक्ति पंजोआ संगठन ने मदद का हाथ बढ़ाते हुए 28 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। संगठन ने समाजसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और दानदाताओं से भी सहयोग की अपील की है। हरमन के माता-पिता ने भावुक होकर समाज से बेटे को बचाने की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों ने युवा शक्ति पंजोआ के प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्य मानवता की मिसाल हैं। गांववासियों को उम्मीद है कि सरकार और अन्य संस्थाएं भी सहयोग के लिए आगे आएंगी।

### एयर फोर्स में चयनित हुई वंशिका चौधरी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत ठठल के गांव नक्की की बेटी वंशिका चौधरी का चयन भारतीय वायु सेना (एयर फोर्स) में हुआ है। वंशिका के पिता प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। वंशिका का बचपन से ही सेना में जाने का सपना था, जिसे उसने अपनी मेहनत और लगन से पूरा किया। वंशिका चौधरी ने 10+2 की पढ़ाई गुरुकुल स्कूल पक्कापरोह से पूरी की और इसके बाद एयर फोर्स की परीक्षा पास कर ऑल इंडिया में 30वां रैंक हासिल किया। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद वंशिका ने लखनऊ में ड्यूटी ज्वाइन की है। गांव में उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने गर्व महसूस किया। आज गांव ठठल में ग्रामीण स्वच्छता व स्वास्थ्य सभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वंशिका को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपप्रधान रोहित बाली, वार्ड पंच जगदीश राम, वीना देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना देवी, आशा वर्कर प्रवीण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### ऊना कॉलेज में पीटीए की बैठक अब 28 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की सामान्य बैठक भारी वर्षा के कारण टल गई है। अब यह बैठक दिनांक 28 अगस्त को दोपहर बाद 2 बजे बीसीए हाल में होगी। इससे पहले यह बैठक 20 अगस्त को महाविद्यालय परिसर स्थित अध्यापक कक्ष मे होनी थी, लेकिन अभिभावकों की उदासीनता एवं भारी वर्षा के कारण गणपूर्ति कोरम के आभाव मे बैठक न हो पाई। यह जानकारी पीटीए सचिव डॉ. शाम सिंह बैंस ने दी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित समय पर महाविद्यालय पहुंचकर बैठक में शामिल होकर महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए अपने सुझाव दें।

# मल निकासी योजना शीघ्र होगी समर्पित

## तेरह साल से लटकी है गगरेट कस्बे के लिए बनी योजना, विधानसभा में उठा मुद्दा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट कस्बे की बहुप्रतीक्षित मल निकासी योजना शीघ्र जनता को समर्पित की जा सकती है। वर्ष 2012 में करीब तेरह करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत हुई मल निकासी योजना का लाभ कस्बे के लोगों तक पहुंचाने के लिए विधायक राकेश कालिया गंभीर हैं और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से लेकर इस मुद्दे को विधानसभा में उठा रहे हैं।

अब उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जिनके पास जल शक्ति विभाग भी है, ने भरोसा दिलाया है कि मल निकासी योजना का 99 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है और शेष कार्य भी जल्द पूरा करके इस योजना को जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। गगरेट कस्बे के लिए स्वीकृत करीब तेरह करोड़ रुपए की मल निकासी योजना संभवत: प्रदेश की ऐसी योजना है, जिसे धरातल पर उतरते हुए करीब तेरह साल से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन अभी तक यह योजना मूर्तरूप नहीं ले पाई है। वर्ष 2012 में भी विधायक राकेश कालिया ने गगरेट कस्बे के लिए इस योजना का स्वीकृत करवाया था और उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने तत्कालीन सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य मंत्री विद्या स्टोक्स व विधायक राकेश कालिया की उपस्थिति में मल निकासी योजना का शिलान्यास किया था।

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने फिर से इस योजना का शिलान्यास किया, लेकिन बावजूद इसके मल निकासी योजना मूर्तरूप नहीं ले पाई। अब जब राकेश कालिया फिर से विधायक बने हैं तो गगरेट कस्बे के लिए महत्वपूर्ण मानी जाने वाली इस मल निकासी योजना को धरातल पर उतारने के लिए जोर लगा रहे हैं।

उन्होंने यह मामला विधानसभा में भी उठाया है, जिस पर उपमुख्यमंत्री एवं जल शक्ति विभाग के मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया है कि मल निकासी योजना के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा सीवरेज पाइपलाइन बिछाने का 99 प्रतिशत कार्य पूरा है। शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। कस्बे में 888 कनेक्शन प्रस्तावित हैं, जिनमें से 53 कनेक्शन स्वीकृत हैं और तेइस कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं। शीघ्र ही मल निकासी योजना को जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। विधायक राकेश कालिया द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भद्रकाली के भवन निर्माण में की जा रही लेटलतीफी पर भी कड़ा संज्ञान लिया गया है। लंबे समय से अधर में लटके इस भवन के निर्माण के कार्य में तेजी लाने के लिए उन्होंने यह मामला लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ उठाने के अलावा इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाया है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि इस भवन के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को पांच करोड़ 39 लाख 83 हजार रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जा चुकी है। जिसमें से साढ़े चार करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। भवन का 85 प्रतिशत कार्य पूरा है, शेष कार्य बजट की उपलब्धता पर पूरा करवाया जाएगा।

### सिविल अस्पताल के अधूरे कार्य के लिए 1.32 करोड़ जारी

सिविल अस्पताल गगरेट के भवन के अधूरे कार्य को बजट उपलब्ध करवाने के लिए विधायक राकेश कालिया द्वारा बनाए गए दबाव के बाद सरकार ने इस भन के अधूरे कार्य के लिए पांच अगस्त को ही एक करोड़ 32 लाख रुपऐ जारी कर दिए हैं। अस्पताल के भवन का निर्ज्माण कार्य पूरा हो जाने से लोगों को राहत मिलेगी।

### पेयजल योजनाओं पर और खर्च होंगे 552 लाख

**गगरेट** विधानसभा क्षेत्र में पेयजल योजनाओं पर एशियन डेवेलपमेंट बैंक द्वारा स्वीकृत 2764.85 लाख रुपए में से 2211.87 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। अभी 552 लाख रुपए और पेयजल योजनाओं पर खर्च होंगे।

## बारिश में सड़कों की सूरत बिगड़ी चंबोआ में सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



चंबोआ गांव में क्षतिग्रस्त सड़क का दृश्य।

उपमंडल बंगाणा के तहत जोल से बंगाणा मार्ग पर भारी बरसात होने की वजह से सड़कों की सूरत बिगड़ चुकी है। इस कारण न केवल वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, बल्कि सड़क दुर्घटना होने का अंदेशा भी वाहन चालकों में बना रहता है। वहीं दूसरी ओर चंबोआ गांव के समीप सड़क की हालात कुछ दिनों से बदहाल हो चुकी है। अगर इस सड़क की लोक निर्माण विभाग द्वारा तुरंत मरम्मत नहीं करवाई तो संपर्क मार्ग पूरी तरह से बंद हो सकता है।

बीते बुधवार को भारी बारिश होने की वजह से इस सड़क का हिस्सा काफी बदहाल और क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग साथ-साथ में इसकी मरम्मत तो करवा देता है, लेकिन भारी बारिश होने की वजह से स्थिति जैसी की तैसी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर इस सड़क की हालत ऐसी रही तो बस की सुविधा भी बंद हो सकती है, जिससे बंगाणा आने जाने वाले कॉलेज के बच्चों एवं यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। बारिश के दिनों में तो जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। यहां पर हर रोज पैदल राहगीर, दोपहिया व अन्य वाहन चालक निकलते हैं, ऐसे में उनके चोटिल होने का अंदेशा भी बना रहता है।

स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग बंगाणा के अधिकारियों से मांग की है कि इस सड़क को जल्द से जल्द ठीक करवा दिया जाए। इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग बंगाणा के जेई पंकज कुमार ने कहा है कि यह मामला उनके ध्यान में है और जल्द ही जेसीबी भेज कर सड़क की मरम्मत करवा दी जाएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## बरसात से स्कूल में घुसा खेतों का पानी, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकारला में बुधवार को हुई भारी बारिश के बाद हालात बिगड़ गए। स्कूल में लगभग दो फुट तक पानी भर गया था, जो शाम होते-होते मौसम साफ होने पर धीरे-धीरे निकल गया, लेकिन अब स्कूल के लिए एक नई समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द कोई स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और स्कूल परिसर सुरक्षित रह सके। उनका कहना है कि हर बार बरसात में यही समस्या खड़ी हो जाती है और बच्चों को जोखिम उठाकर स्कूल आना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार, स्कूल से सटे खेतों में भारी बारिश का पानी तालाब का रूप ले चुका है। यह पानी धीरे-धीरे स्कूल की दीवार के नीचे से भीतर आ रहा है। स्थिति ऐसी है मानो दीवार के नीचे ही नाला बह रहा हो। इससे स्कूल स्टाफ और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर पंचायत उपप्रधान भी पहुंचे और खेत मालिक से फोन पर बात की, लेकिन खेत मालिक का कहना था कि यह बारिश का पानी है और इसमें वह कुछ नहीं कर सकते। उधर, स्कूल प्रिंसिपल ने समस्या से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड अंब को भी सूचित किया। हालांकि टीम मौके पर पहुंची, लेकिन निजी जमीन और बहुत ज्यादा पानी होने का मामला बताकर उन्होंने पानी निकालने से इंकार कर दिया। हालांकि, स्कूल कैंपस का पानी निकाल दिया गया। स्कूल में लगातार घुस रहे पानी से शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और बच्चों की सुरक्षा को भी खतरा बना हुआ है।

इस विषय पर पंचायत टकारला के उपप्रधान राजीव शर्मा ने कहा कि समस्या हमारे ध्यान में आई है। हम मौके पर गए थे, पर पानी खेतों में बहुत ज्यादा है। पानी की निकासी के लिए उचित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है और जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मामले की जानकारी प्रशासन को भेज दी गई है और जल्द ही उचित कदम उठाए जाएंगे। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाएगी।

## विधिक अधिकारों को लेकर बुजुर्ग किए जागरूक




**अनंत ज्ञान, ऊना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊना के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को कल्याण भवन ऊना में वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सिविल जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना, अनीता शर्मा ने की। कार्यक्रम में 30 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अनीता शर्मा ने बुजुर्गों को उनके विधिक अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं तथा समाज में उनकी सक्रिय भूमिका के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर हैं और उनके अनुभव नई पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। इस मौके पर जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरिंदर कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी जतिंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों को विभागीय योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किया।

## राज्य कृषि यंत्रीकरण कार्यक्रम के तहत 5,291 किसान लाभान्वित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेतीबाड़ी को आसान, आधुनिक और लाभकारी बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। कृषि उपनिदेशक ऊना डॉ. कुलभूषण धीमान ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऊना जिले में बीते दो वर्ष में 5,291 किसानों को लाभान्वित किया गया है, जिस पर लगभग 65 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। वर्ष 2023-24 में 2,995 किसानों को और वर्ष 2024-25 में 2,296 किसानों को विभिन्न कृषि यंत्रों पर सब्सिडी प्रदान की गई।

डॉ. धीमान बताते हैं कि किसानों को पावर-चालित चारा काटने की मशीन, स्प्रे पंप, ब्रश कटर, वाटर टब और सीड बिन जैसे उपकरण निर्धारित अनुदान दरों पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इन उपकरणों ने किसानों के लिए कृषि कार्यों को सरल बनाया है, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी और उनकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आई है। वहीं, उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू का किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने पर विशेष जोर है। उनके निर्देशानुसार जिले में अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ पहुंचाने के प्रयास जारी हैं।

## सरकार ने सभी वादों को किया दरकिनार : बलबीर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** बंगाणा उपमंडल की पंचायत चौकीमन्यार में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में पूर्व विधायक बलबीर चौधरी ने मौजूदा कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, मगर सत्ता में आते ही उन सभी वादों को दरकिनार कर दिया। आज हालत यह है कि जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में शुरू किए गए विकास कार्य आज धन की कमी के बहाने अधर में लटके पड़े हैं। चौधरी ने विशेष रूप से चौकीमन्यार के निर्माणाधीन कॉलेज भवन के लिए फारेस्ट क्लीयरेंस देहरादून व सुप्रीम कोर्ट से दिलवाई थी और उपतहसील कार्यालय का जिक्र करते हुए कहा कि ये योजनाएं भाजपा सरकार की देन थीं, लेकिन मौजूदा सरकार की उपेक्षा के कारण इनमें कोई प्रगति नहीं हो पाई है। इस मौके पर गांव चौकीमनयार के पूर्व सैनिक तेलु राम ने भाजपा का दामन थाम लिया।

## कुटलैहड़ में बारिश से किसानों को नुकसान वीरेंद्र कंवर ने सरकार से मांगा राहत पैकेज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



वीरेंद्र कंवर बारिश से हुए नुकसान को लेकर बोलते हुए।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भारी बारिश से किसानों और आम लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस मुद्दे पर पूर्व मंत्री व अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत राशि प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही बारिश से मकान, पशुशालाएं, सड़कें और फसलें बर्बाद हो गई हैं। बिजली व पानी की आपूर्ति भी ठप हो गई है, जिससे जनता परेशान है। वीरेंद्र कंवर ने कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बीते अढ़ाई वर्षों में कुटलैहड़ के दोनों कांग्रेस विधायक कोई भी ठोस विकास कार्य करवाने में विफल रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह मंत्री थे, तब शिवा प्रोजेक्ट के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया था, लेकिन मौजूदा सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह शिवा प्रोजेक्ट और सिंचाई योजनाओं को पुनर्जीवित करे और बरसात से प्रभावित परिवारों को विशेष राहत पैकेज दे।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार और प्रतिनिधियों ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो जनता आने वाले समय में इसका जवाब देगी। इस अवसर पर कुटलैहड़ सेवा संगठन के संयोजक चरणजीत शर्मा, अध्यक्ष राजेंद्र रिंकू और सुरेंद्र हटली सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## वीपीएस में बच्चों के गानों पर झूमे छात्र व शिक्षक

**अनंत ज्ञान, ऊना**



वशिष्ट पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। एक भव्य मंदिर बनाकर स्कूल को कृष्ण की नगरी के रूप में सजाया गया। इस शुभ अवसर पर कृष्ण कन्हैया जी ने मटकी फोड़ी और इसके उपरांत सभी बच्चों को माखन मिश्री का प्रसाद दिया गया।

जन्माष्टमी के इस अवसर पर 'फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता' और 'एकल गायन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने राधा-कृष्ण, सुदामा, मीराबाई, गूगल, वृक्ष आदि के रूप धारण किए थे । सभी विद्यार्थी रंग-बिरंगे परिधानों में बहुत ही आकर्षक लग रहे थे। स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से अंशदीप, वियान प्रथम, अभिधा, दिव्यम, भाविनी पुरी द्वितीय, रुषांक, वान्या तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से तनिप साहू, अथर्व प्रथम, अमाहिरा वशिष्ट द्वितीय, दिव्यांश, मेहताब सिंह तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी) से दिव्यांश, परीक्षित जसवाल प्रथम, युवान द्वितीय, कृषिका खन्ना, रूही रेहल, नेरिती शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से रक्षित, शौर्य कौशल प्रथम, हारविका द्वितीय तथा विराज कंवर तृतीय स्थान पर रहे। एकल गायन प्रतियोगिता में अपनी गायन कला का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने सभी के मन को मोह लिया। बच्चों के द्वारा गाए मधुर गीतों को सुनकर सभी विद्यार्थी व शिक्षक खुशी से झूमने लगे।

ऑरेंज ग्रुप में से ख्वाहिश राणा प्रथम, अवनीत द्वितीय तथा सांविका शर्मा, बानी तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप में से विनायक, नमिश बस्सी प्रथम, ईशा शर्मा, इशिका राणा द्वितीय, देवांश वशिष्ट, आर्यवीर तृतीय स्थान पर रहे। मेलन ग्रुप में से जसलीन कौर प्रथम, जाग्रत शर्मा द्वितीय तथा कनिका, शगुन तृतीय स्थान पर रहे।

स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों को जन्माष्टमी पर्व के महत्व के बारे में समझाया और उन्हें भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि ऐसे त्योहार मनाकर बच्चों को अपनी धार्मिक संस्कृति के बारे में पता चलता है और आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ावा मिलता है। स्कूल के अध्यक्ष सतपाल वशिष्ट ने सभी को जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दीं।

**समीक्षा** जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक की उपायुक्त जतिन लाल ने की अध्यक्षता

## सामुदायिक भागीदारी और जन-जागरूकता ही सफलता की कुंजी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



बैठक में उपस्थित उपायुक्त जतिन लाल और अन्य विभाग के अधिकारी

जिला क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन समिति की बैठक वीरवार को जिला अस्पताल ऊना के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने की। इस दौरान जिला में टीबी उन्मूलन हेतु चल रहे कार्यक्रमों और प्रयासों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

उपायुक्त जतिन लाल ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी और जन-जागरूकता ही इस अभियान की सफलता की कुंजी हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजीव वर्मा ने जानकारी दी कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रोगियों की शीघ्र पहचान, समयबद्ध उपचार तथा पोषण सहायता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर ने पावर प्वाइंट प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से जिला में चल रहे क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में उच्च-जोखिम समूह के तहत कुल 1,01,121 लोगों की पहचान की गई है। इनमें से अब तक लगभग 53,000 लोगों के एक्स-रे किए जा चुके हैं। जुलाई माह तक कुल 525 क्षय रोगी चिन्हित किए गए हैं, जिनका निशुल्क उपचार किया जा रहा है।

इस दौरान डॉ. विशाल ठाकुर ने विभाग की कुछ आवश्यकताओं जैसे 3 नई एक्स-रे मशीनें, पोर्टेबल कैनोपी, लैपटॉप, निक्षय शिविरों हेतु बजट, 2 वाहन हायर करने की और क्षय रोग विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरने का आग्रह किया। इन प्रस्तावों को उपायुक्त ने सहमति देते हुए, मिशन निदेशक, एनएचएम शिमला को भेजने को कहा।

इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा नीलम कुमारी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. किरण शर्मा, डॉ. भरतभूषण, जिला उद्योग केंद्र से महाप्रबंध रोहित शर्मा, ऐडवोकेट रोहित जोशी, प्रेजिडेंट जिला वार एसोसिएशन, विपिन कुमार डेरा बाबा रुद्र नन्द आश्रम, बीएमओ अंब डॉ. राजीव गर्ग, बीएमओ गागरेट पंकज प्राशर, बीएमओ बसदेहडा डॉ. राम पाल, बीएमओ हरोली डॉ. शिंगारा सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊना डॉ. पुष्पिंदर राणा सहित डीआरटीवी, एचआईवी समन्वयक गुलशन कुमार, कार्यक्रम समन्वयक राकेश ठाकुर, सुपरवाइजर संदीप धीर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संस्कृत के अभ्यास से ही सनातन संस्कृति का संरक्षण संभव : आचार्य शिवशास्त्री

**अनंत ज्ञान, जोल**



आचार्य शिव शास्त्री, डॉ. मुकेश और आचार्य रमेश शास्त्री।

श्री सुंदर नारायण गुरुकुल अटया अंबेहड़ा धीरज में संस्कृत भारती के सौजन्य से आयोजित दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन बुधवार को हुआ। यह शिविर संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य में 7 अगस्त से प्रारंभ हुआ था। शिविर में प्रतिभागियों को संस्कृत में दैनिक संवाद करने का प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल के संस्थापक और प्रख्यात कथावाचक आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने की।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण संस्कृत भाषा के ज्ञान और अभ्यास के बिना संभव नहीं है। उन्होंने गुरुकुल में चल रहे संस्कृत संवर्धन के प्रयासों की जानकारी दी। शिविर में संस्कृत भारती की विस्तारिका सुश्री ललिता ठाकुर ने प्रशिक्षण प्रदान किया और संयोजन आचार्य गणेशदत्त वशिष्ठ ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि आचार्य रमेश शास्त्री और मुख्य वक्ता डॉ. मुकेश कुमार ने संस्कृत के प्रचार में संस्कृत भारती के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में वैदिक-मंगलाचरण, अभिनय गीत, गीतिका, शास्त्रपाठ एवं शांति मंत्र जैसे विविध प्रस्तुतियां दी गईं। समापन पर सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों ने संस्कृत सम्भाषण का संकल्प लिया।

# अरुण अमर रहे और भारत माता के जयघोष से गूंजा किशोरी गांव

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले के उदयपुर उपमंडल के किशोरी गांव का 20 वर्षीय वीर सपूत अग्निवीर अरुण देश की सेवा करते हुए शहीद हो गया। वीरवार को उसका अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ पैतृक गांव किशोरी (त्रिलोकीनाथ पंचायत) में किया गया। पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही अरुण अमर रहे और भारत माता की जय के नारों से समूचा गांव गूंज उठा।

शहीद अरुण का पार्थिव शरीर सियाचिन से चार दिन की लंबी प्रतीक्षा के बाद किशोरी गांव पहुंचा। मंगलवार को अरुण का पार्थिव शरीर लेह से विमान के माध्यम से चंडीगढ़ लाया गया था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण दो दिनों तक लाहौल नहीं पहुंचाया जा सका। जैसे ही वीरवार को मौसम ने राहत दी, सेना के चॉपर से पार्थिव शरीर को चंडीगढ़ से उदयपुर हेलीपैड लाया गया। वहां से सड़क मार्ग द्वारा उसे किशोरी गांव पहुंचाया गया। इस दुखद क्षण में कारगिल युद्ध के नायक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) खुशाल ठाकुर ने सेना और प्रशासन के बीच समन्वय कर पार्थिव शरीर को समय पर लाने में अहम भूमिका निभाई।

सेना ने पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने वीर सपूत को अंतिम सलामी दी। 17 अगस्त की रात अरुण की सियाचिन ग्लेशियर की अग्रिम चौकी पर तैनाती के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई थी। वह भारतीय सेना की लद्दाख स्काउट्स रेजीमेंट में एक वर्ष पहले अग्निपथ योजना के तहत भर्ती हुआ था। एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान, डीएसपी केलांग रश्मि शर्मा भी मौजूद रहे। विधायक अनुराधा राणा, पूर्व विधायक रवि ठाकुर और पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने अरुण की शहादत को नमन किया।

अरुण अपने पीछे माता शांति देवी, पिता जय सिंह और बड़े भाई विजय को छोड़ गए हैं। शहीद की यह वीरगाथा सदैव याद रखी जाएगी।


अरुण को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई देता किशोरी गांव।

### वीर सपूत अग्निवीर अरुण का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

# मनाली में बाइपास मार्ग के निर्माण के लिए पेड़ कटान पर मचा बवाल

अनंत ज्ञान, मनाली

पर्यटन नगरी मनाली में प्रस्तावित बाईपास मार्ग के निर्माण को लेकर पेड़ों के कटान पर विवाद गहरा गया है। वन बिहार से ओल्ड मनाली तक बनाए जा रहे इस मार्ग के लिए हो रहे पेड़ कटान को लेकर ऊझी घाटी के सात से अधिक गांवों के लोग दो धड़ों में बंट गए हैं। एक ओर जहां कई स्थानीय लोग सड़क निर्माण का समर्थन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय लोग इसके विरोध में उतर आए हैं।

प्रारंभिक योजना के अनुसार, लगभग 2200 पेड़ों को काटने का अनुमान था, जिसे घटाकर 1500 किया गया और अंततः केवल 49 पेड़ों के कटान को ही अनुमति दी गई। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने लाइव वीडियो के माध्यम से कटान का विरोध जताया, जिससे मामला गरमा गया।

ढूंगरी, बुरुआ, शनाग, मझाच, सोलंग और ओल्ड मनाली जैसे गांवों के लोगों ने वन बिहार पहुंचकर बाईपास मार्ग के समर्थन में प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि पर्यटन सीजन के दौरान भीषण ट्रैफिक जाम से स्थानीय लोगों को परेशानी होती है और यह बाईपास मार्ग एक बड़ी राहत देगा।

ओल्ड मनाली की पंचायत प्रधान मोनिका भारती ने कहा कि यह सड़क बच्चों, मरीजों और पर्यटकों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। वहीं नगर परिषद की पार्षद चंद्रा प्रधान ने पेड़ों के कटान के तरीकों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वैज्ञानिक और सतर्क तरीके से कटान हो ताकि अन्य पेड़ों को नुकसान न पहुंचे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वे सड़क के विरोध में नहीं हैं, लेकिन विकास के नाम पर पर्यावरण की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि पेड़ कटान की अनुमति सीमित संख्या में दी गई है और कार्य निगरानी में चल रहा है। इसके बावजूद इस मुद्दे ने क्षेत्र में बहस छेड़ दी है कि पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए।

# भूस्खलन की चपेट में शिल्हा गांव, 135 परिवार खतरे में

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मणिकर्ण घाटी की बरशैणी पंचायत के शिल्हा गांव में लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिससे लगभग 135 परिवारों का जीवन संकट में पड़ गया है।

गौरतलब है कि यह भूस्खलन 2023 से जारी है और इस वर्ष की बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। गांव के नीचे की भूमि में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं और भूस्खलन की रेखा अब धीरे-धीरे नदी की ओर से गांव की ओर बढ़ रही है, जिससे लोगों में भय का माहौल है।


शिल्हा गांव के नीचे हो रहा भूस्खलन।

### ग्रामीणों ने मांगा सुरक्षात्मक उपाय

### पर्यटन क्षेत्रों में काम, गांवों में अनदेखी?

**ग्रामीणों** ने आरोप लगाया कि मणिकर्ण घाटी में पार्वती नदी के किनारे पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कुछ कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन शिल्हा गांव जैसे संवेदनशील क्षेत्र को नजरअंदाज किया जा रहा है।

### ग्रामीणों ने उठाई ठोस सुरक्षात्मक कार्यों की मांग

**ग्रामीण** हुकुम सिंह, बुधराम, पूर्ण चंद, संगतराम, ठाकर दास और छपे राम ने प्रशासन से नदी किनारे कंक्रीट की सुरक्षा दीवार बनाने की मांग की है, ताकि गांव को भूस्खलन से बचाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2023 की आपदा के बाद जल शक्ति विभागके अधिकारियों ने एक प्राकलन तैयार किया था, लेकिन अब तक कोई सुरक्षात्मक कार्य शुरू नहीं हुआ है।

### लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उठाई मांग

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि अगर जल्द कोई सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए गए, तो यह गांव किसी भी समय बड़ी आपदा की चपेट में आ सकता है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल ठोस कदम उठाने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के पदों पर होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मैसर्ज एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाइजर के कुल 120 रिक्त पदों को भरने की मांग अधिसूचित की गई है। यह भर्ती नियोक्ता द्वारा जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू तथा उप-रोजगार कार्यालय बंजार में 23 अगस्त को आयोजित की जाएगी। भर्ती से संबंधित आवश्यक विवरण इस प्रकार हैं, योग्यता न्यूनतम दसवीं पास, लंबाई कम से कम 165 सेमी, वजन 55 किलोग्राम से 95 किलोग्राम, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष, वेतनमान 19,500 से 24,000 मासिक होगी। योग्य पुरुष उम्मीदवारों से अनुरोध किया कि वे 23 अगस्त को प्रातः 11 बजे अपने समस्त अनिवार्य दस्तावेजों सहित संबंधित रोजगार कार्यालय (कुल्लू या बंजार) में उपस्थित होकर कैंपस इंटरव्यू में भाग लें। यदि पंजीकृत नहीं हैं तो पहले ऑनलाइन पंजीकरण करें। जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू के संपर्क नंबर 01902-222522 पर संपर्क करें।

### प्रभावित परिवारों के लिए भेजे 1000 तिरपाल

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने सिराज मंडी क्षेत्र में आई आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए राहत कार्य शुरू किया है। हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन, बाइकर्स एसोसिएशन, लग्जरी कोच ऑनर्स एसोसिएशन, जिंदौड पंचायत और युवा संस्था ने मिलकर 5 लाख रुपए की लागत से 1000 तिरपाल खरीदे हैं। इन्हें पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर सिराज रवाना किया। युवा संस्था के निदेशक सुमित ठाकुर ने बताया कि टीम दो दिन तक प्रभावित गांवों में रहकर तिरपाल बांटेगी और अन्य जरूरतों का भी मूल्यांकन करेगी। संस्था पहले ही 400 वाटर कैंपर और राहत सामग्री वितरित कर चुकी है। बाइकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल सूद ने बताया कि जल्द ही राहत राशि भी बांटी जाएगी, जबकि अन्य संगठनों ने भी कुल्लू-मनाली के प्रभावित क्षेत्रों में सहायता पहुंचाने की बात कही।

### किसानों का पक्ष सही तरीके से कोर्ट में रखे सरकार : प्रेम

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिमाचल किसान सभा व हिमाचल सेब उत्पादक संघ की बैठक वीरवार को किसान मजदूर भवन चाटी में आयोजित हुई। बैठक में किसानों व बागवानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। राज्य सचिव राकेश सिंहा, जिला महासचिव देवकी नंद और अध्यक्ष प्रेम चौहान ने कहा कि किसान सरकार की नवउदारवादी नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में हाईकोर्ट के नाम पर गरीब किसानों को उनकी जमीनों से बेदखल किया जा रहा है और मकानों पर ताले लगाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों का पक्ष सुप्रीम कोर्ट में सही ढंग से रखे। सतलुज नदी पर बन रहे लुहरी व सुन्नी प्रोजेक्ट से प्रभावित किसानों को मुआवजा और रोजगार नहीं मिल रहा है, जिस पर भी चिंता व्यक्त की गई।

### समृद्ध हिमाचल के तहत नागरिक प्रश्नावली का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** 'समृद्ध हिमाचल-2045' पहल के अंतर्गत प्रदेश के विकास के लिए नागरिकों से सुझाव प्राप्त करने के लिए 26 जुलाई से ऑनलाइन प्रश्नावली आमजन के लिए खुली है, जो 26 अगस्त तक उपलब्ध रहेगी। डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बताया कि यह प्रश्नावली हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस प्रश्नावली को भरकर नीति निर्माण में भाग लें और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जन-जागरूकता अभियान भी चला रहा है। नागरिक आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

### वर्षा से प्रभावित सैंज घाटी का डीसी ने किया दौरा

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश ने मंगलवार को बंजार उपमंडल की सैंज घाटी और आसपास के वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने बिहाली, सपांगनी, सैंज, दरमेहड़ा, रोपा और गुशैनी में नुकसान का जायजा लिया और संबंधित विभागों को सड़क, बिजली, पानी व दूरसंचार सेवाओं की जल्द बहाली के निर्देश दिए। डीसी ने किसानों को मंडियों तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो, इस पर विशेष जोर दिया। इस दौरान एसडीएम बंजार, तहसीलदार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने जनता से खराब मौसम में सतर्क रहने और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने की अपील की।

# 'दायरों से परे' काव्य संकलन का राज्यपाल ने किया विमोचन

अनंत ज्ञान, आनी

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में प्रतिष्ठित काव्य संकलन 'दायरों से परे' का विमोचन किया। यह संकलन राजकीय महाविद्यालय आनी के प्राचार्य एवं प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. कुंवर दिनेश सिंह द्वारा संपादित किया गया है।

इस काव्य संकलन में देश के 11 समकालीन प्रतिष्ठित हिंदी कवियों की कुल 67 कविताएं, गजलें और लघु कथाएं संकलित हैं। इसमें डॉ. गिरिराज शरण अग्रवाल, हरिराम समीप, गिरिश पंकज, रामेश्वर कंबोज हिमांशु, अशोक शाह, डॉ. शिवजी श्रीवास्तव, सुभाष नीरव, सुकेश साहनी, हरभगवान चावला, आनंद नीमा तथा स्वयं डॉ. कुंवर दिनेश सिंह की रचनाएं शामिल हैं। इस संस्करण में संस्कृति मंत्रालय के वरिष्ठ फैलो डॉ. लाल चंद गुप्ता 'मंगल' और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष द्वारा लिखी गई ज्ञानवर्धक प्रस्तावना भी संकलित है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने संपादक एवं सभी कवियों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की साहित्यिक कृतियां समाज की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 'दायरों से परे' युवाओं को हिंदी साहित्य की गहराई और विविधता को समझने तथा सराहने के लिए प्रेरित करेगा। गौरतलब है कि डॉ. कुंवर दिनेश सिंह को हिमाचल प्रदेश साहित्य अकादमी पुरस्कार सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वे अब तक कविता, लघु कथा, हाइकू, समीक्षा और आलोचना आदि विधाओं में 35 से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं। उनकी रचनाएं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययन में शामिल हैं और शोध का विषय भी बनी हुई हैं।


राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 'दायरों से परे' काव्य संकलन का विमोचन करते हुए।

### राज्यपाल बोले-साहित्य समाज की सांस्कृतिक धरोहर को करता है समृद्ध

# गोकुलधाम गोसदन को बेसहारा गो धन के लिए दो गाड़ी तूड़ी का दान

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की की नगर पंचायत अर्की के वार्ड नंबर-2 में स्थित ओपन हैंड वेलफेयर सोसायटी व नगर पंचायत द्वारा संचालित बेसहारा गोधन के लिए गोकुलधाम गौसदन में सिर्फ अर्की ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी दानी सज्जनों द्वारा हमेशा किसी न किसी अवसर पर दान किया जाता रहता है।

इसी कड़ी में अधिशाषी अभियंता देवेंद्र कौंडल, जो अर्की क्षेत्र से संबंधित हैं, उन्होंने अपने पिताजी के चतुरवार्षिक श्राद्ध के मौके पर गोकुलधाम गोसदन के बेसहारा गोधन के लिए दो गाड़ी तूड़ी दान की। इसके साथ ही उनकी माता जी ने गोसदन में गो पूजा और पाठ भी किया। कौंडल की माता ने कहा कि इस प्रकार के दान से जहां गो सेवा का पुण्य प्राप्त होता है, वहीं आशीर्वाद भी मिलता है।

# तीर्थन घाटी के रविंद्र कुमार बने साई प्रशिक्षित वॉलीबाल कोच

अनंत ज्ञान ब्यूरो, तीर्थन

उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के बंदल गांव निवासी रविंद्र कुमार ने वॉलीबाल कोचिंग में राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने मई-जून 2025 सत्र में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स, बेंगलुरु से वॉलीबाल कोचिंग का छह सप्ताह का प्रमाणपत्र कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया है।

रविंद्र वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुशैणी में शारीरिक शिक्षा अध्यापक (पीटीआई) के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वह बचपन से वॉलीबाल में रुचि रखते रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल वॉलीबॉल स्कूल टीम के कोच के रूप में कई बार भाग ले चुके हैं। उनकी कोचिंग में हिमाचल टीम ने कई प्रतियोगिताएं जीती हैं। अब वह एसएआई से मान्यता प्राप्त वॉलीबाल कोच बनने वाले तीर्थन घाटी के पहले युवा बन गए हैं, जिससे क्षेत्र में हर्ष की लहर है। गांव की मोरमा भारती भी एफआईवीबी से अंतरराष्ट्रीय स्तर की महिला कोच बन चुकी हैं। रविंद्र ने इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों, गुरुजनों और प्रशिक्षकों को दिया है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी है। उनकी यह उपलब्धि घाटी में खेलों के प्रति नया उत्साह है।



### नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स बेंगलुरु से प्रशिक्षण प्राप्त

# अखिलेश कपूर बने हिमाचल भाजपा के नए प्रवक्ता




भाजपा के नवनियुक्त सदस्य अखिलेश कपूर, भीमसेन शर्मा, दानवेंद्र सिंह।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश भाजपा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन में नए चेहरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसी क्रम में मनाली विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले अखिलेश कपूर को प्रदेश भाजपा का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

बंजार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता भीमसेन शर्मा और कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद कुल्लू के पार्षद दानवेंद्र सिंह को मीडिया सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए दायित्व मिलने पर तीनों नेताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन मंत्री का आभार व्यक्त किया है। जिला अध्यक्ष अमित सूद, विधायक सुरेंद्र शौरी (बंजार), विधायक लोकेंद्र (आनी), कुल्लू भाजपा मंडल अध्यक्ष सरवन कुमार, भुंतर मंडल अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पार्वती मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि कुल्लू जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिलना गौरव की बात है।

### भीमसेन शर्मा और दानवेंद्र सिंह को सौंपी गई मीडिया सह संयोजक की जिम्मेदारी

# अग्निशमन व पुलिस के जवानों ने ब्यास की तेज धारा से बचाई जिंदगी

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान, मनाली।** अग्निशमन विभाग व पुलिस के जवान ब्यास की तेज धारा में फंसी महिला को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहे। जवानों के बुलंद हौसलों से ब्यास की तेज धारा से जिंदगी को बचा लिया। नेपाली मूल की महिला बाहंग के पास नदी में गिर गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस सहित अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद महिला को पानी के बीच से बाहर निकाल लिया। यह बचाव कार्य को अग्निशमन उपअधिकारी मनाली सरनपत बिष्ट की अगुवाई में अंजाम दिया गया। घायल महिला को रस्सों की सहायता से एक विशेष गांठ जिसे चेयर नाट कहा जाता उसको लगाकर पानी के बीच से सुरक्षित बाहर निकाला।



मौके पर मौजूद लोगों ने जवानों के हौसलों व हिम्मत की सराहना की। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मनाली के बहांग के पास आज नेपाली मूल की एक महिला ब्यास नदी में बह गई और कुछ दूर नदी के बीच में फंस गई। पुलिस और अग्निशमन विभाग ने उसे नदी के बीच से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उसके पति के अनुसार, महिला को मिर्गी के दौरे पड़ते हैं। उसका नाम पाल्मो है और उसके पति का नाम पेमा है। वे सीमा सड़क संगठन में मजदूरी करते हैं। महिला को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

# देवता की भूमि पर जल शक्ति विभाग का अवैध निर्माण, ग्रामीणों का विरोध तेज

अनंत ज्ञान, सैंज

जल शक्ति विभाग द्वारा ग्राम पंचायत तलाड़ा, लारजी में देवता गर्ग ऋषि के स्वामित्व वाली भूमि पर कोर्ट के स्टे आदेश की अवहेलना करते हुए रात में जबरन निर्माण कार्य जारी रखा गया है। इस कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों तथा देवता कारदारों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों और कारदारों का कहना है कि उक्त भूमि पर गांव की देवता कमेटी ने लाखों रुपए से एक बड़ा ढारा बनवाया था और साथ ही मार्केटिंग बोर्ड के साथ मिलकर सब्जी मंडी चलाने का अनुबंध भी किया था। दिसंबर 2023 में वे स्टे प्राप्त करते हुए इस भूमि को सुरक्षित रखने के लिए कोर्ट में केस भी दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन बावजूद इसके प्रशासन द्वारा कोर्ट के आदेश की अज्ञानता प्रदर्शित करते हुए गतिविधियां जारी रखी जा रही हैं।

देवता कमेटी के कारदार कुबेर सिंह नेगी ने बताया, यह निजी भूमि है, जिस पर वर्षों से कारोबार संचालित हो रहा है, लेकिन जल शक्ति विभाग द्वारा उच्चाधिकारियों के पहुंच जाने के बावजूद रात में ही निर्माण शुरू कर नया संकट पैदा किया गया है। मेहर सिंह सुमन ने कहा कि 1990 में विपणन बोर्ड को अनुबंध पर ये जमीन दी गई थी, लेकिन अभी तक मंडी का निर्माण नहीं हो पाया है। उन्हें घाटे की आशंका है कि विभाग की इस तात्कालिक कार्रवाई से देव समाज को भारी आर्थिक व धार्मिक क्षति हो सकती है। ग्रामीणों ने डीसी से मांग की है कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और कोर्ट के आदेश का सम्मान सुनिश्चित हो।


जल शक्ति विभाग द्वारा जारी निर्माण कार्य का दृश्य।

> विभाग ने कोई भी कब्जा नहीं किया है और न ही देवता की भूमि के साथ कोई छेड़खानी की गई है। विभाग सदा देव समाज के साथ खड़ा है।
>
> -रविंद्र कुमार शर्मा, अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति मंडल लारजी।

## संस्करण

### विद्यार्थियों को दिए जाएंगे 250 करोड़ की स्कॉलरशिप और 2.5 करोड़ के कैश रिवॉर्ड

# 'आकाश' ने कुल्लू में लॉन्च की 16वीं छात्रवृत्ति परीक्षा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

देश की प्रमुख कोचिंग संस्था आकाश इंस्टीट्यूट ने अपनी राष्ट्रीय स्तर की सबसे बड़ी छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम) 2025 का कुल्लू ब्रांच से शुभारंभ किया। यह एंथे परीक्षा का 16वां संस्करण है। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में आकाश इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर तेजेंद्र अरोड़ा ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षा में 250 करोड़ की स्कॉलरशिपऔर 2.5 करोड़ के नकद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। एंथे परीक्षा 4 से 12 अक्तूबर 2025 के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी, जिसमें 5 और 10 अक्तूबर को ऑफलाइन परीक्षा ली जाएगी। यह एक घंटे की परीक्षा होगी, जिसके परिणाम चरणबद्ध रूप से घोषित किए जाएंगे।

10वीं कक्षा का परिणाम 24 अक्तूबर, 7वीं, 8वीं, 9वीं कक्षा का परिणाम 29 अक्तूबर, 5वीं और 6वीं कक्षा का परिणाम 1 नवंबर, 11वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम 4 नवंबर को होगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यार्थी 300 शुल्क के साथ ऑनलाइन या नजदीकी आकाश सेंटर पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के एमडी सुरेश ठाकुर, आकाश इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।


आकाश इंस्टीट्यूट के पदाधिकारी 16वें एंथे-2025 को लॉन्च करते हुए।

### कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के साथ साझेदारी

**कुल्लू** में आकाश इंस्टीट्यूट की ब्रांच की शुरुआत कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के साथ साझेदारी के तहत की गई है। यह साझेदारी क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल, ढालपुर पहले से ही शिक्षा की गुणवत्ता में अग्रणी रहा है और अब यह सहयोग शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### पिछले वर्ष 13 लाख से अधिक छात्र हुए थे शामिल

**एंथे-2024** में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस वर्ष परीक्षा को और भी व्यापक स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक छात्र इसका लाभ उठा सकें। परीक्षा के माध्यम से नीट, जेईई, ओलंपियाड व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है।

# प्राथमिकता से किए जा रहे राहत, पुनर्वास कार्य :डीसी

**अनंत ज्ञान, केलांग।** लाहौल-स्पीति की मयाड़ घाटी में आई हालिया बाढ़ आपदा के बाद राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाई गई है। डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष किरण भड़ाना ने जानकारी दी कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति के लिए जल शक्ति विभाग द्वारा नल कनेक्शन और हैंडपंप लगाए गए हैं, जबकि गांवों में अस्थायी रोशनी के लिए सोलर लाइट्स स्थापित की गई हैं।

बिजली और पानी की आपूर्ति बहाल करने के प्रयास भी निरंतर जारी हैं। सड़क संपर्क बहाल करने को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने कहा कि आगामी तीन से चार दिनों में अस्थायी सड़क बहाल कर दी जाएगी, ताकि किसानों की नकदी फसलों की समय पर ढुलाई सुनिश्चित हो सके। साथ ही, स्थायी बहाली कार्य भी प्रगति पर है।

# ठोस कचरे के निष्पादन के लिए घर पर ही हो छंटनी : डीआर ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2024-25 एवं मॉडल बायलॉज 2025 पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कुल्लू के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी डीआर ठाकुर ने की।

प्रशिक्षण में कुल्लू विकास खंड की स्वयं सहायता समूहों की सदस्याओं, पदाधिकारियों तथा ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डीआर ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि घरों से निकलने वाले ठोस कचरे के उचित निष्पादन के लिए आवश्यक है कि लोग घर पर ही कचरे की छंटनी करें। उन्होंने विशेष रूप से किचन वेस्ट (जैविक कचरे) के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर कंपोस्ट पिट बनाने का आग्रह किया। जिला समन्वयक (एसबीएम) इंद्र देव ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2024 और मॉडल बायलॉज 2025 के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। खंड समन्वयक ने स्वच्छ भारत मिशन की पृष्ठभूमि और वर्तमान प्रगति के बारे में बताया। वहीं, डीपीएम संजय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रही गतिविधियों की जानकारी दी।


बैठक के दौरान विषय पर चर्चा करते जिला विकास अधिकारी डीआर ठाकुर व अन्य गणमान्य।

### कुल्लू में ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2024-25 पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

# दो युवा बने दिल्ली में जज




**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के दो होनहार युवाओं ने दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

### अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश पद पर चयन, उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा में पाई सफलता

वीरेंद्र नेगी और चंद्रकीर्ति नेगी का चयन दिल्ली में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर हुआ है। वीरेंद्र नेगी किन्नौर की सांगला घाटी के चगांव गांव के रहने वाले हैं। वे स्वर्गीय लेफ्टिनेंट कर्नल बीडी नेगी के पुत्र हैं। वीरेंद्र ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चगांव से प्राप्त की और इसके पश्चात दिल्ली व शिमला जिले के रामपुर में वकालत करते रहे। वहीं, चंद्रकीर्ति नेगी रोपा गांव के निवासी हैं। उनके पिता जय चंद नेगी सेवानिवृत्त श्रम आयुक्त हैं और माता विद्यावती सेवानिवृत्त शिक्षिका हैं। चंद्रकीर्ति दिल्ली में सहायक जिला न्यायवादी के पद पर कार्यरत थे और न्यायिक सेवा में उनका अनुभव पहले से ही रहा है। दोनों युवाओं की इस उल्लेखनीय सफलता पर किन्नौर जिले में हर्ष का माहौल है। जिलेवासियों का कहना है कि वीरेंद्र और चंद्रकीर्ति की यह उपलब्धि न केवल किन्नौर, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उनकी सफलता नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। स्थानीय लोगों ने विश्वास जताया कि ये दोनों अधिकारी अपनी न्यायप्रियता, निष्ठा और ईमानदारी से समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे।

# सोलन में गंभीर बनी पेयजल संकट की स्थिति

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




### लोग टैंकर से खरीद रहे पानी

**सोलन।** पिछले लंबे अरसे से जारी बारिश से इन दिनों चारों पानी बहता नजर आ रहा है पर सोलन शहर में लोगों के घरों में लगी टंकिया खाली पड़ी हैं। भारी से बारिश हालात ऐसे बिगड़े की शहर में पिछले एक महीने से लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

शहर की कई कॉलोनियां और मोहल्लों में पिछले 10-11 दिनों से घरों में लगे नलकों से पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी। ऐसे में लोग अब टैंकर का पानी खरीद कर गुजरा कर रहे हैं। दो हजार लीटर पानी खरीदने को 600 से 800 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। इतना ही नहीं बिना प्रमाणित पानी के सेवन से अब पीलिया जैसी बीमारी फैलने का भी खतरा हो गया है।

कुछ लोग स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए मिनरल वाटर का भी सहारा ले रहे हैं पर आम आदमी बेबस है। दरअसल शहर की प्यास बुझाने वाली गिरि और अश्वनी पेयजल योजना में बार-बार सिल्ट आने और तकनीकी खामियों से सोलन शहर को पानी की लिफ्टिंग प्रभावित हो रही है। टंकिया ड्राई होने से बैक लॉक पूरा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में पानी की पहले से दोगुनी मांग है।

### दो हजार लीटर पानी खरीदने को 600 से 800 रुपए खर्च

### जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

## सिल्ट के कारण शहर को कम हो रहा पानी लिफ्ट

**गिरि** पेयजल योजना में सिल्ट के कारण पिछले दिनों मांग से कम पानी सोलन शहर को लिफ्ट हो पाया। इससे लोगों को एक सप्ताह से अधिक दिनों से पानी नहीं मिला। यह सिलसिला अभी भी जारी है, अब लोगों को पानी के टैंकर खरीद कर प्यास बुझानी पड़ रही है। ऐसे में लोगों को नगर निगम के पानी के बिल चुकाने के साथ वाटर टैंक खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड की खींचतान के कारण सोलन वासियों को भारी बरसात में पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लोगों को 10 दिन बाद पानी की सप्लाई की जा रही है। वह भी मांग से कम। पानी की कमी को देखते हुए नगर निगम ने भी पानी की राशनिंग शुरू कर दी है। वार्डों के अनुसार निगम द्वारा पानी लोगों को वितरित किया जा रहा है। पिछले कई सालों से शहर में पानी की समस्या का निदान नहीं होने से जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड और नगर निगम की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। जानकारी के अनुसार गिरि पेयजल योजना में बीते दिनों से लिफ्टिंग पाइप लाइन में हवा भरने के चलते पेयजल लिफ्टिंग बाधित हुई। सोलन शहर के 17 वार्डों में रोजाना करीब 80 से 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है, जिसे गिरि और अश्विनी दोनों पेयजल योजनाओं के माध्यम से पूरा किया जाता है। ऐसे में एक पेयजल योजना से लिस्टिंग बंद हो जाने के बाद शहर में पानी की कमी हो जाती है। जल शक्ति विभाग का दावा है कि निगम मांग अनुसार पानी दिया जा रहा है। वहीं, शहर में रोटेशन प्रणाली से की जा रही पेयजल की सप्लाई इतनी कम है कि इससे एक दिन का भी गुजारा नहीं हो रहा है, जबकि शहर में तीन से चार दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

## वार्डों में लीकेज की समस्या बरकरार

**लीकेज** की समस्या से जहां शहर के दूरवर्ती वार्ड क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंचता, जिससे लोगों को मांगानुसार पानी नहीं मिलता। देंऊघाट, सपरून, कलीन, पावर हाउस रोड, रबौण, हाऊसिंग कॉलोनी, खुंडीधार, चंबाघाट, साइंटिस्ट कॉलोनी में अभी भी कई लाइन ऐसी है, जिसमें लीकेज रहती है। सोलन के मुख्य टैंकों में जलशक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं से पानी की लिफ्टिंग की जा रही है, लेकिन शहर के उपभोक्ताओं को नगर निगम पेयजल की आपूर्ति करता है। पानी की कमी व वितरण प्रणाली की खामियों के चलते शहरवासियों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। **वहीं** नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा का कहना है कि जल शक्ति विभाग से मिल रही पानी की मात्रा के हिसाब से शहर में रोटेशन प्रणाली से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। एक दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री विश्वकर्मा मंदिर में छठी महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** श्री विश्वकर्मा मंदिर पांवटा साहिब में श्री कृष्ण छठी महोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। धार्मिक अनुष्ठानों और भजन-कीर्तन के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह लड्डू गोपाल के अभिषेक से हुई। इसके बाद हवन और पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह 11:40 बजे मंदिर प्रांगण में आरती संपन्न हुई, जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन हुआ। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से बड़े श्रद्धा और आस्था के साथ निभाई जा रही है और आगे भी इसी प्रकार आयोजित की जाएगी। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के जयकारों के बीच उत्सव का आनंद लिया तथा एक-दूसरे को प्रसाद वितरित कर हर्षोल्लास के साथ छठी महोत्सव मनाया।

### हरियाली रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने परिसर में दो दिवसीय स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान आयोजित किया। इस अभियान का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण की सुरक्षा करने का आह्वान किया। पहले दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया, जबकि दूसरे दिन बोगनवेलिया, बॉटल ब्रश, ओरिएंटल आर्बरविटा और यूओनिमस जैसे सजावटी पौधे लगाए गए। बीए एवं बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं तथा एनएसएस स्वयंसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पर्यावरण विज्ञान विभाग की डॉ. तन्वी कपूर ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करते हैं और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं।

### सामाजिक समरसता मंच का वार्षिक समारोह 7 को

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सामाजिक समरसता मंच का वार्षिक समारोह आगामी 7 सितंबर को राजगढ़ में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महान विभूतियों को मंच की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष अरविंद राय ने बताया कि मंच का गठन सामाजिक कार्यों में जनसहयोग के माध्यम से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। समारोह में शिक्षा, खेल, कृषि, देश सेवा और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी रमेश धीमान, सुशील भृगु और रतन धीमान को सौंपी गई है। बैठक में उपप्रधान अरुण चौहान, महासचिव सुरेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष रत्न हाब्बी, सुभाष ठाकुर, हीरापाल सिंह, प्रेमपाल आर्य आदि उपस्थित रहे।

### नालियों की मरम्मत के लिए किया धन्यवाद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में स्कूल प्रबंधन समिति की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ठाकुर ने की। वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने बैठक के मुख्य बिंदु सदस्यों के समक्ष रखे। उसके बाद प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने सभी मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर द्वारा विद्यालय के विकास के लिए किए गए योगदान की सराहना की। साथ ही, ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रधानाचार्य कक्ष, स्कूल कार्यालय और विद्यालय भवन के चारों ओर पानी की निकासी हेतु नालियों की मरम्मत करवाने के लिए समिति के सदस्यों ने धन्यवाद व्यक्त किया। इस बैठक में सुनील कुमार ठाकुर, प्रेम भगत, मेहर चंद, कृष्ण लाल, लता देवी, सरिता देवी, ममता देवी, विमला देवी, हेमा देवी और निशा देवी उपस्थित थे।

### किसानों को बताए जैविक खेती के फायदे

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वीरवार को दाड़लाघाट में एडवांस जीवा अमृत पर एकदिवसीय रिफ्रेशर शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का संचालन गो गिरी जतन संस्थान गुजरात से आए विशेषज्ञ लोविंदर ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लगभग 35 किसानों ने भाग लिया। विशेषज्ञ लोविंदर ने किसानों को बताया कि प्राकृतिक खेती में एडवांस जीवा अमृत अत्यंत प्रभावी जैविक घोल हैं, जो न केवल मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाता है, बल्कि फसलों को अधिक स्वस्थ और रोग प्रतिरोधक भी बनाता है। उन्होंने कहा कि यदि किसान पारंपरिक रासायनिक खादों की बजाय एडवांस जीवा अमृत का उपयोग करेंगे तो इससे उत्पादन लागत कम होगी और बेहतर गुणवत्ता वाली फसल प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को एडवांस जीवा अमृत बनाने की विधि, इसके उपयोग की मात्रा तथा फसलों में इसके दीर्घकालिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञ ने समझाया कि एक बीघा भूमि में लगभग 40 लीटर एडवांस जीवा अमृत घोल का छिड़काव करना चाहिए, जिससे फसलों को संतुलित पोषण मिलेगा। बताया गया कि जीवा परियोजना के जैव विविधता केंद्र से किसानों को एडवांस जीवा अमृत मात्र 10 रुपए प्रति लीटर की दर से उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें।

### वन मंडल अधिकारी के कार्यकाल की लोगों ने की प्रशंसा

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** ग्राम पंचायत कोटडी व्यास विकासखंड पांवटा साहिब के स्थानीय लोगों के साथ ग्राम पंचायत प्रधान ने वन मंडल अधिकारी ऐश्वर्या राज आईएफएस को उनकी अगले कार्यकाल के लिए बधाई दी। लगभग 2.6 वर्ष के अपने कार्यकाल में डीएफओ ऐश्वर्या राज ने विभिन्न गतिविधियां अपने वन मंडल अधिकार क्षेत्र में की। इसमें पांवटा साहिब के अंतर्गत यमुना नदी के साथ बना हुआ पार्क व सतोन में बना हुआ वन मंडल के द्वारा बनाया गया पार्क तथा विश्राम वन मंडल के अधीन आने वाले विश्राम गृहों का जीर्णोद्धार भी शामिल है। ग्राम पंचायत प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि हमारी पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महर्षी श्री वेदव्यास मंदिर को वन विभाग ने एमओईएफ एंड सीसी में डालकर ऐश्वर्या राज डीएफओ पांवटा साहिब ने एक ऐतिहासिक कार्य किया है। मंदिर का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास से है। इसे उसकी तपस्थली भी कहा जाता है। मंदिर के जीर्णोद्धार हुआ मंदिर के सृजन के लिए आगे की कार्रवाई कानूनी तौर पर बड़ी आसान कर दिए। वन मंडल अधिकारी ने लोगों का दिल से आभार व्यक्त किया वह भी सदैव पांवटा साहिब के विकास के लिए हमेशा अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

# मेराकी लिटरेचर फेस्ट में पाइनग्रोव के छात्रों की रचनात्मक चमक




लिटरेचर फेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटे पाइनग्रोव स्कूल के छात्र।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू ने हाल ही में सेंट सोल्जर्स स्कूल पंचकूला द्वारा आयोजित 'मेराकी लिटरेचर फेस्ट 2025' में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। यह आयोजन क्षेत्र के उभरते लेखकों और विचारकों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसमें छात्रों ने रचनात्मकता और प्रतिभा का बेहतरीन परिचय दिया।

'टॉक द टॉक' संवाद लेखन प्रतियोगिता में पीयूष, कर्ण शर्मा और स्निकिता मैथ्यू की हास्य और रोचक पटकथा ने उन्हें प्रथम स्थान दिलाया। सिमरथ ने 'टेल्स इन फ्रेम' प्रतियोगिता में दिए गए दृश्यों के आधार पर उत्कृष्ट कहानी प्रस्तुत कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 'पोएटिक टेल्स' में गौरीशा बंसल ने अपनी भावनात्मक प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित कर तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं, 'द डेली राइम' कविता लेखन प्रतियोगिता में अद्रित्य रॉय और आराध्या शर्मा ने भी तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

पाइनग्रोव स्कूल के छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने हर्ष जताया है और भविष्य में भी छात्रों को इस प्रकार के मंचों पर भाग लेने के लिए प्रेरित किया है।

# 23 अगस्त को बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत भराड़ीघाट बिजली अनुभाग द्वारा 11 केवी एचटी फीडर में लाइन के आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाएगा।

इस कारण 23 अगस्त को प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक क्षेत्र के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इन गांवों में दसेरन वाला, दसेरन जेरी, भराड़ीघाट, कालर जेरी, आली, भुरजणी, कनदरयाली, हारडा, कुंद, खडाउन, डीनन, नलाग, थाच, कयारड, गानना, बाइमू के अलावा आसपास के क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता दाड़लाघाट ई. विमल अत्रि ने बताया कि यह कार्य आवश्यक रखरखाव के लिए किया जा रहा है। खराब मौसम या अन्य किसी परिस्थिति के कारण निर्धारित तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# पच्छाद की बेटी वैशाली ने बढ़ाया मान मंडी मेडिकल कॉलेज में हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, सराहां**



शिक्षा के क्षेत्र में सिरमौर जिले की पच्छाद तहसील से संबंध रखने वाली वैशाली शर्मा ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर अपने क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। वैशाली ने देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षाओं में से एक नीट को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर दिखाया है और अब उनका चयन लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज मंडी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। वैशाली बचपन से ही एक मेधावी छात्रा रही हैं।

उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कैरियर अकादमी नाहन से पूरी की। बारहवीं कक्षा में हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में उन्होंने राज्य स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम पहले ही लहरा दिया था। अपनी इस सफलता का श्रेय वैशाली अपने माता-पिता और शिक्षकों को देती हैं। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने उन्हें हर मोड़ पर संबल और प्रोत्साहन दिया, जिसकी वजह से वे इस मुकाम तक पहुंच पाईं। वैशाली के पिता सुरेश शर्मा शिक्षा विभाग में इतिहास विषय के प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता वर्षा शर्मा एक गृहिणी हैं। वैशाली का सपना एक समर्पित डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का है। उनका विशेष फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को दूर करने की दिशा में कार्य करना है। वे मानती हैं कि आज भी देश के दूरदराज इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव एक गंभीर समस्या बना हुआ है, जिसे दूर करने में वे अपना योगदान देना चाहती हैं। वैशाली ने अपने जैसे अन्य छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता, बस उसके लिए मेहनत का परिणाम होता है।

# सड़क हादसे में नाहन के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन शहर के चिड़ावली क्षेत्र से एक दुखद हादसा सामने आया है। यहां के निवासी 26 वर्षीय नानू उर्फ जावेद पुत्र लियाकत अली की बुधवार बीती शाम एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी अनुसार नानू शिमला में सैलून का व्यवसाय करता था और बुधवार को चंडीगढ़-मोहाली अपनी दुकान के लिए सामान लेने गया हुआ था। लौटते समय जब वह बुलेट बाइक से नाहन आ रहा था, तभी रास्ते में एक तेज़ रफ्तार गाड़ी से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे तत्काल अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। नानू की शादी को अभी केवल पांच महीने ही हुए थे। ज़िंदगी की शुरुआत ही हुई थी कि यह अचानक आई दुर्घटना सब कुछ छीन ले गई। परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। पत्नी, माता-पिता और भाई-बहन गहरे सदमे में हैं।

# 26 युवा ओडिशा में युवा मैत्री अभियान में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, सोलन**



युवा मैत्री अभियान में सोलन एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश कश्यप।

सोलन एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की अनुशंसा से हिमाचल प्रदेश के 26 युवा ओडिशा के जिला खोरधा में 26 से 30 अगस्त तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम युवा मैत्री अभियान में शामिल होंगे।

इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संस्था के सदस्य कनिष्क शर्मा करेंगे। सोलन एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन के तहत युवाओं के विचारों के आदान-प्रदान और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। प्रदेशभर से चयनित 26 युवा इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे और देश-दुनिया के युवाओं के साथ संवाद करेंगे। कार्यक्रम में हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विकास मॉडल, पर्यावरणीय विविधता, राष्ट्रीय एकता, नवाचार, युवा नेतृत्व और सुशासन पर महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। डॉ. कश्यप ने कहा कि हिमाचल के युवाओं ने हमेशा नेतृत्व, सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में अहम भूमिका निभाई है। उनका मानना है कि इस अभियान में हिमाचल के युवाओं की सक्रिय भागीदारी से न केवल युवा नेतृत्व को नई दिशा मिलेगी बल्कि अंतरराज्यीय सहयोग भी मजबूत होगा।

इस अवसर पर संस्था के सचिव मनीष सोपाल, उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर और संजय पाराशर भी उपस्थित रहे। प्रमुख प्रतिभागियों में इशिका सक्सेना (जिला शिमला), अदिति तिवारी (जिला सोलन), नेहा कश्यप (जिला शिमला), मानसी शर्मा (जिला सिरमौर), योगिता सोहल (जिला कुल्लू), चंचल (जिला सोलन), शीतल चौहान (जिला सिरमौर), सुप्रिया (जिला शिमला), आर्टी (जिला शिमला), आकांक्षा (जिला शिमला), अर्चना कुमारी (जिला शिमला), ईशान्वी चंदेल (जिला शिमला), स्वाति शर्मा (जिला सोलन), जागृति (जिला शिमला) आदि शामिल हैं।

# डिजिटल युग के लिए छात्रों को तैयार करेगा सिल्ब का नया नवाचार केंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**



लैब का उद्घाटन करती सिल्ब की अध्यक्ष सरोज खोसला।

शूलिनी इंस्टिट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट (सिल्ब) ने अपनी अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लैब का उद्घाटन किया है, जो छात्रों को डिजिटल युग के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नई सुविधा में एप्पल और डेल सिस्टम, स्मार्ट बोर्ड और आधुनिक बैठने की व्यवस्था शामिल है, जिससे छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और कोडिंग का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।

यह लैब नवाचार, समस्या-समाधान और व्यावहारिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डिज़ाइन की गई है, जो शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों से जोड़ती है। सिल्ब की अध्यक्ष सरोज खोसला के नेतृत्व में यह संस्थान लगातार भविष्य के लिए तैयार शिक्षा को आकार देने में लगा है, जिसमें मजबूत शैक्षणिक नींव को उद्योग-प्रासंगिक कौशलों के साथ जोड़ा जाता है।

एआई लैब इसी दृष्टिकोण से जुड़ी नवीनतम पहल है, जो सुनिश्चित करती है कि छात्र तेजी से विकसित हो रही डिजिटल अर्थव्यवस्था में सफल हों।

लैब का उद्घाटन प्रोफेसर आशीष खोसला, अध्यक्ष नवाचार और विपणन, ने किया, जिन्होंने नवाचार और व्यावहारिक शिक्षा के प्रति सिल्ब की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

## योजना

### डीसी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# वाहन चालक निर्धारित स्थल पर पार्क करें वाहन

**अनंत ज्ञान, नाहन**



बैठक की अध्यक्षता करती डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा।

डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने उपायुक्त कार्यालय में लोक निर्माण, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस विभाग, राष्ट्रीय उच्च मार्ग, मोर्थ और रोड सेफ्टी क्लब नाहन के प्रतिनिधियों के साथ सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं, नशे में ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। डीसी ने रोड सेफ्टी पॉलिसी और नियमों को जनहित में गंभीरता से लागू करने पर जोर दिया।

### सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अगली रणनीति तय

उन्होंने कहा कि सीट बेल्ट, नशे में ड्राइविंग और हेलमेट संबंधित यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस को विशेष ध्यान देना चाहिए। पुलिस विभाग को नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के चालान करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन पार्क करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। इसके अलावा, आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर जागरूकता शिविर आयोजित करने की भी बात कही। डीसी ने कारमल स्कूल नाहन के पास दुर्घटनाओं को कम करने के लिए स्कूल बसों को बिरोजा फैक्टरी के पास खुले स्थान पर मोड़ने के निर्देश दिए। निजी स्कूल प्रबंधकों को बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल बसों में ओवरलोडिंग न करने, बस की गति सीमा नियंत्रित रखने तथा नियमित मरम्मत करवाने के निर्देश भी दिए गए।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूलों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय उच्च मार्ग तथा नगर परिषद के अधिकारियों को बिरोजा फैक्ट्री नाहन के समीप क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण कर नाले के जल निकासी तथा मरम्मत के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पुलिस उपअधीक्षक रमाकांत ठाकुर ने बताया कि जुलाई माह में जिला सिरमौर में 14 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 4 लोगों की मृत्यु और 24 लोग घायल हुए। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण आलोक जनवेजा ने बताया कि जिले के 40 ब्लैक स्पॉट सुधार के लिए 2 करोड़ 88 लाख रुपए का प्रावधान सरकार को भेजा गया है।

# आपदा पीड़ितों के साथ खड़े हुए जयदीप शर्मा, बांटा दुख-दर्द

**अनंत ज्ञान, नाहन**



आपदा प्रभावितो से मिलते जयदीप शर्मा।

कांग्रेस के युवा नेता जयदीप शर्मा ने हाल ही में मातर पंचायत के अगड़ीवाला गांव में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनका दुख-दर्द साझा किया। इस आपदा में सात परिवारों के घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं। प्रशासन ने इन बेघर परिवारों को पिछले तीन दिनों से हरिपुर खोल के एक स्कूल में अस्थायी रूप से ठहराया हुआ है।

जयदीप शर्मा ने मैहरा और हरिजन बस्ती का दौरा कर प्रत्येक पीड़ित परिवार से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। उन्होंने उनकी समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी इस कठिन घड़ी में आपके साथ खड़ी है। हम सुनिश्चित करेंगे कि सभी प्रभावित परिवारों को फिर से बसाया जाए और उनका जीवन सामान्य हो सके। उन्होंने अपनी ओर से पीड़ितों को फल और खाद्य सामग्री भी वितरित की। साथ ही समाज के प्रतिष्ठित और सक्षम लोगों से अपील की कि वे भी आगे आकर इस संकट में मदद करें। उन्होंने कहा, ऐसे समय में दूसरों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य है।

इस अवसर पर नौशाद अली, मीना कुमारी, प्रवीण कुमार, निखिल सोडा, हर्ष मेहरा, योगेश और सतपाल ठाकुर सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे। लोगों ने जयदीप शर्मा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में उनका साथ बड़ा सहारा बना है।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा के 4 जिलों में 9 अवैध कॉलोनियों को किया वैध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश की नौ और अवैध कॉलोनियों को वैध कर दिया है। जिलें से आई रिपोर्ट के बाद यह निर्णय लिया गया है। ये सभी कालोनियां शहरी स्थानीय निकायों की हद से बाहर हैं, लेकिन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के दायरे में आती हैं। ऐसे में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह की ओर से वीरवार को इन कॉलोनियों को नियमित करने का नोटिफिकेशन जारी किया गया। चरखी दादरी जिला के भैरवी में 7.17 एकड़ क्षेत्रफल में बनी बैनाम कॉलोनी को नियमित घोषित किया है। इसी तरह से दादरी के ढाणी फोगाट के प्रेम नगर को वैध घोषित किया है। ढाणी फोगाट का एरिया करीब 36 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है। गोहाना की एकता कॉलोनी और देवीपुरा कालोनी, एक्सटेंशन के साथ-साथ सोनीपत के बैयांपुर में बसी मोहन नगर कालोनी तथा हरसाना कलां की रोज वैली स्कूल कालोनी को नियमित किया है। इन तीनों कॉलोनियों का क्षेत्र 20 एकड़ के लगभग है। रेवाड़ी जिला के चांदपुर में सरस्वती विहार को सरकार ने नियमित घोषित किया है। यह एरिया साढ़े 28 एकड़ से अधिक का है। इसी तरह से झज्जर के सराय औरंगाबाद के जेबीजी बिल्डकॉन और शांति विहार को सरकार ने वैध घोषित किया है। इनका क्षेत्रफल करीब अढ़ाई एकड़ का है। जिला स्तरीय संवीक्षा समिति की रिपोर्ट के बाद यह निर्णय लिया गया है। कालोनियों के वैध घोषित होने के बाद अब इनमें प्रॉपर्टी की खरीदो-फरोख्त हो सकेगी।

### जैन समाज के पर्व के चलते 28 तक बूचड़खाने बंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में जैन समाज के 'होली पर्व' के मद्देनज़र 20 से 28 अगस्त तक सभी बूचड़खाने बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने सभी नगर निगम आयुक्तों और जिला पालिका आयुक्तों को इस संबंध में पत्र लिखा है। दूसरी ओर, नूंह के कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने विधानसभा के मानसून सत्र में बूचड़खानों की स्थापना और नियमों पर सवाल उठाए हैं। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने जैन समाज के आग्रह पर 20 से 28 अगस्त तक बूचड़खाने बंद करने का फैसला लिया है, जैसा कि पिछले साल भी किया गया था। यह पर्व जैन समाज के लिए महत्वपूर्ण है और इस दौरान मांस बिक्री पर रोक लगाई जाती है। विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है। वहीं, नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने विधानसभा सत्र में बूचड़खानों से संबंधित सवाल उठाए हैं। उन्होंने सवाल किया कि 2014 के बाद से प्रदेश में कितने बूचड़खाने स्थापित हुए हैं। वहीं जनवरी-2015 से 2025 तक की अवधि में नूंह जिला में स्थापित बूचड़खानों की संख्या पर भी उन्होंने जानकारी मांगी है। साथ ही, यह भी सवाल उठाया है कि सरकार ने किन मानदंडों और नियमों के तहत बूचड़खानों को परमिशन दी है।

### गुरुग्रामः युवक ने लिफ्ट में गर्दन फंसाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** यहां आर्थिक तंगी झेल रहे एक युवक ने आत्महत्या का एक अजीब तरीका निकाला। उसने लिफ्ट में गर्दन फंसाकर आत्महत्या कर ली। युवक का नाम राजेश सिंह है। वह राजस्थान के चुरू का रहने वाला था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि शव को पोस्टमार्टम हाउस रखवा दिया गया है और परिजनों को सूचना दे दी है। जानकारी के अनुसार युवक राजेश सिंह सेक्टर-34 स्थित मार्बल मार्केट में एक दुकान में काम करता था। दुकान में भारी सामान को एक मंजिल से दूसरी मंजिल तक ले जाने के लिए लिफ्ट का उपयोग किया जाता है। बताया जा रहा है कि राजेश सिंह काफी समय से आर्थिक तंगी झेल रहा था। गुरुवार को उसने उसी लिफ्ट में गर्दन फंसाकर आत्महत्या कर ली, जिसमें वह रोज मार्बल का सामान ढोने का काम करता था।

### सोशल मीडिया अकाउंट पर भड़काऊ पोस्ट करने वाला दबोचा

**अनंत ज्ञान, हिसार।** हांसी शहर पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान हांसी की अंबेडकर कॉलोनी निवासी सोनू के रूप में हुई है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने बताया कि आरोपित ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भड़काऊ पोस्ट कर दी थी। इस पर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने चेताया कि भविष्य में भी भड़काऊ पोस्ट डालने व माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीएम सैनी का ऐलान-हरियाणा में बनेगा स्टेट इंटरप्रेन्योरशिप कमीशन

## बोले-स्टार्टअप 5 करोड़ रुपए का कर रहे टर्नओवर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को हिसार दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्टेट लेवल कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में सीएम सैनी कृषि व्यवसाय इनक्यूबेशन केंद्र द्वारा सिलेक्ट किए गए 22 स्टार्टअप को 114.3 लाख रुपए के सब्सिडी चेक दिए। सीएम नायब सैनी ने कार्यक्रम में युवाओं की ऊर्जा को विकसित भारत और विकसित हरियाणा की नींव बताया।

विश्व उद्यमिता दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए सीएम ने राज्य में युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 'हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग' की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा– उद्देश्य केवल व्यवसाय शुरू करना या पैसा कमाना नहीं हैं, बल्कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है। इसकी शुरुआत विचार से होती है कज उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं के लिए और उन्हें रोजगार परक बनाने की दिशा में काफी कदम उठाए हैं। डेढ़ लाख से ज्यादा भारत में स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके है। शहरों में ही नहीं, बल्कि इन स्टार्टअप ने गांव से निकल कर विश्व मे काम किया है। डिग्री के साथ साथ हुनर का होना जरूरी है, देश में प्रधानमंत्री कौशल रोजगार योजना भी इसी दिशा में काम कर रही, ताकि युवाओं की स्किल्स बढ़ सकें। सीएम ने कहा कि हरियाणा भारत में स्टार्टअप के रूप में 7वें नंबर पर है। हमने हरियाणा को स्टार्टअप का हब बनाने का संकल्प लिया हैं। प्रदेश में स्टार्टअप की संख्या को तीन गुना बढ़ाने का निर्णय लिया हैं, इसलिए बजट में भी विशेष प्रावधान किया है। आने वाले समय के अंदर हरियाणा के बड़े उद्यमियों से एमओयू साइन करके स्टार्टअप के साथ जोड़ेंगे। हरियाणा में 10 नई आईएमटी बनेगी, जिससे हरियाणा के युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## भिवानी में इंटरनेट बहाली के आदेश, मनीषा मौत मामले में होगी सीबीआई जांच

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मनीषा मौत मामले में पिछले दो दिनों से बंद इंटरनेट सेवाएं बहाली को लेकर गुरुवार शाम को हरियाणा सरकार की गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने नए आदेश दिए हैं। जिनमें भिवानी में बंद इंटरनेट सेवाओं को बहाल किए जाने का हवाला दिया गया है। लेकिन पत्र में यह नहीं स्पष्ट किया है कि किस समय तक इंटरनेट सेवाएं बहाल होंगी। बता दें कि सोशल मीडिया और यूट्यूब पर मनीषा मौत मामले में भ्रामक सूचनाओं को लेकर इंटरनेट सेवाओं पर 19 अगस्त को रोक लगाई गई थी। गुरुवार सुबह मनीषा का गांव ढाणी लक्ष्मण में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसके बाद पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने भी भिवानी में प्रेसवार्ता कर मनीषा मौत मामले में सीबीआई को जांच सौंपने की तैयारी की जानकारी दी। इसके बाद उपायुक्त साहिल गुप्ता ने इंटरनेट सेवाएं बहाल किए जाने का अनुरोध किया। फिलहाल भिवानी में स्थिति सामान्य बनी है।

## हरियाणा अस्तित्व में तो आया, पर उसकी समृद्ध पहचान विकसित नहीं हो सकी: चोपड़ा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




हरियाणा राज्य के एक और महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर 'हरियाणा बनाओ अभियान' द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य के नेताओं और विशेषज्ञों ने प्रदेश सरकार से हरियाणा के लिए एक अलग राजधानी और उच्च न्यायालय की स्थापना की मांग की।

पूर्व उप सचिव एमएस चोपड़ा ने कहा कि हरियाणा को अपनी समृद्ध सभ्यता, संस्कृति, और गौरवशाली इतिहास के बावजूद एक सशक्त और पहचान बनाने के लिए अलग राजधानी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के लोगों के पास अपनी विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में कोई केंद्रीय स्थान नहीं है। चोपड़ा ने यह भी कहा कि राज्य के अविकसित क्षेत्रों के लिए नई राजधानी का निर्माण विकास को गति देने में अहम भूमिका निभा सकता है।

हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव एससी चौधरी ने राजधानी और उच्च न्यायालय के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य के दूरदराज क्षेत्रों से लोगों को प्रशासनिक और न्यायिक सेवाओं तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और पैसा दोनों की बर्बादी होती है। लोकगायक महावीर ने भी राज्य की विशिष्ट पहचान के लिए अलग राजधानी और उच्च न्यायालय की आवश्यकता की बात की। उन्होंने कहा कि राज्य का समग्र विकास तब ही संभव है जब राजनीतिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक शक्तियों का केंद्रीकरण किया जाए।

अधिवक्ताओं के लिए हरियाणा की अलग बार काउंसिल और सेवानिवृत्ति लाभ की मांग की गई, ताकि वकीलों का कल्याण सुनिश्चित हो सके। सभी नेताओं और विशेषज्ञों ने एक स्वर में कहा कि हरियाणा की अलग पहचान बनाने के लिए एक नई राजधानी और उच्च न्यायालय की स्थापना आवश्यक है।

## भाजपा ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी शून्य करने के प्रस्ताव का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भाजपा चंडीगढ़ मंत्रियों के समूह (जीओएम) के उस प्रस्ताव का हार्दिक स्वागत करती है, जिसमें व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को शून्य करने की बात कही गई है। यह साहसिक कदम, जिसे जीएसटी परिषद की स्वीकृति मिलनी शेष है। इस तथ्य को आगे बढ़ाता है कि मोदी सरकार का लगातार ध्यान लोगों की जेब में पैसा वापस डालने पर है, न कि उनसे और अधिक वसूलने पर। यह प्रस्ताव हर भारतीय परिवार के लिए आवश्यक सुरक्षा (इंश्योरेंस) को अधिक सुलभ बना देगा। यह बात डॉ. धरिंदर तायल, मुख्य प्रवक्ता, बीजेपी चंडीगढ़ ने कही। 'गिव बैक' का यह रिकॉर्ड और प्रमुख राहत कदम बहुत बड़े राजकोषीय भार के साथ आते हैं, जिसे सरकार स्वयं वहन कर रही है। बजट '25 की आयकर राहत के तहत ₹12 लाख तक शून्य कर से लगभग एक लाख करोड़ रुपए की प्रत्यक्ष कर राहत का अनुमान है।

इसी प्रकार, स्वतंत्रता दिवस पर घोषित 'दीवाली गिफ्ट' जीएसटी रेशनलाइजेशन से वार्षिक लगभग 1.1 लाख करोड़ रुपए के राजस्व त्याग का अनुमान है। अब, जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर प्रस्तावित जीएसटी माफी से लगभग 9,700 करोड़ रुपए के राजस्व प्रभाव का संकेत मिलता है, स्वीकृति मिलते ही यह सीधे पॉलिसीधारकों की बचत बनेगा।

## प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ नगर निगम के कचरा प्रबंधन मॉडल का किया अध्ययन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के प्रतिनिधियों ने वीरवार को नगर निगम चंडीगढ़ का दौरा किया, जहां उन्हें ठोस और तरल कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में नगर निगम द्वारा अपनाए गए सर्वोत्तम उपायों और अभिनव पहलुओं को समझने का मौका मिला। महापौर हरप्रीत कौर बबला और आयुक्त अमित कुमार के नेतृत्व में नगर निगम अधिकारियों ने आगंतुकों का स्वागत किया। दौरे के दौरान, प्रतिनिधियों ने कचरा पृथक्करण केंद्रों, कंपोस्टिंग इकाइयों, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्रों और निर्माण एवं विध्वंस कचरे के संयंत्र का अवलोकन किया। नगर निगम के अधिकारियों ने प्रतिनिधियों को बताया कि कैसे चंडीगढ़ ने घर-घर कचरा पृथक्करण, वैज्ञानिक प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और सीएंडडी कचरे का सतत निस्तारण की प्रणाली लागू की है। आगंतुकों ने इस मॉडल की सराहना की और इसे अपने राज्यों में लागू करने की इच्छा जताई।

## समालखा में पालिका की जमीन पर अस्पताल ने किया अवैध कब्जा

**अनंत ज्ञान, पानीपत**

पानीपत स्थित समालखा के जीटी रोड पर बने एसएमएच सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को कानूनी तौर पर एक बड़ा झटका लगा है। अस्पताल का नक्शा रद्द कर दिया गया है, और इसमें शामिल अधिकारियों और नक्शा नवीश की भूमिका की जांच शुरू कर दी गई है।

एसडीएम कोर्ट के आदेश के बाद, अस्पताल प्रशासन को सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया। शिकायतकर्ता पीपी कपूर ने दावा किया कि अस्पताल ने 2023 के अंत में आर्किटेक्ट अंकित देसवाल के माध्यम से नगर पालिका अधिकारियों से मिलीभगत करके नक्शा पास कराया। इस दौरान अस्पताल के निर्माण कार्य की किसी तरह की जांच नहीं की गई, और अस्पताल ने पालिका की 635 गज सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया। अस्पताल ने 7 जून से बिना ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट के संचालन शुरू कर दिया था, लेकिन आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर द्वारा इस मामले को उठाए जाने पर मंत्री अरविंद शर्मा ने उद्घाटन रद्द कर दिया था। जिला उपायुक्त वीरेंद्र दहिया के आदेश पर 30 जुलाई को अस्पताल का नक्शा रद्द कर दिया गया।

पीपी कपूर के अनुसार, अस्पताल ने बिना अनुमति के सरकारी जमीन पर कब्जा किया और गलत तरीके से प्रॉपर्टी आईडी बनवाई। साथ ही, स्वीकृत नक्शे से विपरीत निर्माण किए और पार्किंग व्यवस्था भी नहीं की।

अब, एसडीओ समालखा शिव कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर कब्जा हटाने के आदेश दिए गए हैं, और सीएम फ्लाइंग स्क्वायड ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर पालिका सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि कब्जाई गई भूमि को मुक्त कर दीवार बनाने की अनुमति प्राप्त कर ली गई है।

## देश-विदेश

# भारत और चीन लिपुलेख पास से एक बार फिर शुरू करेंगे व्यापार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला 18-19 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान हुआ। बातचीत में लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया।

**नेपाल ने सीमा विवाद को लेकर विरोध जताया**

नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई है। उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। इस पर भारत ने बुधवार को लिखित जवाब में कहा कि लिपुलेख के रास्ते 1954 से व्यापार हो रहा है, जो हाल के सालों में कोरोना और अन्य वजहों से रुका था। अब दोनों देशों ने इसे फिर शुरू करने का फैसला किया है। भारत का कहना है कि नेपाल के क्षेत्रीय दावे ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। ये एकतरफा दावे मान्य नहीं हैं। भारत ने नेपाल के साथ सीमा विवाद को बातचीत और डिप्लोमेसी से हल करने की इच्छा जताई है। (अनंत ज्ञान)

### नेपाली पीएम केपी ओली अगले महीने आएंगे भारत



**नेपाल** के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सितंबर में भारत दौरे पर आएंगे। वह 16 सितंबर को भारत पहुंचेंगे। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री गत 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे थे और प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की थी।

## ताजमहल तक पहुंचा यमुना नदी का पानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिस्से महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। दोनों राज्यों में आज रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में यमुना के कारण कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। 40 गांव अलर्ट पर हैं। मथुरा में यमुना नदी कटान के बाद अपना मूल रास्ता छोड़कर दो किमी दूर बह रही हैं। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड के कारण बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थाना और सोनागढ़ के पास ब्लॉक है। यमुनात्री हाईवे भी नारदचट्टी के पास बंद है। कुथनौर में ट्रैफिक शुरू हो गया है। बाकी जगहों पर मलबा हटाने का काम जारी है। गुजरात के तटीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# स्पेस मिशन में डर लगता है, लेकिन हमारे पीछे भरोसेमंद टीम : शुभांशु

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने कहा कि एक्सियम मिशन के तहत हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में दो हफ्ते रहे। मैं मिशन पायलट था, मैं कमांडर था मैं सिस्टम को कमांड कर रहा था। स्टेशन में दो हफ्ते के दौरान हमने कई एक्सपेरिमेंट किए। कुछ तस्वीरें लीं। इसके लिए हमने कई ट्रेनिंग ली। यह एक अलग ही अनुभव था।

दिल्ली में मीडिया सेंटर में प्रेस को संबोधित करते हुए शुभांशु ने कहा कि अगर हम कहें कि डर कभी नहीं लगता, यह कहना गलत होगा। डर सबको लगता है, लेकिन हमारे पीछे एक भरोसेमंद टीम होती है, जिसे हम अपनी जिंदगी सौंप देते हैं। (अनंत ज्ञान)

### शुभांशु का अगला मिशन इसरो का 'गगनयान'

**शुभांशु** का अगला मिशन गगनयान होगा। यह इसरो का ह्यूमन स्पेस मिशन है। इसके तहत 2027 में स्पेसक्राफ्ट से वायुसेना के तीन पायलट्स को स्पेस में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किमी के ऑर्बिट पर 3 दिन रहेंगे, जिसके बाद हिंद महासागर में स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कराई जाएगी। मिशन की लागत करीब 20,193 करोड़ रुपए है। गगनयान मिशन के लिए अभी वायुसेना के चार पायलट्स को चुना गया है, जिनमें से एक ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला हैं। शुभांशु इसीलिए एक्सियम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए थे। गगनयान के जरिए पायलट्स को स्पेस में भेजने से पहले इसरो दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजेगा। तीसरी फ्लाइट में रोबोट को भेजा जाएगा। इसकी सफलता के बाद चौथी फ्लाइट में इंसान स्पेस पर जा सकेंगे। पहली टेस्ट फ्लाइट इस साल के अंत तक भेजी जा सकती है।

## दिवाली-छठ पर चलाई जाएंगी 12000 स्पेशल ट्रेनें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बिहार में इल साल चुनाव भी होने हैं और चुनाव से पहले दिवाली और छठ का त्योहार भी मनाया जाएगा इसी बीच रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दिवाली और छठ के मौके पर बिहार लौटने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि इस बार दिवाली और छठ के त्योहार पर लोगों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे 12000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। पटना में इसके लिए एक रिंग रेलवे नेटवर्क भी बनाया जाएगा। हालांकि अभी इस बात की पूरी जानकारी नहीं आई है कि किस रूट के लिए कितनी ट्रेनें चलाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)



## एनआईए की तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर रेड

**एजेंसी, चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापेमारी की है। एनआईए की टीमों ने बुधवार सुबह राज्य के दो जिलों में इन नौ ठिकानों पर छापेमारी की, ताकि रामलिंगम की नृशंस हत्या से संबंधित मामले आरसी-06/2019/एनआईए/डीएलआई में फरार घोषित अपराधियों (पीओ) का पता लगाया जा सके। तलाशी के दौरान एनआईए ने कोडाईकनाल स्थित अंबुर बिरयानी होटल्स के मालिक इम्थातुल्लाह को 2021 से अपने होटल आउटलेट्स में जानबूझकर और स्वेच्छा से फरार अपहर्ताओं को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया। डिंडुगल और तेनकासी जिलों में की गई तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण आदि भी जब्त किए गए। (अनंत ज्ञान)

## चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने किया तिब्बत का दौरा



**एजेंसी, बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 अगस्त को तिब्बत की राजधानी ल्हासा पहुंचे। यहां उन्होंने तिब्बत पर चीनी कब्जे की 60वीं सालगिरह मनाई। यह जिनपिंग का 12 सालों में 2 तिब्बत दौरा है। इस दौरान उन्होंने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और तिब्बत में काम कर रहे प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इससे पहले जिनपिंग ने गलवान में भारतीय सेना से झड़प के बाद 2021 में इस क्षेत्र का दौरा किया था।तिब्बत पर चीन ने 1950 में कब्जा किया था और 1965 से आधिकारिक तौर पर इस इलाके का शासन कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 142 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,083.75 पर पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई**

शेयर बाजारों में वीरवार को लगातार छठे दिन तेजी का सिलसिला जारी रही। इसमें आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी का जोर रहा। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और हाल ही में क्रेडिट रेटिंग में सुधार से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। निवेशकों का ध्यान जैक्सन होल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के आगामी वक्तव्यों की ओर भी गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 143.87 अंक या 0.17 प्रतिशत उछलकर 82000.71 अंक पर बंद हुआ।

वीरवार को कारोबार के दौरान यह 373.33 अंक या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 82,231.17 पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के 14 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.20 अंक या 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,083.75 पर आ गया। (अनंत ज्ञान)

## सोने और चांदी के दामों में तेजी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 21 अगस्त को तेजी रही।



इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोना का दाम 201 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 98,946 रुपए पर था। चांदी की कीमत आज 1,496 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,11,194 रुपए पर थी। (अनंत ज्ञान)

# असम में 18 प्लस आयु वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा: सीएम

## कहा-अवैध प्रवासियों को नागरिकता से रोकने के लिए लिया फैसला

**एजेंसी, दिसपुर**

असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। राज्य के सीएम हिमंत ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं है, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय जनजाति के 18 प्लस आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

### केवल विशेष मामलों में जारी होंगे आधार कार्ड



**सीएम** ने कहा कि असम में कुछ खास वर्गों को छोड़कर बाकी सभी लोगों को आधार कार्ड मिल चुका है। अब नए आधार कार्ड सिर्फ डिप्टी कमिश्नर ही बहुत ही विशेष मामलों में जारी करेंगे, ताकि अवैध घुसपैठियों की ओर से आने वाले आवेदनों पर सख्त निगरानी रखी जा सके। हमने लगातार बांग्लादेशी नागरिकों को सीमा पर वापस भेजा है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी अवैध विदेशी असम में आकर आधार कार्ड न बनवा सके और खुद को भारतीय नागरिक साबित न कर सके। हमने इस रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया है।

**चेतावनी** यूएस की पूर्व राजदूत ने ट्रंप को चेताया-भरोसा टूटा, तो खराब होगी 25 साल की मेहनत

# अमेरिका के भारत संग रिश्ते बिगड़ना बड़ी गलती: निक्की

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत से संबंधों को लेकर ट्रंप प्रशासन को चेतावनी दी है। न्यूजवीक मैगजीन में लिखे अपने आर्टिकल में निक्की ने कहा कि अगर भारत के साथ 25 साल में बना भरोसा टूटता है, तो यह एक रणनीतिक गलती होगी। निक्की ने यह आर्टिकल ट्रंप के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ और उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को सलाह दी है कि वह भारत को एक और लोकतांत्रिक साझेदार माने। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक विवाद को अगर लंबे समय के लिए बढ़ाया गया, तो चीन इसका फायदा उठा लेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीधे पीएम मोदी से बात करें और रिश्तों को फिर से पटरी पर लाएं। (अनंत ज्ञान)

**कहा- डोनाल्ड ट्रंप सीधे पीएम नरेंद्र मोदी से करें बात**

### भारत-अमेरिका के रास्ते अलग, लेकिन मंजिल एक



**निक्की** ने आर्टिकल की शुरुआत रीगन और इंदिरा गांधी के बीच 43 साल पहले हुए एक मुलाकात से की है। उन्होंने लिखा कि जुलाई 1982 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए डिनर रखा था। उस समय उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका दो आजाद देश हैं। कभी-कभी हमारे रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। लेकिन चार दशक बाद आज अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।

### भारत पर तो टैरिफ लगाया, चीन पर नहीं

**निक्की** ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि चीन पर रूस से तेल खरीदने के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि भारत पर अमेरिकी टैरिफ लगाए जा रहे हैं। हेली के मुताबिक यह दिखाता है कि अमेरिका-भारत रिश्तों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। हेली ने कहा कि भारत ही वह देश है जो एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को बैलेंस कर सकता है। पूर्व राजदूत ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा। भारत का यह उभार चीन की महत्वाकांक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### खेल मंत्रालय बोला-अधिनियम से आगामी चुनाव करवाए बीसीसीआई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय चाहता है कि बीसीसीआई सितंबर में होने वाले अपने चुनाव राष्ट्रीय खेल प्रशासन कानून के तहत कराए, लेकिन अगर तब तक नए अधिनियम के नियमों की अधिसूचना जारी नहीं होती है, तो चुनाव उच्चतम न्यायालय द्वारा स्वीकृत लोढा समिति की सिफारिशों के अनुसार भी कराए जा सकते हैं। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा, ''वैसे तो चुनाव अधिनियम के अनुसार ही कराए जाने चाहिए, लेकिन अगर तब तक इसके नियमों की अधिसूचना जारी नहीं होती है तो वे लोढा समिति की सिफारिशों के तहत भी करा सकते हैं।'' सूत्र ने कहा, ''एक बार नियमों की अधिसूचना जारी होने पर बीसीसीआई समेत सभी राष्ट्रीय महासंघों को इसके अनुसार चुनाव कराने होंगे।'' लोढा समिति की सिफारिशों के तहत पदाधिकारियों की आयुसीमा 70 वर्ष के भीतर रहनी चाहिए, लेकिन नए अधिनियम में 70 से 75 वर्ष के बीच के उम्मीदवार भी चुनाव लड़ सकते हैं। अगर अंतरराष्ट्रीय महासंघ के नियम इसकी अनुमति देते हैं। आईसीसी के नियमों में पदाधिकारियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है।'' बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी का कार्यकाल उनके 70 वर्ष का होने के साथ खत्म हो गया लेकिन बोर्ड ने अभी तक अंतरिम अध्यक्ष का ऐलान नहीं किया है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने सांवैधानिक संशोधन को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई के बीच अपने चुनाव कराए। इस संशोधन के तहत भाजपा सांसद और पूर्व खेलमंत्री अनुराग ठाकुर को अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने से रोक दिया। खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ ने चुनाव में अपना पर्यवेक्षक नहीं भेजा। (अनंत ज्ञान)

### श्रुति, सारिका और काजल अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, समोकोव (बुल्गारिया)।** भारत ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिसमें पहलवान श्रुति, सारिका और काजल ने वीरवार को अपने भार वर्गों के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए। श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की। सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की। अब उनका मुकाबला यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से होगा। काजल ने 72 किग्रा वर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर एमिली मिहाइलोवा अपोस्टोलोवा को 15-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की कैयरकुल शारशेबायेवा को 7-0 से मात दी। अब स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाने के लिए उनका सामना अमेरिकी पहलवान जैस्मीन डोलोरेस रॉबिन्सन से होगा। रीना (55 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) फाइनल में पहुंच चुकी हैं। दोनों दिन के अंत में स्वर्ण पदक मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। तपस्या (57 किग्रा) पहले ही स्वर्ण और सृष्टि (68 किग्रा) रजत पदक जीत चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

### एना इवानोविच ग्लैमरस अंदाज में

**सर्बिया।** सर्बिया की पूर्व टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविच अपने टेनिस करियर के अलावा अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। इवानोविच अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए भी चर्चा रहती हैं।



# अजीत अगरकर पर बीसीसीआई मेहरबान

## एशिया कप की टीम के ऐलान के बाद साल 2026 तक बढ़ाया कॉन्ट्रैक्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने मंगलवार को एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। अब बीसीसीआई ने चीफ सेलेक्टर के रूप में अगरकर के कार्यकाल को बढ़ा दिया है। अगरकर को साल 2023 में चीफ सेलेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया था। अगरकर के कार्यकाल में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। भारत ने लगभग 10 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी का सूखा अगरकर के कार्यकाल में खत्म किया।

सूत्रों के मुताबिक, अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट आईपीएल 2025 से पहले ही रिन्यू कर दिया गया था। रिपोर्ट में बीसीसीआई के सीनियर अधिकारी ने बताया कि उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते और टेस्ट व टी20 दोनों में बदलाव का दौर भी देखा। बीसीसीआई ने उनका कार्यकाल जून 2026 तक बढ़ा दिया है और उन्होंने कुछ महीने पहले ही इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। (अनंत ज्ञान)



### अगरकर के कार्यकाल में भारतीय टीम का बेहतर प्रदर्शन

**अगरकर** के कार्यकाल में भारती टीम का शानदार प्रदर्शन रहा है। अगरकर साल 2023, जुलाई में चीफ सेलेक्टर के रूप में नियुक्त किए गए थे। इसके बाद भारत ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाया। वहीं, साल 2024 में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप जीता, जबकि 2025 में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।

### चयन समिति में हो सकता है एक बदलाव

**इस** समय सेलेक्शन कमेटी में अगरकर, एसएस दास, सुब्रोतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरथ मौजूद हैं, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर में होने वाली सलाना जनरल मीटिंग में सेलेक्शन कमेटी में बदलाव हो सकता है। साल 2021 में शरथ ने जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में काम किया था और जनवरी 2023 में सीनियर चयन समिति में उनको प्रमोट किया गया था। हालांकि, उनके अब चार साल पूरे हो जाएंगे। बोर्ड उनकी जगह किसी नए चेहरे को ला सकता है।

# रणजी ट्रॉफी से पहले रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारतीय** क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने आधिकारिक तौर पर यह घोषणा कर दी है कि वह अब मुंबई क्रिकेट टीम की कप्तानी नहीं करेंगे।

उन्होंने एक्स पर एक लंबा पोस्ट शेयर करते हुए यह जानकारी दी। रहाणे का मानना है कि अब समय आ गया है कि टीम में नई पीढ़ी के लीडर को तैयार किया जाए और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाए।

दरअसल, 37 साल के अजिंक्य रहाणे, जिन्होंने सयैद मुश्ताक अली ट्रॉफी के आखिरी सीजन में मुंबई की कप्तानी करते हुए टीम को खिताब जिताया था। उन्होंने अब मुंबई टीम की कप्तानी पद छोड़ने का फैसला लिया। रहाणे ने सोशल मीडिया पर यह खबर साझा करते हुए लिखा, ''मुंबई टीम की कप्तानी करना और उसके साथ चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात रही है। नए घरेलू सीजन से पहले मुझे लगता है कि अब किसी नए युवा को तैयार करने का सही समय है, इसलिए मैंने कप्तानी की भूमिका में आगे नहीं रहने का फैसला किया है।'' इसके साथ ही रहाणे ने लिखा कि मैं पूरी तरह से तैयार हूं बतौर प्लेयर अपना बेस्ट देने के लिए और मैं मुंबई के साथ अपनी जर्नी को जारी रखूंगा और टीम को और ज्यादा ट्रॉफी जिताने में मदद करूंगा।

बता दें कि रहाणे की लीडरशिप में मुंबई में घरेलू क्रिकेट में खूब उपलब्धियां हासिल की, जिसमें सयैद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतना शामिल है। उस टूर्नामेंट में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने थे। उन्होंने टीम को रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचाया, लेकिन विदर्भ की टीम से उन्हें 90 रन से हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### नैहरनपुखर के सिद्धांत भाटिया ने रचा इतिहास

# राज्य पैरा एथलेटिक्स ट्रायल में अव्वल अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे अपना दम



**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** संघर्षों के बीच जब हौसले मजबूत हों तो जीत की राह खुद-ब-खुद बन जाती है। इसका ज्वलंत उदाहरण डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर से कक्षा 10वीं के छात्र सिद्धांत भाटिया ने पेश किया है। हिमाचल प्रदेश पैरा-स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से राजकीय डिग्री कॉलेज अनु, हमीरपुर के सिंथेटिक ट्रैक पर 16 व 17 अगस्त को आयोजित राज्य पैरा एथलेटिक्स ट्रायल-2025 में सिद्धांत ने अपने जज्बे और मेहनत से सबको चौंका दिया।

सिद्धांत ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान और 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यही नहीं, उनके इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अब 14वीं राष्ट्रीय पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने भावुक शब्दों में कहा कि सिद्धांत की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। इसकी मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया है कि यदि मन में विश्वास और दृढ़ संकल्प हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। (अनंत ज्ञान)

### स्वियातेक-रूड का फाइनल में मुकाबला इरानी और वावसोरी से



**न्यूयॉर्क।** इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल खिताब और 10 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के लिए फाइनल में गत चैंपियन सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी का सामना करेंगे। स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावस्सोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे। (अनंत ज्ञान)

# बासित अली ने पीसीबी के फैसले को बताया 'मजाक'

**एजेंसी, लाहौर**

पूर्व पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार बासित अली ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के हालिया फैसले पर असंतोष व्यक्त किया है। पीसीबी ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की कैटेगरी-ए में किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया और मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को कैटेगरी-बी में डाल दिया। बासित का मानना था कि सलमान अली आगा को टॉप कैटेगरी में होना चाहिए था और उन्होंने इसे 'मजाक' करार दिया। इसके अलावा, उन्होंने आगामी भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर भी पीसीबी के फैसले पर टिप्पणी की।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पिछले साल के प्रदर्शन को लेकर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को सजा दी है। पीसीबी ने उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की कैटेगरी-बी में रखा, जबकि सलमान अली आगा को कैटेगरी-सी से प्रमोट कर बी में लाया गया। साथ ही, साइम अयूब और हारिस रऊफ को भी प्रमोशन मिला। पीसीबी ने इस निर्णय से साफ संकेत दिया है कि खिलाड़ियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था और उन्हें सुधार की आवश्यकता है। (अनंत ज्ञान)



### सलमान अली आगा को टॉप कैटेगरी में नहीं रखने पर जताई नाराजगी

### अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट

# इरानी-वावसोरी फिर बने चैंपियन



### इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराकर अपना मिश्रित युगल खिताब रखा बरकरार

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक कड़े फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा।

इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया। इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने पहले इस नए प्रारूप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया। वावसोरी ने कहा, ''मुझे लगता है कि इतने सारे दर्शकों के सामने इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।'' इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिंस और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे। (अनंत ज्ञान)

## सिंकफील्ड कप: गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली



**एजेंसी, सेंट लुई ( अमेरिका )**

विश्व चैंपियन डी गुकेश को यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका, जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे। प्रज्ञाननंदा ने लगातार दूसरी बाजी ड्रॉ खेली, लेकिन इसके बावजूद वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।

दिन की एकमात्र निर्णायक बाजी में कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। अरोनियन को फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने ड्रॉ पर रोका, जबकि एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ के साथ अंक बांटे।

इस 3,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी छह राउंड खेले जाने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। उनके बाद वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश का नंबर आता है जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डुडा एक अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव ने यहां अपने पहले तीन मैचों में आधा अंक हासिल कर खाता खोला है।



### सलीमा एशिया कप के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान

**नई दिल्ली।** अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को पांच से 14 सितंबर तक चीन के हांगझोउ में होने वाले एशिया कप के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बनाए रखा गया है। यह टूर्नामेंट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके विजेता को 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। भारत अपना पहला मैच पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ खेलेगा, इसके बाद 6 सितंबर को जापान से और 8 सितंबर को सिंगापुर से भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)



### वर्ल्ड बॉक्सिंग ने महिला मुक्केबाजों का लिंग परीक्षण किया अनिवार्य

**लॉस एंजिलिस।** ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने आगामी विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण को अनिवार्य कर दिया है। यह टेस्ट, प्रतियोगियों के जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) टेस्ट या आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरने का आदेश देगा। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने यह घोषणा करते हुए कहा कि यह नियम सितंबर में इंग्लैंड के लिवरपूल में आयोजित होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किया जाएगा। यह टेस्ट जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान करेगा। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा कि हम सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करते हैं और समावेशी होने की कोशिश करते हैं, लेकिन मुक्केबाजी जैसे खेल में सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है और इसलिए यह नियम बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### आकाश चोपड़ा ने हर्षित राणा के चयन पर उठाए सवाल, बोले-

# एशिया कप में जगह बनाने के लायक नहीं है उनका प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**एशिया** कप 2025 के लिए बीसीसीआई के सेलेक्टर्स द्वारा घोषित की गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। श्रेयस अय्यर और मोहम्मद सिराज को जगह न मिलने पर आलोचना हो रही है, जबकि शुभमन गिल के चयन पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। इसी बीच, भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा के चयन पर आपत्ति जताई है। चोपड़ा ने कहा कि हर्षित का प्रदर्शन इस स्तर की टीम में जगह बनाने के लायक नहीं था, और उनका चयन एक सवाल खड़ा करता है।

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि हर्षित राणा का चयन दिलचस्प है क्योंकि उन्होंने एक मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसमें शिवम दुबे का रिप्लेसमेंट बनकर तीन विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी जीता। हालांकि, चोपड़ा ने यह भी सवाल उठाया कि इसके बाद और पहले उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा। आईपीएल 2024 में हर्षित का प्रदर्शन साधारण रहा और उनके आंकड़े भी टीम में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

चोपड़ा ने कहा कि अगर हालिया प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए चयन करना था, तो मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को तरजीह दी जानी चाहिए थी। उनके मुताबिक, सिराज को इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद सम्मान मिलना चाहिए था, लेकिन चयनकर्ताओं ने हर्षित राणा को प्राथमिकता दी। (अनंत ज्ञान)



### प्रो कबड्डी लीग-12: पिछले सीजन में सबसे ज्यादा रेड प्वॉइंट्स के साथ रहे थे टॉप स्कोरर

# दबंग दिल्ली ने फिर आशु मलिक को सौंपी कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के लिए दबंग दिल्ली केसी ने आशु मलिक को अपना कप्तान बरकरार रखने का फैसला किया है। मैट पर 22 साल के आशु मलिक के प्रदर्शन में निरंतरता, परिपक्वता और जुझारूपन को देखते हुए ही दबंग दिल्ली ने एक बार फिर से बतौर कप्तान उन पर भरोसा जताया है। ज्ञात हो कि आशु ने पिछले साल बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया था। बतौर खिलाड़ी और कप्तान दबंग दिल्ली के लिए वह बेहद अहम साबित हुए थे। सीजन का समापन उन्होंने सबसे ज्यादा रेड प्वॉइंट्स के साथ लीग के शीर्ष स्कोरर के रूप में किया था। (अनंत ज्ञान)



### आशु के नेतृत्व में हमें ट्रॉफी जीतने का पूरा भरोसा

**दबंग** दिल्ली केसी के सीईओ प्रशांत मिश्रा ने बताया कि यह सीजन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम लगातार छह प्लेऑफ प्रदर्शनों से आगे बढ़ते हुए बड़ी सफलता हासिल करना चाहते हैं। इसके लिए न केवल हमारे खिलाड़ियों के प्रयास की आवश्यकता है, बल्कि मैदान पर मजबूत नेतृत्व की भी आवश्यकता है। आशु इस भूमिका में पूरी तरह से ढल गए हैं। उन्होंने लचीलापन, परिपक्वता और टीम को प्रेरित करने की क्षमता दिखाई है। उनके नेतृत्व में हमें ट्रॉफी जीतने का पूरा भरोसा है।

### कोच बोले-आशु लगातार कर रहे हैं अच्छा प्रदर्शन

**टीम** के कोच जोगिंद्र नरवाल ने कहा कि आशु लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और एक मजबूत नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे हैं। मुझे भरोसा है कि इस साल फिर से वह टीम का मार्गदर्शन करेंगे। हमारा लक्ष्य प्लेऑफ से आगे बढ़ते हुए खिताब के लिए संघर्ष करना है।

**पिछले सीजन सेमीफाइनल में मिली थी हार:** पीकेएल 8 की विजेता दबंग दिल्ली आशु मलिक की कप्तानी में नए दृढ़ संकल्प और महत्वाकांक्षा के साथ पीकेएल 12 में कदम रखने के लिए तैयार है। लगातार छह प्लेऑफ खेलने वाली दबंग दिल्ली का सफर पिछले सीजन सेमीफाइनल में हार के साथ समाप्त हो गया था।